राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, रविवार, 29 जून 2026
वर्ष 07, अंक 262, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश , असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

सरकारी जमीन पर लाखों की बनी कोठी पर मौखिक कार्यवाही कर तहसीलदार लूट रहे वाहवाही...02

गंगा एक्सप्रेस-वे के पास सरकारी तालाब में अवैध खनन का आरोप, जांच की उठी मांग..11

## गुंडा दमन, ओबीसी और यूसीसी... चार बड़े बिलों से बदल जाएगा बंगाल का कानूनी ढांचा? कल विधानसभा में होंगे पेश

**● पश्चिम बंगाल विधानसभा में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी चार अहम बिल पेश करने वाले हैं, जिनमें यूसीसी, ओबीसी आरक्षण और गुंडा दमन से जुड़े कानून शामिल हैं. यूसीसी मुख्य आकर्षण है, जिसे भाजपा ने चुनावी वादा किया था और अब तेजी से लागू करने की तैयारी है. विपक्षी दल इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं, इसे सवैधानिक नैतिकता के खिलाफ बता रहे हैं. यह राज्य के कानूनी ढांचे में बड़ा बदलाव ला सकता है**




पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सोमवार को पहले से तय शेड्यूल के मुताबिक, विधानसभा में चार बिल (पिछड़ा वर्ग आयोग संशोधन बिल, रंगदारी और गुंडों पर लगाम लगाने से जुड़े दो बिल और ओबीसी आरक्षण संशोधन बिल) पेश कर सकती हैं, लेकिन इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या सोमवार को विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी ) से जुड़ा बिल पेश किया जाएगा? संभावना है कि शुभेंदु अधिकारी सोमवार को विधानसभा में यूसीसी बिल पेश कर सकते हैं। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के 15 साल के राज को खत्म करने के दो महीने से भी कम समय में बीजेपी सरकार सोमवार को विधानसभा में अपने सबसे अहम और राजनीतिक रूप से विवादित वादों को पूरा करने की तैयारी कर रही है, हालांकि विपक्षी पार्टियां इनका विरोध कर रही हैं. यह प्रस्तावित कानून, जो धर्म की परवाह किए बिना शादी, तलाक, विरासत और गोद लेने को कंट्रोल करने वाला एक कॉमन सिविल फ्रेमवर्क बनाने की वकालत करता है और यदि सोमवार को बंगाल विधानसभा में यह बिल पेश हुआ और पश्चिम बंगाल देश का चौथा राज्य हो जाएगा, जो इस बिल को पारित करेगा।

**बंगाल में यूसीसी की दस्तक**

बीजेपी ने चुनाव प्रचार के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि सभी नागरिकों पर एक ही तरह के सिविल कानून लागू होने चाहिए. चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वादा किया था कि बीजेपी सरकार सत्ता में आने के छह महीने के अंदर पश्चिम बंगाल में यूसीसी लागू करेगी, और इसे धर्म के बावजूद कानून के सामने बराबरी पक्का करने के मकसद से उठाया गया कदम बताया था।

यह कानून शादी, तलाक, उत्तराधिकार, विरासत और गोद लेने जैसे मामलों में धर्म पर आधारित पर्सनल लॉ को सभी नागरिकों पर लागू होने वाले एक कॉमन कानूनी ढांचे से बदलने की कोशिश करता है, जबकि कुछ कैटेगरी के लिए उपलब्ध संवैधानिक छूट को बनाए रखता है, हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री ने छह महीने की समय सीमा तय की थी, लेकिन यह बिल मात्र दो महीने से पहले कार्यकाल में पेश होने के लिए तैयार है. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को औपचारिक रूप से मौजूदा सत्र के दौरान यूसीसी पेश करने का संकेत दिया. उन्होंने कहा कि जिस तरह से इसे (यूसीसी) गुजरात, उत्तराखंड और असम में एक प्रक्रिया का पालन करके लागू किया गया था. उसी तरह, इसे पश्चिम बंगाल में भी लागू किया जाएगा. मैं सोमवार को विधानसभा को इसकी जानकारी दूंगा।

**यूसीसी से आदिवासी समाज को मिलेगी छूट**

उनकी बातों से अब तक का सबसे साफ इशारा मिला कि बीजेपी सरकार अपने खास चुनावी वादों में से एक पर तेजी से आगे बढ़ना चाहती है और बंगाल के फ्रेमवर्क को दूसरे बीजेपी-शासित राज्यों में अपनाए गए तरीकों के हिसाब से बनाना चाहती है।

बिल पेश होने से पहले, राज्य भाजपा के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने प्रस्ताव से जुड़ी एक मुख्य चिंता को दूर करने की कोशिश की, और कहा कि संवैधानिक रूप से सुरक्षित आदिवासी समुदाय इसके दायरे से बाहर रहेंगे. समिक भट्टाचार्य ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'यूसीसी पर भाजपा की स्थिति पुरानी और साफ है. यह हमारे राजनीतिक कमिटमेंट और चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा है.' उन्होंने कहा कि संविधान के आर्टिकल 366(25) और 342 के तहत मान्यता प्राप्त अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को प्रस्तावित कानून से छूट मिलेगी और उनके रीति-रिवाजों, परंपराओं और खास अधिकारों की रक्षा होती रहेगी. भट्टाचार्य ने उन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि प्रस्तावित कानून परिवार के आकार के रेगुलेशन से जुड़ा है, और कहा कि ऐसे प्रावधान 'न तो यूसीसी का मकसद हैं और न ही इसका हिस्सा हैं। '

**बिल पर घमासान, विपक्ष ने उठाए सवाल**

हालांकि, विपक्षी पार्टियों ने इस मुद्दे को कानूनी सवाल के साथ-साथ राजनीतिक सवाल भी बताया है. शुक्रवार को पार्टी विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ एक स्ट्रेटेजी मीटिंग में, टीएमसी चेयरपर्सन और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्टी को विधानसभा के अंदर और बाहर बिल का कड़ा विरोध करने का निर्देश दिया, और तर्क दिया कि यह प्रस्ताव संवैधानिक नैतिकता, सामाजिक सहमति और भारत के बहुलवादी चरित्र के बारे में बड़े सवाल उठाता है. वहीं, ममता बनर्जी की टीएमसी ने रंगदारी और गुंडों पर लगाम लगाने से जुड़े दो बिलों का विरोध किया है. इस बिल के अनुसार एक साल तक इस आरोप में किसी भी शख्स को हिरासत में रखा जा सकता है. टीएमसी ने इसे यूएपीए और मीसा से भी ज्यादा सख्त करार देते हुए लोकतंत्र पर प्रहार बताया है. अगर यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पेश होता है, तो विधानसभा में सभी विपक्षी पार्टियां इसका विरोध करेंगी. नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी की लीडरशिप में बागी तृणमूल खेमे ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार का विरोध करने का फैसला किया है। इसके अलावा, आम जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष और नावदा के विधायक हुमायूं कबीर, डोमकल से माकपा विधायक मुस्तफिजुर रहमान राणा, इंडियन सेक्युलर फ्रंट के विधायक नौशाद सिद्दीकी और दो कांग्रेस विधायकों ने भी बिल का विरोध करने का फैसला किया है।

## राम मंदिर चंदे और जमीन खरीद पर संजय सिंह ने उठाए सवाल, कार्रवाई की मांग की

**● आप सांसद संजय सिंह ने राम मंदिर चंदा और ज़मीन घोटाले पर बीजेपी को घेरा है**

**● उन्होंने 2021 में उजागर किए गए 2 करोड़ की जमीन 18 करोड़ में खरीदने, चंदे की चोरी और 40% कमीशन का आरोप लगाया**

**● संजय सिंह ने कहा कि चंपत राय-अनिल मिश्रा के इस्तीफे से काम नहीं चलेगा, असली दोषियों पर कार्रवाई हो**

**संजय सिंह ने कहा कि चंपत राय-अनिल मिश्रा के इस्तीफे से काम नहीं चलेगा**




राम मंदिर चंदा मामले पर आप सांसद संजय सिंह ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा पर निशाना साधा है. संजय सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से प्रभु श्रीराम के मंदिर में लूट का मामला चर्चा में है और इस पर हर जगह बात हो रही है. उन्होंने कहा कि लूट और चोरी सबसे पहले मैंने 2021 में उजागर किया था. चम्पत राय द्वारा 2 करोड़ की जमीन 18 करोड़ में खरीदी गई. अनिल मिश्रा खरीदने में भी गवाह और बेचने में भी गवाह रहे।

उन्होंने कहा कि उसके बाद चढ़ावे के चोरी का मामला सामने आया है. वो इतना बड़ा भंडाफोड़ वो पता ही नहीं चल रहा है. हजारों करोड़ की चोरी हो गई और फिर गहना चोरी हो गई. संजय सिंह ने आरोप लगाया कि प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण के 40% कमीशन मांगा जाता है. हालांकि 40% कमीशन के नाम पर कर्नाटक में सरकार चली गई थी।

**संजय सिंह ने बोला हमला**

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि नजूल की जमीन ना खरीदी जा सकती है ना बेची सकती है वो 24 करोड़ में खरीद ली गई. भाजपा के मेयर का भतीजा 20 लाख में जमीन खरीदकर करोड़ों में बेच दी जाती है. मैने जमीन घोटाले के 13 दस्तावेज दिए थे। कई दिनों तक मीडिया में खबरें चली. केजरीवाल पहुंचे और जिस दिन केजरीवाल जी पहुंचते हैं अनन-फानन में स्नढ्क्रदर्ज कर दी गई. उन 8 लोगों में कहने लगे कि बैंक कर्मचारी हैं।

पता चला कि वो अनिल मिश्रा आदि के रिश्तेदार हैं। संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल सीएम योगी से कहा कि जिन्होंने चंदा नहीं छोड़ा वो आपको भी नहीं छोड़ेंगे, आपको भी हटाएंगे. सिर्फ 40 दिन की चोरी की जांच हो रही है।

**महिपाल सिंह का बयान दर्ज क्यों नहीं किया गया?**

उन्होंने सवाल किया कि महिपाल सिंह का बयान दर्ज क्यों नहीं किया गया जो 2020 से चोरी की बात कह रहा है, क्योंकि अगर पूरी चोरी खोल देंगे तो हजारों दिन में हजारों करोड़ की घोटाला सामने आएगा. उन्होंने सवाल किया कि क्या ये हजारों करोड़ रुपए चंपत राय और अनिल मिश्रा ने खा लिए?

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि ये हजारों करोड़ की लूट में कई लोग शामिल हैं. चंदा चोर पार्टी ने ही ट्रस्ट और स्ढ्ढञ्ज बनाई है. जब से लूट हुई एक शब्द भी पीएम मोदी के मुंह से नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि सिर्फ चंपत राय और अनिल मिश्रा के इस्तीफे से काम नहीं चलेगा. जो लोग चोरी में शामिल हैं, सीएम योगी और पीएम मोदी आप उन पर क्या कार्रवाई करेंगे?

## संक्षिप्त ख़बरें

### दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




**प्रतापगढ़।** थाना लीलापुर के उ0नि0 दीपक कुमार यादव व उ0नि0 विपिन चन्द्र यादव मय हमराह के द्वारा वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मु0न0 477/18, मु0अ0सं0 115/2018 धारा 147,148, 149, 323, 504, 506 आईपीसी व 3(1) × एससी एसटी एक्ट थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 02 वारण्टी अभियुक्तों विजय उर्फ दिग्विजय पुत्र रामअंजोर निवासी ग्राम हदिराही थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 53 वर्ष व राकेश कुमार वर्मा पुत्र हरीलाल वर्मा निवासी ग्राम हदिराही थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 45 वर्ष को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### बूथ संख्या 27 पर सुनी गई मन की बात

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** रविवार को बूथ संख्या 27, संग्रामपुर स्थित शक्ति केंद्र प्रथम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 135वें एपिसोड का भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के विचारों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष राम नरेश पासवान, मंडल मंत्री हीरा मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक डॉ. रामसूरत शर्मा, तोलन गुप्ता, अमरेश पासवान आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसपी ने तीन पुलिस अधिकारियों के किये स्थानांतरण

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारीगण को तात्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित किया गया है।जिनमें प्रशान्त राज क्षेत्राधिकारी नगर को क्षेत्राधिकारी रानीगंज, आशुतोष मिश्रा क्षेत्राधिकारी लालगंज को क्षेत्राधिकारी नगर, राजीव द्विवेदी पुलिस उपाधीक्षक, प्रतापगढ़ को क्षेत्राधिकारी लालगंज, प्रतापगढ़ के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

## सचिव टीए व मनरेगा एपीओ ही निकले धोबही में मनरेगा भ्रष्टाचार के मास्टर माइंड

**● जिम्मेदारों की मनमानी से ग्राम पंचायत धोबही में फर्जी भुगतान में ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा को मिल रही पूर्ण सफलताजिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही से ग्राम पंचायत धोबही में विकास कार्यों में हो रहा लूटपाट- दूसरी बार पूर्ण हुआ फर्जी मस्टर रोल, पूर्ण फर्जी मस्टर रोल के भुगतान की तैयारी पूर्ण- सूत्र**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले केपरसरामपुरग्राम पंचायत धोबही की ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा का जुगाड़ मनरेगा फर्जीवाड़ा करने में सफल दिखाई दे रहा है। ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को बड़े पैमाने पर कमीशन देकर धड़ल्ले से मनरेगा कार्यों की फर्जी भुगतान कराने में बाजी मार रही है जिसको लेकर ग्राम पंचायत धोबही में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। आपको बता दें कि विकासखंड परसरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबही में लगातार 01 महीने से बड़े पैमाने पर मनरेगा फर्जीवाड़ा चल रहा है जिसमें रोजगार सेवक/महिला मेट , सचिव , तकनीकी सहायक, एपीओ मनरेगा व बीडीओं अहम भूमिका निभा रहे हैं। ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा का मनरेगा फर्जीवाड़ा करने में लगातार सफल होने पर मनोबल दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है और ग्राम पंचायत धोबही में विकास कार्य धीरे - धीरे बन्द हो रहा है।

ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा ने दूसरी बार चार तालाबों की खुदाई व सफाई कार्य के नाम पर फर्जी मस्टर रोल जारी करवाई थी और फर्जी फोटो के सहारे चारों फर्जी मस्टर रोल को पूर्ण कर लिया है और सचिव, तकनीकी सहायक , एपीओ मनरेगा व खंड विकास अधिकारी को मुंहमांगा कमीशन का लालच देकर फर्जी भुगतान करने की पूर्ण तैयारी कर ली है। बड़ी बात यह है कि ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा के मनरेगा भ्रष्टाचार पर क्यों नहीं कार्यवाही हो पा रही है? तेज तर्रार सीडीओ सार्थक अग्रवाल के कड़े निर्देश के बाद भी ग्राम पंचायत धोबही के मनरेगा भ्रष्टाचार मामले में जांच एवं कार्यवाही के नाम पर लीपा-पोती चल रही है। ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा पंचायत चुनाव नजदीक देखकर सरकारी खजाने को पूरी तरह लूटने की फिराक में है यदि ऐसे ही जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों का ग्राम प्रधान रेखा मिश्रा को सहयोग मिलता रहा तो भविष्य में कभी भी ग्राम पंचायत धोबही का समुचित विकास नहीं होगा। उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने जांच के कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## खेत पर कब्जे का विरोध करना महिला को पड़ा भारी, दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा

**दलित महिला ने चार लोगों पर लगाया जबरन बुआई और मारपीट का आरोप, कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुरा में खेत पर कथित कब्जे का विरोध करना एक दलित महिला को महंगा पड़ गया। महिला का आरोप है कि गांव के चार लोगों ने उसके खेत में जबरन बुआई शुरू कर दी और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कल्यानपुरा निवासी रामवती पत्नी जगदीश अहिरवार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 26 जून 2026 को सुबह करीब 10 बजे गांव के नन्नू, ध्यानी, लाडो तथा ध्यानी की पत्नी उसके खेत में जबरन बुआई कर रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो सभी आरोपी भड़क गए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीण जगदीश, राहुल और पम्पू कुम्हार ने बीच-बचाव कर उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया।

## एक तरफ चलती रही LDA की कार्यशाला, दूसरी तरफ सील होते रहे कोचिंग संस्थान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** एक ओर एलडीए द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन जारी रहा, वहीं दूसरी ओर शहर में कोचिंग संस्थानों पर सीलिंग की कार्रवाई भी लगातार चलती रही। इस कार्रवाई से छात्रों, अभिभावकों और कोचिंग संचालकों के बीच असमंजस, चिंता और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। संचालकों का कहना है की ज्यादातर कोचिंग किराए की प्रॉपर्टी में चल रही हैं और जो एलडीए के मानक हैं उन्हें मकान मालिक पूरी करने की जगह कोचिंग वाली जगह खाली करने को बोलने लगे हैं ऐसे में जाएँ तो जाएँ कहाँ। कम्पार्टमेंट परीक्षाओं में अब मात्र 15 दिन शेष हैं। ऐसे में अनेक विद्यार्थियों का कहना है कि विशेषकर कमजोर छात्र ऑनलाइन माध्यम से गणित, विज्ञान और अन्य जटिल विषयों को प्रभावी ढंग से समझ नहीं पाते। उनका मानना है कि इस समय ऑफलाइन कक्षाओं का बाधित होना उनकी तैयारी पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

कोचिंग संघ का कहना है कि लगातार हो रही कार्रवाई के कारण कई शिक्षक और संस्थान ख़त्म होने की कगार पर हैं उनका दावा है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और कोचिंग संस्थान का करियर पूरी तरह चौपट हो जाएगा। प्रशासन का पक्ष है कि शहर में संचालित संस्थानों को निर्धारित नियमों और भवन सुरक्षा मानकों का पालन करना आवश्यक है, और कार्रवाई उन्हीं मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है परंतु उत्तर प्रदेश कोचिंग संघ के अध्यक्ष बादल चोपड़ा का कहना है ऐसे संस्थान जो अत्यंत छोटे हैं और उनके पास आवश्यक उपकरण हैं उन्हें बिना निरीक्षण , नोटिस दिए सील कर देना नियम विरुद्ध है इससे सम्पूर्ण समाज प्रभावित होता है।

## सामुदायिक शौचालय पर लटक रहा ताला, ग्रामीण परेशान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी चौराहे पर लाखों रुपये की लागत से बना सामुदायिक शौचालय विभागीय उदासीनता के कारण सफेद हाथी साबित हो रहा है। देखरेख के अभाव में विगत कई दिनों से इस शौचालय पर ताला लटक रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को शौच के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है। शासन की इस अनदेखी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।हैरानी की बात यह है कि सरकार द्वारा इस शौचालय के नियमित रख-रखाव और साफ-सफाई के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को प्रति माह नौ हजार रुपये का भुगतान किया जा रहा है।

इसके बावजूद जिम्मेदार बजट की बंदरबांट में जुटे हैं। वर्तमान में स्थिति इतनी बदतर है कि नियमित सफाई न होने के कारण भवन से तीखी दुर्गंध उठ रही है। उचित रख-रखाव न होने से दीवारों की रंगाई-पुताई पूरी तरह बदरंग हो चुकी है, तथा घटिया निर्माण के कारण दीवारों पर लगे प्लास्टर और टाइल्स उखड़कर जगह-जगह से गिर रहे हैं।इस संबंध में एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद ने कहा कि सामुदायिक शौचालय का बंद मिलना और गंदगी मिलना एक गंभीर लापरवाही है। इस मामले की तत्काल जांच कराकर संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## बलरामपुर के देवीपाटन मार्ग के चौड़ीकरण में भू-स्वामियों को हाई कोर्ट से राहत, आदेश-परेशान न करें

**● हाई कोर्ट के आदेश के अनुरूप आगे की कार्रवाई नियमानुसार**

**तुलसीपुर क्षेत्र में होना है मार्ग का चौड़ीकरण, विवाद में भूमि अधिग्रहण**

**बलरामपुर।** देवीपाटन-तुलसीपुर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने भू-स्वामियों को राहत देते हुए राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई भू-स्वामी अपनी भूमि स्वेच्छा से बेचने को तैयार नहीं है तो उसे किसी भी प्रकार के दबाव में नहीं लाया जा सकता। ऐसी स्थिति में सरकार को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 के तहत विधिक प्रक्रिया अपनानी होगी।

न्यायमूर्ति पंकज भाटिया एवं न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने यह आदेश रिट याचिका संख्या 6489/2026, अनिल कुमार गुप्ता एवं आठ अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य की सुनवाई के दौरान पारित किया।

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में कहा था कि तुलसीपुर के ग्राम पाटन स्थित गाटा संख्या 271, 272 एवं 305 की भूमि सड़क चौड़ीकरण के लिए बिना वैधानिक अधिग्रहण प्रक्रिया अपनाए और उचित मुआवजा दिए जमीन लेने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि परियोजना के लिए लगभग 80 प्रतिशत भूमि बिक्री विलेख के माध्यम से खरीदी जा चुकी है तथा करीब 100 रजिस्ट्रियां भी हो चुकी हैं। सरकार ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं से सहमति बनाने के प्रयास सफल नहीं हो सके। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि वे प्रस्तावित मूल्य पर भूमि बेचने को तैयार नहीं हैं तथा उन पर सहमति के लिए दबाव बनाया जा रहा है।




कोर्ट ने कहा कि यदि दोनों पक्ष आपसी सहमति से मूल्य तय कर लें तो बिक्री विलेख कराया जा सकता है, लेकिन सहमति न बनने पर सरकार को कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया अपनानी होगी। न्यायालय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं को किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाए और उनकी सहमति जबरन प्राप्त करने का प्रयास न हो। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जो भू-स्वामी स्वेच्छा से भूमि बेचना चाहते हैं, उन पर यह आदेश लागू नहीं होगा। निर्देशों के साथ हाईकोर्ट ने याचिका का निस्तारण कर दिया।एसडीएम राकेश कुमार जयंत ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश के अनुरूप आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक कुछ मामलों में नियमों से हटकर राहत देने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन अब कोर्ट के निर्देशों के अनुसार जिस मकान की जितनी पुरानी आयु होगी, उसी के आधार पर उसका मूल्यांकन कर मुआवजा निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया विधिक प्रावधानों के अनुरूप और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## वाल्टरगंज के महदेव गांव मे तालाब मे उतराता मिला किशोर का शव



**बस्ती।** बस्ती जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र स्थित महदेव गांव के पास रविवार सुबह एक तालाब में 16 वर्षीय किशोर का शव मिला। मृतक की पहचान महदेव गांव निवासी उदय राज गोंड के पुत्र विनय गोंड (16) के रूप में हुई। ग्रामीणों ने सुबह करीब 6 बजे तालाब में शव तैरता देखा तो पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। समय और कैलेंडर ग्रामीणों की सहायता से पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया। परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के गले पर एक गहरे काले रंग का निशान मिला है जिससे हत्या की आशंका प्रबल होती है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य इकट्ठा किया। आरोप है कि यह डूबने का मामला नहीं, बल्कि किसी ने विनय की हत्या कर शव को जलाशय में फेंक दिया है। थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही जायेगी।

## कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मेढैवा गांव में पेड़ से लटकती मिली बुजुर्ग की लाश



**बस्ती।** बस्ती जिलेके कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मेढैवा गांव में रविवार देर रात एक 60 वर्षीय राजमणि शर्मा (60) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बागे मे पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर लाश को कब्जे मे लिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।छुट्टियां व मौसमी आयोजन राजमणि शर्मा के बड़े बेटे रविंद्र दक्षिण अफ्रीका में कार्यरत हैं, जबकि छोटे बेटे महेंद्र लगभग एक माह पूर्व ही दक्षिण अफ्रीका से घर लौटे थे। वे खुद भी विदश रह चुके हैं। परिवार में पत्नी मीरा देवी के अलावा दो बेटे और चार बेटियां हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है, तीसरी बेटी के विवाह की तैयारियां चल रही थीं, और सबसे छोटी बेटी प्रतिमा अभी पढ़ाई कर रही हैं। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयान पर भाजपा नेता का तीखा पलटवार, गोमूत्र से शुद्धिकरण की सलाह

क्व भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी को लेकर एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने विवादित बयान दिया था। जिसमें स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था कि हनुमान एक छोटा सा बंदर था वह कैसे सूर्य को निगल सकता है, यह सब एक मनगढ़ंत कहानी है। राम का जन्म इस धरती पर हुआ था तो वह भगवान कैसे हो सकता है। पूर्व मंत्री ने भगवान श्री राम और हनुमान जी का कोई भी अस्तित्व नहीं बताया, जिस पर पुरदिल नगर निवासी अधिवक्ता एवं भाजपा नेता सौरव उपाध्याय ने प्रेस वार्ता कर पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य को गोमूत्र से अपना मुंह धोने की सलाह दी एवं विवादित टिप्पणी करते हुए सोशल मीडिया पर 10 लाख रुपए इनाम की घोषणा की। पुरदिल नगर स्थित अधिवक्ता व भाजपा नेता सौरव उपाध्याय ने अपने आवास पर पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि राम मंदिर में हुई चोरी को लेकर हर सनातनी की भावनाएं आहत है सरकार अपना कार्य अच्छी तरह से कर रही है। एक कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा भगवान श्री राम एवं हनुमान जी के ऊपर विवादित बयान दिया था। जिससे हर सनातनी की भावनाएं आहत हुई है, इसी के साथ भाजपा नेता ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य को गोमूत्र से अपना मुंह धोकर अपना शुद्धिकरण अवश्य करना चाहिए। इसी के साथ भाजपा नेता ने स्वामी प्रसाद मौर्य पर विवादित टिप्पणी करते हुए सोशल मीडिया पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है।

# बिहार पुलिस की कार्रवाई के विरोध में ब्राह्मण महासभा ने निकाला कैंडल मार्च, भरत भूषण तिवारी को दिया श्रद्धांजलि

● पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है ब्राह्मण महासभा-नवीन दुब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बिहार पुलिस की फायरिंग में कथित मुठभेड़ के शिकार हुये भरत भूष्ण तिवारी की स्मृति में शनिवार की शाम छावनी क्षेत्र में श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष नवीन दुबे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और घटना की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।



शनिवार शाम करीब छह बजे छावनी तिराहे पर एकत्रित हुए लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर मौन कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च शहीद स्मारक तक पहुंचा, जहां स्वर्गीय भरत तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष नवीन दुबे ने कहा कि भरत तिवारी की मौत अत्यंत दुखद एवं निंदनीय है। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

राष्ट्रीय महामन्त्री सम्भू नाथ मिश्रा ने कहा कि संगठन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में संजय शुक्ला जिला महामन्त्री शंभु नाथ शुक्ला, राधेश्याम पाण्डेय, आदित्य मणि पाण्डेय, अंकित त्रिपाठी उपेंद्र शुक्ला प्रशांत पाण्डेय राहुल तिवारी, भृगुवंश मणि पाण्डेय, गणेश दूबे, प्रभात मिश्रा, राम जी पाण्डेय, प्रवीण पाठक, दीपक पंडित, पैण्डा वाले बाबा, सूरज मिश्रा, शिवमंगल, लोकेश शुक्ला, अनुराग पाण्डेय, शिवम सिंह, जितेंद्र पाण्डेय, अंकित मिश्रा आशीष वर्मा, निर्भय पाठक संतोष दुबे के साथ ही संगठन के पदाधिकारी, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ आज पूर्वाह्न प्राइमरी पाठशाला पसियापारा, अकबरपुर में जिलाधिकारी ईशा प्रिया द्वारा बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पोलियो खुराक पिलाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामानंद ने पुष्पगुच्छ भेंट कर जिलाधिकारी का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे शून्य से पाँच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि जनपद को पोलियो मुक्त बनाए रखने का संकल्प सशक्त हो सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में आज 1,765 पोलियो बूथों के माध्यम से शून्य से पाँच वर्ष आयु वर्ग के 3,03,010 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बूथ दिवस पर किसी कारणवश वंचित रह जाने वाले बच्चों को 29 जून से 3 जुलाई 2026 तक घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रभावी एवं शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक विकास खंड स्तर पर मॉनिटरिंग टीमें गठित की गई हैं, जो अभियान की सतत निगरानी कर रही हैं तथा यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मार्कण्डेय प्रसाद, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. जय प्रकाश, विद्यालय स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियाँ एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएम योगी का अखिलेश यादव पर प्रहार: कृष्ण जन्मभूमि पर बोलने की चुनौती, अयोध्या पहचान के लिए मोहताज नहीं

**हाथरस।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस में जनसभा के दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात करने वालों को पहले अपना इतिहास देखना चाहिए। जिनकी सरकार में रामभक्तों पर गोलियां चलीं, कांवड़ यात्रा पर रोक लगी और कृष्ण जन्माष्टमी जैसे धार्मिक आयोजनों तक को दबाने की कोशिश हुई। आज जब राम भक्तों के परिश्रम और पुरुषार्थ से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या अब त्रेता युग का स्मरण करा रही है, तो इनके भी मुंह में पानी आने लग गया है। अब तैयारी करिये कि हम कृष्ण कन्हैया के लिए भी कुछ कर सकें। अब मथुरा की बात करिए, अगर सचमुच अपने को धार्मिक कहलाने का प्रयास कर रहे हो तो मथुरा -वृंदावन, श्रीकृष्णजन्मभूमि पर खुलकर बोल दीजिए।

**कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का भी अभियान चलना चाहिए**

बोलिये कि राम जन्मभूमि मुक्ति के आंदोलन की तर्ज पर ही कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का भी अभियान चलना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि को भी सम्मान मिलना चाहिए। हमारी सरकार वहां श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है।

# स्मृति की अमेठी में 'मन की बात' का उत्साह

● जनमानस के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री का संदेश

अमेठी में 'मन की बात' बनी जनसंवाद का माध्यम, जिला मंत्री आशा बाजपेई में एचएल कोरवा बूथ नंबर 30 पर मातृशक्ति संग सुना पीएम मोदी का संबोधन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** स्मृति की अमेठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह के साथ भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित आम जनमानस ने सुना। जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रभात शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री आशा बाजपेई, जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज, जिला प्रवक्ता चंद्र मौली सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रोहित चौधरी, मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा सहित सभी भाजपाइयों ने बड़े उत्साह के साथ प्रधानमंत्री के संदेश को सुना जनपद के सभी बूथों पर बूथ अध्यक्षों ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के संदेश को सुना, जिला मंत्री आशा वाजपेई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए देशवासियों से शांति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण स्थिति पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया को शांति और संयम की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने सभी देशों से संवाद और सहयोग के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि युद्ध और हिंसा किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते।प्रधानमंत्री ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। उन्होंने लोगों से जल संरक्षण के लिए आगे आने और 'कैच द रेन' जैसे अभियानों से जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण के अनुकूल त्योहार मनाने की अपील करते हुए प्लास्टिक और प्रदूषण से बचने का संदेश दिया।

'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने असम के प्रसिद्ध संकटग्रस्त पक्षी 'हरगिला' (ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क) के संरक्षण कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज की जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से विलुप्त होने की कगार पर पहुंचे इस पक्षी को नया जीवन मिला है। इसके साथ ही उन्होंने अंधविश्वास छोड़कर वैज्ञानिक सोच अपनाने और समाज में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने देश की रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भर भारत अभियान का उल्लेख करते हुए स्वदेशी युद्धपोतों और क्रूज मिसाइलों की उपलब्धियों को देश के लिए



गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि भारत आज रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है और दुनिया में अपनी अलग पहचान स्थापित कर रहा है।

कार्यक्रम में योग के वैश्विक प्रभाव पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग आज पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहा है और भारत की सांस्कृतिक पहचान को विश्व स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्होंने लोगों से नियमित योग अपनाने की अपील की।इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का जिक्र करते हुए 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' की महत्ता बताई और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इन योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही साथ अन्य विषयों पर प्रधानमंत्री ने विस्तृत प्रकाश डाला मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा ने कहा कि देश के 140 करोड़ नागरिकों को मन की बात कार्यक्रम का बड़े ही उत्साह के साथ सुनने की प्रतीक्षा रहती है। जैसे ही मन की बात कार्यक्रम आता है भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ देशवासी बड़े ही ध्यान से प्रधानमंत्री के संदेश को सुनते हैं और उसका अनुसरण करते हैं। आज मन की बात कार्यक्रम सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्रम बन चुका है लोग अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री को सुनने के लिए बेताब रहते है।

## बलरामपुर में सामूहिक विवाह योजना की तैयारियां तेज, विभाग को मिले 550 आवेदन प्राप्त

**बलरामपुर।** सामूहिक विवाह योजना के तहत बेटियों की शादी कराने के लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। अभी तक 550 लोगों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। इसके सापेक्ष तैयारी के लिए विभाग ने निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निविदा तय होने के बाद समारोह की तिथि घोषित की जाएगी। इस बार बेटियों के बैंक खाते में ही चांदी की पायल और बिछिया का निर्धारित चार हजार रुपये भी दिया जाएगा। अभी तक बेटियों को योजना के तहत 60 हजार दिया जाता था। अब 64 हजार रुपये मिलेंगे। चालू वित्तीय वर्ष में योजना के तहत में जिले में 742 बेटियों की शादी होनी है। सोमवार तक कार्यक्रम आयोजन की निविदा फाइन होने की बात अधिकारी बता रहे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. राहुल गुप्त ने बताया कि अब तक 550 आवेदन मिले हैं। बेटियों की शादी रचाने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। जो एक दो दिन में फाइनल हो जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद शादी की तिथि निर्धारित की जाएगी। बताया कि तहसीलवार शादी करवाई जाएगी। विभाग के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का सत्यापन ग्रामीणों का खंड विकास अधिकारी व नगर पालिका व नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी के माध्यम से कराया जा रहा है। इस बार शादी करने वाली लड़कियों को चांदी की पायल और बिछिया देने के बजाय उनके बैंक अकाउंट में नकद राशि ट्रांसफर की जाएगी। सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों और विधवा, तलाकशुदा महिलाओं के पुनः हाथ पीले कराए जाते हैं। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च किया जाता हैं।

## गोंडा कचहरी में तीसरी लाइन के काम से कई ट्रेनें रद, यात्री प्रभावित




**बलरामपुर।** गोंडा कचहरी रेलवे स्टेशन पर पांच किमी तीसरी लाइन का प्रस्तावित कार्य पूरा कराने के लिए गोरखपुर से लखनऊ वाया बलरामपुर जाने वाली नकहा जंगल-एशबाग ट्रेन छह से 10 जुलाई तक निरस्त रहेगी। इसी तरह 15081 गोरखपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस छह से 10 जुलाई तक नहीं चलेगी।15082 गोमतीनगर-गोरखपुर एक्सप्रेस सात से 11 जुलाई तक निरस्त रहेगी। लाइफ लाइन कही जाने वाली गोरखपुर-एशबाग इंटरसिटी एक्सप्रेस 15069 आठ से 11 जुलाई एवं वापसी में 15070 सात से 10 जुलाई तक नहीं चलेगी। 22199 गोलियर-बलरामपुर एक्सप्रेस आठ एवं 22200 बलरामपुर-ग्वालियर सुशासन एक्सप्रेस नौ जुलाई को निरस्त रहेगी। 12 जुलाई को 55032 गोंडा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। इससे वाराणसी की यात्रा करने वाले यात्री प्रभावित होंगे। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर पंकज सिंह ने बताया कि गोंडा कचेहरी रेलवे स्टेशन पर तीसरी लाइन के विस्तार के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

# सरकारी जमीन पर लाखों की बनी कोठी पर मौखिक कार्यवाही कर तहसीलदार लूट रहे वाहवाही

● मौखिक कार्रवाई करने की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रहा वाइरल

● तहसीलदार अभय राज एसडीएम के बची इज्जत को फजीहत करने पर तुले

● दबंग भूमाफिया पर प्रशासन का संरक्षण कार्रवाई में लेटी लपेटी करने से जुड़ा मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** खलिहान व गड्ढे की जमीन पर बनी लाखों की कोठी का मामला तहसील प्रशासन ने लगभग एक माह बाद मौखिक कार्रवाई कर सुर्खियां बटोर रही है ।तहसीलदार अपने मिया मिट्ठू बनकर चर्चा में रहना पसंद करते हैं इनके अधीन आने वाले गांवों में सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा बारहा किया जा रहा होता है ।लेकिन महोदय द्वारा समुचित कार्रवाई न करके ग्रामीण व शिकायतकर्ता को लॉलीपॉप देने का कार्य करते हैं।

आपको बताते चलें कि लगभग एक माह पूर्व हरैया तहसील के राजस्व गांव बैरहना में गाटा संख्या 42 व 43 में अवैध




कब्जेदारों का कब्जे का मामला प्रकाश में आया था। जो की खलिहान व गड्ढे की जमीन है।

तहसीलदार अभय राज लगभग एक माह के बाद मौखिक कार्रवाई करने की बात कही है जब मीडिया बंधू ने सरकारी जमीन पर बने लाखों की कोठी पर कार्रवाई करने की बात पूंछी तो उन्होंने कहा कि उस पर नोटिस काटी जा चुका है। मीडिया बंधु ने नोटिस मांगा तो तहसीलदार अभय राजगोल-गोल घूमाते हुए नज़र आए। बड़ा सवाल यह है कि क्या अभय राज मोटी रकम लेकर दबंग भू माफिया को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। यदि नहीं तो कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे है। अब कहना लाजमी है कि तहसीलदार अभय राज अपनी इज्जत के साथ-साथ एसडीएम की बची इज्जत को भी फजीहत करने पर तुले हुए हैं।

## बस्ती में बनेगा एथेनाल: 350 करोड की लागत से फैक्ट्री का निर्माण दसिया में शुरू

● फैक्ट्री लगने से किसानों, बेरोजगारों को होगा फायदा बाहर नौकरी करने नहीं जाना पड़ेगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्तीजिले केवाल्टरगंज सुगर मिल के बंद हो जाने के बाद जनपद में एथनाल उत्पादन के लिये बड़ी फैक्ट्री का निर्माण सल्टौआ गोपालपुर विकास खण्ड क्षेत्र के दसिया में हो रहा है। कारखाने के शीघ्र शुरू हो जाने की उम्मीद है। इसके शुरू होने से लगभग 700 लोगों को सीधे और 2 हजार लोगों को अपरोक्ष रोजगार मिलेगा। अनीता डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड के टेक्निकल अधिकारी पी.एन. पाण्डेय ने बताया कि लगभग 350 करोड़ की लागत से बनने वाले कारखाने में एथनाल का निर्माण किया जायेगा उन्होने बताया कि कारखाने में प्रदूषण नियंत्रण की पूरी व्यवस्था की गई है। बताया कि मक्का और चावल से एथनाल पैदा किया जायेगा। इससे जहां ऊर्जा संकट दूर होगा वहीं विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।

भारत सरकार की संस्तुति पर बन रहे कारखाने में भूजल यानी पानी से नहीं धान, मक्का और भूसी से इथेनाल बनेगा। कम्पनी का खुद का 7 मेगावट का पावर प्लांट, वायु प्रदूषण मुक्त 72 मीटर ऊँची चिमनी, लगभग 350 करोड़ की लागत से बनने वाली फैक्ट्री , 6 से 8 सौ कर्मचारी, जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानक पर खरा उतरने वाला प्लांट, सैकड़ों लोगों को होटल, चाय, पानी, बिस्कुट, सुर्ती बीड़ी, गुटखा



जैसे दुकान खोलने वालों को अप्रत्यक्ष रोजगार देगा। यह पूंछे जाने पर कि कुछ लोग किस आधार पर फैक्ट्री निर्माण का विरोध कर रहे हैं निदेशक सुधीर जायसवाल ने बताया कि यह उनका अपना निजी दृष्टिकोण है। यहां फैक्ट्री पूरे मानक और नियमों के अनुसार हो रहा है। इससे क्षेत्र के किसानों और बेरोजगारों को सर्वाधिक लाभ होगा।

## मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय का शिलान्यास, शिक्षा के क्षेत्र में गौरा विधानसभा को मिली नई सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोंडा:** जनपद गोंडा के विधानसभा गौरा अंतर्गत विकास खंड बभनजोत की ग्राम पंचायत घारीघाट में मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय के भव्य शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री एवं लोकप्रिय सांसद गोंडा कीर्ति वर्धन सिंह 'राजा भैया' तथा क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास कर किया गया। इसके उपरांत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह 'राजा भैया' जी ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की आधारशिला होती है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देंगे।अपने संबोधन में क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी






आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में गौरा विधानसभा निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना पिछड़े क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिससे उन्हें आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेगी।विधायक वर्मा ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विद्यालय आने वाले समय में क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं ग्रामीण सभी ने मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय की सौगात के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोंडा, जिला विकास अधिकारी गोंडा, उपायुक्त मनरेगा गोंडा, जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा, उपायुक्त श्रम रोजगार गोंडा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोंडा, जिला गन्ना अधिकरी गोंडा, जिला पूर्ति अधिकारी गोंडा, खंड विकास अधिकारी बभनजोत, जिला कृषि अधिकारी गोंडा, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी गोंडा, मंडल अध्यक्ष मधुप सिंह, अरुण प्रकाश शुक्ला, राम चन्दर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य बृजेश प्रताप नारायण सिंह, सहित सम्मानित प्रधानगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल

● महिलाओं को निःशुल्क सिलाई व ब्यूटिशियन प्रशिक्षण देंगी समाजसेविका कंचन गुप्ता

गांव-गांव महिला जागरूकता अभियान चलाकर अधिकारों, स्वरोजगार व सरकारी योजनाओं की दे रहीं जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जनपद की समाजसेविका कंचन गुप्ता ने एक नई पहल की है। उन्होंने जिले की 50 महिलाओं को 15 दिवसीय निःशुल्क सिलाई एवं ब्यूटिशियन प्रशिक्षण देने की घोषणा की है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को ऐसा व्यावसायिक कौशल उपलब्ध कराना है, जिससे वे स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवार की आय में भी सहयोग कर सकें।समाजसेविका इन दिनों जनपद के विभिन्न गांवों में महिला जागरूकता अभियान चला रही हैं। अभियान के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, वित्तीय साक्षरता, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक कर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।पत्रकार दीपक पाठक से फोन पर हुई बातचीत में समाजसेविका कंचन गुप्ता ने कहा कि 'किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब उसकी महिलाएं शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर हों। आर्थिक रूप से सशक्त महिला न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।'

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित 50 महिलाओं को सिलाई एवं ब्यूटिशियन का व्यावहारिक प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद महिलाएं स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें या रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि उनके अभियान के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न और लैंगिक भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्हें अपने कानूनी





अधिकारों की जानकारी देकर अन्याय के खिलाफ निर्भीक होकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।कंचन गुप्ता ने महिलाओं से 'पढ़ेंगी-समझेंगी, आगे बढ़ेंगी' के संकल्प के साथ शिक्षा और कौशल विकास को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव होती है।ग्रामीण क्षेत्रों में उनके इस महिला जागरूकता अभियान और निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम को महिलाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं प्रशिक्षण से जुड़ने के लिए उत्साह दिखा रही हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह पहल महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# संक्षिप्त खबरें

## सड़क हादसे में मौत के मामले में अज्ञात ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सेमरपहा गांव के पास हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया है। हादसे में सरेनी थाना क्षेत्र के गजियापुर गांव निवासी सर्वेश कुमार मौर्य की मौत हो गई थी। जबकि उनके भांजे आयुष मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के भाई राजेश मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सर्वेश और आयुष बुलेट बाइक से ऐहार में एक निमंत्रण समारोह से लौट रहे थे। सेमरपहा गांव के पास सड़क पर खड़े ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में सर्वेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर ट्रक के चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## पारिवारिक विवाद में युवक पर ईंट से हमला

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बहाई गांव में शनिवार शाम पारिवारिक विवाद के दौरान मारपीट हो गई। आरोप है कि हमलावरों ने ईंट मारकर एक युवक को घायल कर दिया। उसके सिर और हाथ में गंभीर चोट आई। गांव निवासी मोहम्मद आरिफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के बिन्नी टोला निवासी गुलाम अहमद गांव में अपनी रिश्तेदारी में आए थे। इसी दौरान गांव के उनके चचेरे भाई निजामुद्दीन के साथ मिलकर पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट करने लगे। आरोप है कि दोनों ने ईंट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक की जमकर पिटाई

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार शाम प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को युवती के परिजनों ने पकड़ लिया। इसके बाद गांव में कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति बनी रही। परिजनों ने युवक की पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, पूरे जबर सिंह मजरे मैदेमऊ गांव निवासी अभिषेक युवती से मिलने उसके घर पहुंचा था। इसी दौरान युवती के परिजनों की नजर दोनों पर पड़ गई। परिजनों ने युवक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने साथ कोतवाली ले गई। बताया जा रहा है कि युवक और युवती दूर के रिश्तेदार हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि युवती के परिजनों की ओर से मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है। इसके चलते युवक का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है।

## स्व0 1008 आनंद स्वरूप ब्रह्मचारी द्वारा 41वां विशाल भंडारे का किया गया शुभारंभ




**बिसवां, सीतापुर-** हर वर्ष की तरह इस बार भी ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर बाबा खम्भेश्वर नाथ महादेव धाम में स्वर्गीय 1008 आनंद स्वरूप ब्रह्मचारी जी के द्वारा शुभारंभ किया गया 41 वां विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। महमूदाबाद रोड बिसवां स्थित खम्भेश्वर धाम में सोमवार, 29 जून को भव्य भंडारा लगेगा। मंदिर के पुजारी देन महाराज ने सभी भक्तों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित भंडारे में पहुंचें, बाबा का आशीर्वाद लें और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें। पुजारी देन महाराज ने बताया कि सोमवार को सुबह सबसे पहले बाबा खम्भेश्वर नाथ महादेव का विशेष पूजन और भोग लगाया जाएगा। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ होगा। भंडारे में पूड़ी-सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। देर शाम तक भक्त प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। खम्भेश्वर धाम में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भंडारे की परंपरा कई दशकों से चली आ रही है। मान्यता है कि इस दिन बाबा के दर्शन और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने से सारे कष्ट दूर होते हैं और मनोकामना पूरी होती है। हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, बहराईच, गोंडा और बाराबंकी से यहां पहुंचते हैं। नगर के भक्तों ने भंडारे की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाबा खम्भेश्वर नाथ महादेव धाम बिसवां-महमूदाबाद रोड पर स्थित है। पुजारी देन महाराज ने कहा बाबा का दरबार सबके लिए खुला है। जो भी सच्चे मन से आएगा, उसकी झोली जरूर भरेगी। सभी भक्त सोमवार को पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लें।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी का जीवन जनसेवा, न्याय और संस्कृति संरक्षण की अमर प्रेरणा- केशव प्रसाद मौर्य

- गाजियाबाद में उप मुख्यमंत्री ने किया लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी स्मृति द्वार का शिलान्यास

**लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी ने भारतीय संस्कृति, धर्मस्थलों के संरक्षण और जनकल्याण के लिए किया अतुलनीय कार्य**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में महापुरुषों और महान विभूतियों को मिल रहा है उचित सम्मान- केशव प्रसाद मौर्य**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**






**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज जनपद गाजियाबाद में 'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर जी की 301वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने लोनी बॉर्डर, बस डिपो के निकट विधायक निधि योजना के अंतर्गत निर्मित होने वाले 'लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी स्मृति द्वार' का शिलान्यास किया तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी ने अपने आदर्श शासन, न्यायप्रिय व्यवस्था, लोककल्याणकारी कार्यों और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के माध्यम से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने अनेक धर्मस्थलों के संरक्षण एवं पुनर्निर्माण का कार्य किया तथा जनसेवा को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के महान योगदान को अपेक्षित सम्मान नहीं मिला, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद महान विभूतियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया। उनकी 300वीं जयंती का आयोजन पूरे देश और प्रदेश में श्रद्धा एवं गौरव के साथ किया गया। मौर्य ने कहा कि आज पूरा देश और प्रदेश लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी को नमन कर रहा है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से भारतीय संस्कृति, परंपराओं और महान व्यक्तित्वों को सम्मान देने का कार्य निरंतर हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याण पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि विधायक नन्द किशोर गुर्जर निरंतर क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग, विधायक नन्द किशोर गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष चौनपाल सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, ब्लॉक प्रमुख कोमल गुर्जर, पार्षदगण, बीडीसी सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

**सम्पर्क सूत्र- बी0एल0 यादव**

# तालाब में 30 कुंतल मछलियां मरीं,मत्स्य पालक को लाखों का नुकसान

- तालाब में जहरीला पदार्थ डालने का आरोप,गांव के ही युवक पर जताया संदेह

**न्याय के लिए चौकी से कोतवाली तक भटक रहा पीड़ित,कार्रवाई का इंतजार**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लालगंज(रायबरेली)।** सरेनी थाना क्षेत्र के तिवारीपुर कला गांव में तालाब में पाली गई मछलियों के संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिलने का मामला सामने आया है।घटना से मत्स्य पालक को लाखों रुपये के नुकसान का दावा किया गया है। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक पर तालाब में जहरीला पदार्थ डालने का संदेह जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।तिवारीपुर कला निवासी हरिश्चंद्र पुत्र गोवर्धन के अनुसार,उन्होंने तालाब में मत्स्य पालन कर रखा था।उनका कहना है कि 27 जून की सुबह जब वह तालाब पर पहुंचे तो वहां लगभग सभी मछलियां मृत अवस्था में तैरती मिलीं।पीड़ित की मानें तो करीब 30 कुंतल मछलियां मर गईं,जिससे उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।हरिश्चंद्र ने बताया कि तालाब में जहरीला पदार्थ डाल दिया,जिसके कारण मछलियों की मौत हुई।उन्होंने गांव के पिंटू निर्मल पर संदेह जताते हुए सरेनी थाने में तहरीर देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित का आरोप है कि भोजपुर पुलिस चौकी में शिकायत करने के बावजूद उसे अब तक न्याय नहीं मिला।वहीं रविवार को पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर भी मामले की शिकायत की है।पीडित का कहना है कि वह पुलिस चौकी भोजपुर और सरेनी कोतवाली के बीच लगातार चक्कर लगाने को मजबूर हैं,लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।वहीं,सूत्रों की मानें तो चौकी इंचार्ज भोजपुर द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।अब क्या सच क्या झूठ यह पुलिस की जांच का विषय है।

# अक्षिता होम्स में फ्लैट और प्लॉट खरीदारों का हंगामा, डायरेक्टर पर धोखाधड़ी के आरोप

- पजेशन न मिलने से खरीदारों में नाराज़गी, तीन महीने में विकास कार्य और कब्जा देने की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित अक्षिता होम्स परियोजना को लेकर रविवार को फ्लैट और प्लॉट खरीदारों ने विरोध प्रदर्शन किया। खरीदारों ने अम्रपाली रिजॉर्ट के डायरेक्टर अजीत कुमार गुप्ता पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्धारित समय पर भुगतान करने के बावजूद उन्हें अब तक फ्लैट और प्लॉट का पजेशन नहीं मिला है। इसी मुद्दे को लेकर खरीदारों और अजीत कुमार गुप्ता के बीच तीखी बहस भी हुई। मौके पर मौजूद खरीदारों ने परियोजना में विकास कार्यों में देरी और बार-बार दिए गए आश्वासनों पर नाराज़गी जताई। उनका कहना था कि लंबे समय से केवल भरोसा दिया जा रहा है, लेकिन जमीन पर अपेक्षित कार्य नहीं दिखाई दे रहा है। विरोध कर रहे खरीदारों ने मांग की कि परियोजना में विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करते हुए अगले तीन माह के भीतर फ्लैट और प्लॉट का पजेशन सौंपा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय समयसीमा में उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे संबंधित विभागों और पुलिस-प्रशासन से शिकायत करने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई का सहारा लेंगे। वहीं, परियोजना प्रबंधन की ओर से खरीदारों की शिकायतों पर अपना पक्ष भी रखा गया। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बातचीत और बहस का दौर चलता रहा। फिलहाल खरीदार परियोजना के शीघ्र समाधान और समयबद्ध पजेशन की मांग पर अड़े हुए हैं।

# उत्तर प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन से संभव के तहत प्रत्येक नगर पंचायत में की जा रही जनसुनवाई




**बाराबंकी।** योगी सरकार के निर्देश तथा नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा के मार्गदर्शन से संभव के तहत प्रत्येक नगर पंचायत में जनसुनवाई की जा रही है ईसी के तहत रामसनेहीं घाट के अधिशासी अभियंता संतोष चौधरी ने दिव्यांग दंपति की मदद की। पत्नी कमला देवी उम्र 62 वर्ष तथा पंछी लक्ष्मी नारायण उम्र 65 वर्ष जो कि बाराबंकी के नगर पंचायत रामसनेहीघाट चंदौली के निवासी हैं इनका वृद्धा पेंशन बनवाने में मदद की। और स्थानीय निवासियों के समस्या को देखते हुए निस्तारण करने का पूरा विश्वास दिलाया।

# एस.एम.एस. लखनऊ में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'SPEEDS -2026' का शुभारंभ

- पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र एवं मानव अस्तित्व पर मंथन, जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस), लखनऊ द्वारा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू), लखनऊ तथा इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), लखनऊ लोकल सेंटर के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'सोर्सेस ऑफ़ प्लेनेट एनर्जी , एन्विरोमेंटल और डिजास्टर साइंस (SPEEDS-2026)' का शुभारंभ आज एसएमएस परिसर में हुआ। इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय 'पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण एवं मानव जीवन की स्थिरता' पर केंद्रित है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. राजेन्द्र सिंह (वॉटरमैन ऑफ इंडिया), विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) ओंकार सिंह, प्रोफेसर, एचबीटीयू, कानपुर तथा सुशील कुमार अग्रवाल, सीएमडी, गोबिंद इंडस्ट्रीज द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) आशीष भटनागर, निदेशक, एसएमएस लखनऊ, डॉ. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी) एवं सम्मेलन सह-अध्यक्ष तथा शरद सिंह, सीईओ एवं सचिव, एसएमएस लखनऊ भी मंचासीन रहे। स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रो. (डॉ.) आशीष भटनागर ने कहा कि SPEEDS-2026 का विषय वर्तमान समय की वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है। इश.विजय प्रताप सिंह ,आ ईआई लखनऊ ने कहा कि यह सम्मेलन विद्यार्थियों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं उद्योग जगत के विशेषज्ञों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र तथा आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श एवं ज्ञान-साझाकरण का सशक्त मंच प्रदान करेगा।



मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. राजेन्द्र सिंह ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में जल संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति केवल संसाधन नहीं, बल्कि हमारी आध्यात्मिक धरोहर है। जब तक समाज प्रकृति के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित नहीं करेगा, तब तक पर्यावरणीय समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं हो सकेगा। विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) ओंकार सिंह ने कहा कि पर्यावरणीय संकटों का प्रभावी समाधान वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार एवं सतत विकास के समन्वित प्रयासों से ही संभव है। वहीं सुशील कुमार अग्रवाल ने उद्योग जगत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औद्योगिक विकास के साथ पर्यावरणीय उत्तरदायित्व एवं हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाना समय की आवश्यकता है। डॉ. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), एसएमएस लखनऊ एवं सम्मेलन सह-अध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक पर्यावरणीय एवं आपदा संबंधी चुनौतियों के समाधान हेतु बहु-विषयक अनुसंधान और समन्वित प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र को मानव कल्याण, जल सुरक्षा एवं पर्यावरणीय संतुलन का आधार बताते हुए इसके संरक्षण पर विशेष बल दिया। अपने संबोधन में शरद सिंह, सीईओ एवं सचिव, एसएमएस लखनऊ ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों का दायित्व केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि पर्यावरणीय जागरूकता विकसित करना तथा नवाचार आधारित व्यावहारिक समाधान उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

सम्मेलन के संयोजक डॉ. अरुणेश श्रीवास्तव ने बताया कि देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से प्राप्त 110 से अधिक शोध-पत्रों में से तकनीकी समिति द्वारा गहन समीक्षा के उपरांत 81 शोध-पत्रों का सम्मेलन में प्रस्तुतीकरण हेतु चयन किया गया है। इन शोध-पत्रों में ऊर्जा, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन, जैव विविधता तथा सतत विकास से जुड़े समकालीन विषयों पर शोध प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेन्द्र सिंह (एसोसिएट डायरेक्टर एवं सम्मेलन समन्वयक), डॉ. पी. के. सिंह (डीन एवं सम्मेलन सह-समन्वयक), सुरेन्द्र श्रीवास्तव (मुख्य महाप्रबंधक), रजिस्ट्रार, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, शोधार्थी, उद्योग प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# मलिहाबाद में 13 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

- पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ/मलिहाबाद।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मदनगर (रहमतनगर) गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 13 वर्षीय छात्रा ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मलिहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, हालांकि घटना के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। मृतका की पहचान रानी (13 वर्ष) पुत्री मोहम्मद शोएब के रूप में हुई है। वह कक्षा 9 की छात्रा थी और नई बस्ती धनेवा स्थित विद्यालय में पढ़ाई करती थी। परिवार में पिता मोहम्मद शोएब, माता रीना, बड़ा भाई दाऊद (15 वर्ष) और छोटी बहन फरहीन (4 वर्ष) हैं। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घटना के समय रानी के माता-पिता अपनी बुजुर्ग दादी के ऑपरेशन से संबंधित कार्य के लिए गांव में ही दूसरे घर गए हुए थे। उस समय घर पर रानी और उसका बड़ा भाई दाऊद मौजूद थे। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि रानी ने पहले अपने भाई को एक कमरे में बंद कर दिया और बाहर से दरवाजे में बेलन लगाकर उसे खोलने से रोक दिया। इसके बाद उसने घर के हॉल में लगे पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब माता-पिता घर लौटे तो घटना की जानकारी हुई। परिजन तत्काल रानी को फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद ले गए, जहां




चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि भाई-बहन के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है, लेकिन आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुष्टि अभी नहीं हुई है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शराब ठेके के पास मिला मजदूर का शव, हड़कंप

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के गुरुबक्शगंज चौराहा स्थित शराब ठेके के पास रविवार सुबह एक मजदूर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौराहे से उत्सव लॉन की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित हाते में एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। सुबह दुकानदारों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास देसी शराब और पानी के खाली पाउच भी पड़े मिले। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक शनिवार शाम से वहीं पड़ा था।

लोगों ने उसे शराब के नशे में समझकर ध्यान नहीं दिया। काफी प्रयास के बाद उसकी पहचान धनाभाद गांव निवासी बचान (30) पुत्र शीतलदीन के रूप में हुई। परिवारीजनों ने बताया कि बचान दैनिक मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। उसकी मौत से पत्नी मालती, दो बेटे और एक बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# लखनऊ अग्निकांड : अंतिम चरण में SIT जांच, मंगलवार को शासन को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

- दमकल विभाग को मिली क्लीन चिट

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ :** अलीगंज सेक्टर-डी स्थित अवैध व्यावसायिक इमारत में हुए भीषण अग्निकांड में 15 लोगों की मौत के मामले की जांच अंतिम चरण में पहुंच गई है। टीम ने सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य पक्षों के बयान दर्ज करने के बाद उनका क्रास चेक भी कर लिया है। शनिवार को जांच रिपोर्ट का प्रारूप तैयार कर लिया गया, जिसे मंगलवार को शासन को सौंपा जाएगा। सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट के आधार पर कई विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होने के साथ उनके खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की जा सकती है। सूत्रों का कहना है कि एसआइटी ने नगर निगम, अग्निशमन विभाग, एलडीए, बिजली विभाग और अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त रिपोर्टों का भी परीक्षण किया है। जांच के दौरान यह देखा गया कि भवन के निर्माण, संचालन और सुरक्षा मानकों के पालन में किस स्तर पर लापरवाही बरती गई। रिपोर्ट में विभागीय अधिकारियों की भूमिका और जवाबदेही भी तय की गई है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट का इंतजार है। उसकी रिपोर्ट को शामिल किया जाएगा। उधर, अलीगंज पुलिस शनिवार को विभागों से रिपोर्ट मांग रही थी, ताकि रविवार को अपनी रिपोर्ट समिट कर सके। गौरतलब है कि बीते सोमवार को अलीगंज सेक्टर-डी में एक अवैध व्यावसायिक भवन में भीषण आग लग गई थी। आग इतनी तेजी से फैली कि भवन के भीतर मौजूद लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। हादसे में 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि कई नौ झुलसकर घायल हो गए थे। घटना के बाद पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया था।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे को गंभीरता से लेते हुए तत्काल दो सदस्यीय एसआइटी का गठन किया था और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद एसआइटी ने लगातार घटनास्थल का निरीक्षण, दस्तावेजों की जांच और संबंधित लोगों से पूछताछ की। अब सभी की निगाहें एसआइटी रिपोर्ट पर टिकी हैं। माना जा रहा है कि रिपोर्ट सामने आने के बाद भवन स्वामी, प्रबंधन और लापरवाही बरतने वाले विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की दिशा तय होगी। शासन स्तर पर रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।



# लो वोल्टेज की समस्या से जन जीवन अस्त व्यस्त

**बिसवां (सीतापुर)-** बिजली के लो वोल्टेज से रामाभारी गांव के लोग महीनों से जूझ रहे हैं। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के चलते ग्रामीण वैसे ही त्राहि-त्राहि कर रहे हैं दूसरी ओर लगातार लो वोल्टेज के कारण बिजली उपभोक्ता बहुत परेशान हैं।बिजली का वोल्टेज इतना अधिक लो रहता है कि पंखों के केवल पर ही हिलते दिखते हैं लेकिन उनसे हवा नहीं मिलती। बल्वों से उजाला नहीं होता। गर्मी के प्रकोप से जूझ रहे लोग घरों के बाहर पेड़ों के नीचे शरण लेने को विवश हैं। सारे विद्युत उपकरण शो पीस बनकर रह गये हैं। खंभे पर लटकते जलते बल्व का प्रकाश ऐसा टिमटिमाते हुए दिखता है कि जैसे कोई जुगनू चमक रहा हो। इतने कम वोल्टेज में इन्वर्टर की बैटरी तक चार्ज नहीं हो पा रही हैं। अनेक बार शिकायत करने के बावजूद बिजली कर्मचारीयों व अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। भीषण गर्मी व बिजली वोल्टेज की कमी से बिल्लाये लोग प्रदेश की भाजपा सरकार को पानी पी-पीकर कोस रहे हैं। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार कमलेश मौर्य मृदु, वरिष्ठ भाजपा नेता खुशीराम मौर्य, पूर्व ग्राम प्रधान कबूल अहमद, पूर्व प्रधान निज़ाम अहमद, पूर्व बीडीसी सदस्य राजकुमार मौर्य तथा राकेश कुमार गौतम सहित दर्जनों उपभोक्ताओं ने रामा भारी गांव की लो वोल्टेज की समस्या का शीघ्र से शीघ्र समाधान कराये जाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में प्रभारी अवर अभियंता बिसवां ग्रामीण रवी शर्मा ने बताया कि इन दिनों भीषण गर्मी होने व ट्रांसफार्मर की क्षमता से अधिक कनैक्शनों का लोड होने के कारण ऐसी समस्याएं आ रही हैं।यह पूरे क्षेत्र की समस्या है।ट्रांसफार्मरों की भार क्षमता बढ़ाये जाने तथा एक और ट्रांसफार्मर लगाये जाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही लो वोल्टेज की समस्या का समाधान हो जायेगा।

# यूपी में रोजगार और आजीविका को नई गति देगी वीबी-जी राम जी योजना -केशव प्रसाद मौर्य

- विकसित भारत-जी राम जी योजना का 2 जुलाई को होगा राज्यव्यापी जन सम्मेलन लॉन्च इवेंट कार्यक्रम- केशव प्रसाद मौर्य

**उत्तर प्रदेश में 1 जुलाई 2026 से शुरू होगी वी.बी.जी. राम जी योजना**

**2 जुलाई को राज्यभर में जन सम्मेलन एवं 10,000 कार्यों का होगा शुभारंभ**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम मे ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के स्थान पर वी.बी.जी. राम जी (विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारी पूरी कर ली है। योजना 1 जुलाई 2026 से पूरे देश सहित उत्तर प्रदेश में भी लागू हो जाएगी। केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के अनुपालन मे ग्राम्य विकास विभाग मुख्यालय द्वारा सभी जनपद, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा से संबंधित साइन बोर्ड, सूचना पट्टिकाओं आदि को अपडेट कर 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना, उत्तर प्रदेश' नाम अंकित करने के निर्देश दे दिये हैं। 2 जुलाई 2026 को राज्यव्यापी जन सम्मेलन लॉन्च इवेंट कार्यक्रम निर्धारित दिशा निर्देशो के अनुरूप होगा। 2 जुलाई 2026 को तिरुपति, आंध्र प्रदेश में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर पर योजना का शुभारंभ होगा। इसके अनुरूप उत्तर प्रदेश में भी प्रत्येक विकास खण्ड की 02 ग्राम पंचायतों में जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जन सम्मेलन में योजना के अंतर्गत कार्यों का शुभारंभ करना, निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, श्रमिकों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं स्थानीय समुदाय के साथ जन सम्मेलन आयोजित होगा। प्रस्तावित कार्यों एवं विकसित ग्राम पंचायत योजना का प्रदर्शन किया जाएगा। विकसित भारत-जी राम जी योजना की मुख्य विशेषताओं, लाभों एवं 125 दिनों के रोजगार गारंटी पर प्रचार सामग्री (पोस्टर, बैनर, स्टैंडी) का प्रदर्शन करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में कुल 10,000 कार्य 2 जुलाई को शुरू किए जाएंगे। सर्वाधिक कार्य शुरू करने वाले जनपदों में आजमगढ़ (342), जौनपुर (337), गाज़ीपुर (326), सीतापुर (319) आदि शामिल हैं। बता दें कि योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी को मजबूत करना है,आजीविका संवर्धन एवं विकसित ग्राम पंचायतों का निर्माण करना,पारदर्शिता, डिजिटल प्रणाली एवं विकेन्द्रीकृत योजना बनाना है। आयुक्त,ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों/अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयकों को निर्देश दिये है कि जन सम्मेलन का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए तथा योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।



**सम्पर्क सूत्र- बी0एल0 यादव**

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ने रोशन की सुशील की एलईडी बल्ब यूनिट, बनाया आत्मनिर्भर

उत्तर प्रदेश में युवाओं की ऊर्जा और मेधा को सही दिशा देने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। आज का युवा केवल नौकरी की तलाश में भटकने के बजाय खुद का उद्यम स्थापित करने की सोच रख रहा है। इस सोच को हकीकत में बदलने का काम प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं कर रही हैं। किसी भी राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब वहां के युवाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त अवसर और संसाधन मिलें। इसी उद्देश्य के साथ शुरू की गई योजनाएं राज्य के कोने-कोने में बदलाव की एक नई इबारत लिख रही हैं। सपने तभी साकार होते हैं जब उन्हें पूरा करने का अटूट साहस और सही समय पर उचित अवसर दोनों एक साथ मिल जाएं। प्रदेश सरकार की ''मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान'' योजना ठीक इसी तरह युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बन रही है। यह योजना युवाओं को रोजगार खोजने वाले पारंपरिक ढर्रे से बाहर निकालकर रोजगार सृजित करने वाला एक मजबूत और आत्मनिर्भर उद्यमी बनाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वित्तीय सहायता, सही मार्गदर्शन और प्रशासनिक सहयोग के अनूठे त्रिकोण के माध्यम से यह योजना आज प्रदेश के हजारों-लाखों युवाओं के जीवन में बड़ा और सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। इस योजना का प्रभाव केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण और शहरी अंचलों के धरातल पर साफ देखा जा सकता है। जनपद लखीमपुर खीरी के एक छोटे से गांव के रहने वाले युवा श्री सुशील कुमार इस व्यवस्थागत बदलाव और व्यक्तिगत दृढ़ संकल्प की एक बेहद प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरे हैं।

तहसील मोहम्मदी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सदियापुर बलमियां बढ़कर के निवासी श्री सुशील कुमार के मन में हमेशा से अपना खुद का एक व्यवसाय स्थापित करने की तीव्र इच्छा थी। उनका यह स्पष्ट मानना था कि यदि स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के नए अवसर विकसित किए जाएं, तो इससे न केवल उनके खुद के परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि क्षेत्र के अन्य ग्रामीण युवाओं को भी अपने घर के पास ही काम मिल सकेगा। उनके मन में काफी समय से एलईडी बल्ब निर्माण और उसकी असेंबली इकाई स्थापित करने का एक बेहतरीन विचार चल रहा था।

वर्तमान समय में देखा जाए तो ऊर्जा दक्ष और पर्यावरण के अनुकूल एलईडी उत्पादों की मांग बाजार में लगातार तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में इस क्षेत्र में व्यवसाय की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। हालांकि, किसी भी नए व्यवसाय को शुरू करने के लिए जो सबसे पहली और आवश्यक चीज होती है, वह है पर्याप्त पूंजी। सुशील कुमार के लिए इस पूंजी की व्यवस्था करना ही उनके जीवन की सबसे बड़ी और कठिन चुनौती बनकर सामने खड़ी थी। सीमित आर्थिक संसाधनों और पारिवारिक बंधनों के कारण एक समय ऐसा भी आया जब उनका यह बड़ा सपना साकार होता हुआ नहीं दिख रहा था। वह लगातार संसाधनों को जुटाने के प्रयास में लगे हुए थे लेकिन हर बार वित्तीय कमी आड़े आ जा रही थी।

इसी कशमकश के दौरान उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त हुई। इस जानकारी ने निराश हो चुके उनके मन को एक नई उम्मीद दी और उनके जीवन को एक बिल्कुल नई दिशा देने का कार्य किया। योजना की बारीकियों को समझने के बाद श्री सुशील कुमार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत एलईडी बल्ब असेंबली एवं मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित विभागों द्वारा उनके व्यावसायिक प्रस्ताव का बेहद बारीकी से परीक्षण किया गया।

परियोजना की व्यवहारिकता, बाजार में इसकी मांग और सुशील कुमार के उत्साह को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा इसे सहर्ष अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इस योजना के अंतर्गत वित्तीय सहयोग प्रदान करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से उन्हें ?5 लाख का ऋण बेहद आसान शर्तों पर उपलब्ध कराया गया। किसी भी नए उद्यम के लिए समय पर वित्तीय सहायता का मिलना संजीवनी के समान होता है। ठीक इसी तरह समय पर मिली इस आर्थिक मदद से सुशील कुमार के व्यवसाय की नींव बेहद मजबूत हो गई। लोन की राशि प्राप्त होते ही उन्होंने पूरी लगन, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपने उद्यम की स्थापना का जमीनी कार्य तुरंत प्रारंभ कर दिया।

ऋण की राशि का सही उपयोग करते हुए श्री सुशील कुमार ने सबसे पहले व्यवसाय के लिए आवश्यक मशीनरी, अत्याधुनिक उपकरण एवं कच्चे माल की उचित व्यवस्था की। इसके बाद उन्होंने अपने गांव के पास ही एलईडी बल्ब असेंबली एवं निर्माण इकाई को पूरी तरह स्थापित कर दिया। उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि बेहद कम समय के भीतर ही उनकी यूनिट में उत्पादन का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया। आज उनकी इस निर्माण इकाई में विभिन्न प्रकार के उच्च गुणवत्ता वाले एलईडी बल्बों का निर्माण और उनकी असेंबली का कार्य सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। अपनी गुणवत्तापूर्ण निर्माण नीति और ग्राहकों के बीच बनाए गए अटूट विश्वास के बल पर उनका यह छोटा सा व्यवसाय अब निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

स्थानीय बाजार में बढ़ती हुई मांग के अनुरूप वे अपने उत्पादन की क्षमता में भी लगातार वृद्धि कर रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का सबसे महत्वपूर्ण और खूबसूरत पहलू यही है कि यह योजना केवल किसी एक व्यक्ति की व्यक्तिगत आय बढ़ाने तक सीमित नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य व्यापक स्तर पर स्थानीय रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। श्री सुशील कुमार की यह एलईडी यूनिट आज इसी उद्देश्य का एक उत्कृष्ट और जीवंत उदाहरण बनकर सबके सामने खड़ी है। आज उनके इस छोटे से कारखाने में स्थानीय स्तर के ही 5 युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है।

इन युवाओं को अब काम की तलाश में अपने घर और गांव को छोड़कर बड़े शहरों की तरफ पलायन नहीं करना पड़ता। इससे न केवल उन श्रमिक परिवारों की आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार आया है, बल्कि पूरे क्षेत्र में स्वरोजगार और उद्यमिता के प्रति एक बेहद सकारात्मक और ऊर्जावान वातावरण का विकास हुआ है। जो सुशील कुमार एक समय स्वयं अपने लिए रोजगार की तलाश में भटक रहे थे, आज वे अपनी मेहनत के दम पर अन्य लोगों को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। व्यवसाय की इस शानदार सफलता ने श्री सुशील कुमार की मासिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

आय बढ़ने से उनके परिवार की आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हुई है और उनके रहन-सहन के स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आया है। इस आर्थिक आत्मनिर्भरता ने न केवल उनके परिवार को संबल दिया है, बल्कि सुशील कुमार के भीतर एक नए आत्मविश्वास का संचार भी किया है। सुशील कुमार आज बताते हैं कि यदि उन्हें प्रदेश सरकार की इस योजना का समय पर सहयोग न मिला होता, तो उनके जैसे एक सामान्य ग्रामीण युवा के लिए अपने दम पर इस तरह के व्यवसाय की स्थापना करना अत्यंत कठिन और असंभव सा होता।

योजना के माध्यम से प्राप्त वित्तीय सहायता और जिला प्रशासन के प्रशासनिक सहयोग ने सुशील कुमार के पुराने सपनों को धरातल पर सच करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया। आज वे समाज में एक सफल और प्रतिष्ठित उद्यमी के रूप में अपनी एक नई पहचान बना चुके हैं। श्री सुशील कुमार की यह शानदार सफलता की कहानी प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए एक महान प्रेरणास्रोत बन चुकी है। यह कहानी समाज को यह स्पष्ट संदेश देती है कि यदि हमारे युवा सही दिशा में ईमानदारी से प्रयास करें और शासन द्वारा संचालित लोककल्याणकारी योजनाओं का सही समय पर लाभ उठाएं, तो सीमित आर्थिक संसाधन भी कभी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकते।

दृढ़ संकल्प, अनवरत परिश्रम और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का यह अनूठा समन्वय किसी भी प्रतिभावान युवा को आत्मनिर्भरता के शिखर पर पहुंचा सकता है। आज सुशील कुमार सिर्फ अपने व्यवसाय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अपने आसपास के क्षेत्र के अन्य बेरोजगार युवाओं को भी स्वरोजगार अपनाने और प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लगातार प्रेरित कर रहे हैं। उनकी यह जमीनी सफलता अन्य ग्रामीण युवाओं के भीतर भी यह दृढ़ विश्वास पैदा करती है कि सरकार की तरफ से मिले सहयोग का सही उपयोग करके अपनी योजनाओं को साकार किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस दूरदर्शी सोच और युवाओं की लगन का ही परिणाम है कि आज प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और ग्रामीण स्तर पर आत्मनिर्भरता के नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं।

**जनपद लखीमपुर खीरी**

## महाराष्ट्र में अश्वत्र का पेपर लीक: 'भरोसा' कब लीक होना बंद होगा?

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

देश में पेपर लीक की समस्या एक बड़ा रुप ले चुकी है और इस पर राजनीति भी बहुत हो रही है। लेकिन लेकिन अभी तक लीक प्रूफ परीक्षा का हमें ऐहसास नहीं हो पा रहा है। नीट का पेपर जब लीक हुआ तो उसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इसी के बाद महाराष्ट्र में टैट का पेपर लीक हो गया और राज्य सरकार को परीक्षा रद्द करनी पड़ी। 28 जून 2026 को होने वाली महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा MAHA TET से ठीक 24 घंटे पहले पेपर लीक हो गया। नतीजाः 4 लाख 28 हजार अभ्यर्थियों का भविष्य फिर से लटका दिया गया। ये कोई पहली बार नहीं है। सवाल वही हैः आखिर पेपर लीक से छुटकारा कब मिलेगा? 27 जून की सुबह का 'ऑपरेशन लीक' भिवंडी में छापा- 27 जून को सुबह 4 बजे भिवंडी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि TET का पेपर बेचा जा रहा है। छापेमारी में संदिग्धों के पास से जो प्रश्नपत्र मिले, वो असली TET पेपर से हूबहू मैच कर रहे थे। परीक्षा रद्द- महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद MSCE ने तुरंत 28 जून की परीक्षा स्थगित कर दी। नई तारीख अभी घोषित नहीं हुई है।

**गिरफ्तारियां-** भिवंडी पुलिस ने कम से कम 3 लोगों को हिरासत में लिया है और केस दर्ज कर जांच शुरू की है। ये पहली बार नहींः 'बार-बार लीक' की कहानी- महाराष्ट्र में TET पेपर लीक अब आदत बन चुका है। 2025 कोल्हापुर में 23 नवंबर की परीक्षा से पहले 18 लोग गिरफ्तार। गिरोह 3 लाख रुपये में पेपर बेच रहा था। 2026 ठाणे/भिवंडी में 28 जून की परीक्षा से 1 दिन पहले पेपर लीक। 4 लाख अभ्यर्थी प्रभावित हुए। 2025 में कोल्हापुर केस के बाद भी परिषद ने कहा था कि 'पेपर छपाई बेहद गोपनीय होती है, कोषागार में 24 घंटे निगरानी रहती है '। फिर भी लीक हो गया। कौन फंस रहा है बीच में? 4 लाख शिक्षक अभ्यर्थी। इस बार करीब 4.28 लाख उम्मीदवार परीक्षा देने वाले थे। इसमें 2.26 लाख वो शिक्षक भी शामिल थे जो पहले से नौकरी कर रहे हैं, लेकिन TET क्वालिफिकेशन के लिए फिर से परीक्षा दे रहे थे। एक अभ्यर्थी का 1 साल बर्बाद। फीस, तैयारी, कोचिंग सब गया। और सबसे बड़ा नुकसानः स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती फिर लटकेगी।

लीक होता कैसे है? 'माफिया का मॉडल'- जांच और पुराने केस देखें तो पैटर्न साफ है। व्हाट्सएप चेन- HSC बोर्ड पेपर लीक में भी 'टेक वन' ग्रुप से 'एक्सीलेंट ट्यूशन क्लासेस' होते हुए स्टूडेंट्स तक पेपर पहुंचता था। प्राइवेट कोचिंग का रोल- नागपुर बोर्ड केस में एक प्राइवेट कोचिंग से जुड़े व्यक्ति ने पैसे लेकर पेपर साझा किया था। अंदरूनी सांठगांठ- बिना छपाई वाले, या कोषागार/ट्रांसपोर्ट लेवल पर पेपर निकलना। 2026 में भी पेपर परीक्षा से 20 मिनट पहले व्हाट्सएप पर भेजा गया था।

**राजनीति शुरूः** 'पेपर लीक सरकार' का आरोप- कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहाः 'पेपर लीक अब अपवाद नहीं, बीजेपी सरकार की पहचान बन गया है। ठाणे में ही टैट का पेपर लीक... किसका राजनीतिक संरक्षण है?' आखिर लीक से छुटकारा कब? कड़ी सजा का कानून- NEET की तरह महाराष्ट्र में भी 'Public E&amination Act' को दांत वाला बनाना। गिरफ्तार लोग 2 महीने में जमानत पर बाहर न आएं। टेक्नोलॉजी से निगरानी- पेपर को ब्लॉकचेन या एन्क्रिप्टेड ृक्र कोड से ट्रैक करना। हर हैंडलिंग पर बायोमेट्रिक लॉग। कोचिंग माफिया पर कार्रवाई- ट्यूशन क्लासेस में छापे और व्हाट्सएप ग्रुप मॉनिटरिंग। पैसे लेकर पेपर बेचने वालों का लाइसेंस रद्द। परिषद की जवाबदेही- हर लीक पर MSCE के शीर्ष अधिकारी से स्पष्टीकरण और जिम्मेदारी तय। सिर्फ 'पुलिस का मामला' कहकर पल्ला झाड़ना बंद। अभ्यर्थियों को मुआवजा-परीक्षा रद्द होने पर फीस वापस + अगली परीक्षा फ्री + ट्रैवल खर्च। ताकि सिस्टम को दर्द हो। NEET, HSC, अब TET... हर बार सरकार कहती है 'जांच होगी '। पर अभ्यर्थी हर बार नई तारीख का इंतजार करता है। जब तक पेपर लीक करने वाले को नौकरी नहीं, बल्कि जेल और 10 साल का बैन मिलना तय नहीं होगा, तब तक 4 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर लगता रहेगा। क्या महाराष्ट्र को हर परीक्षा के लिए CBI जांच चाहिए, या MSCE खुद को सुधारेगा? अब हर परीक्षा से पहले लीक का डर परीक्षार्थियों को सताने लगा है। और जब वह किसी परीक्षा की तैयारियां करते हैं तो एक सवाल जरूर मन में उठता है कि कहीं परीक्षा लीक न हो जाए। सरकार को इसके लिए ठोस कदम उठाने होंगे। कानून को और सख्त बनाना होगा।

## गांव का पुस्तकालय- विकसित भारत की पहली प्रयोगशाला

**[ ज्ञान का दीप गांव में जले, तभी विकास का सूरज पूरे देश में उगेगा ]**

**[ विकास वहीं जन्म लेता है, जहां प्रतिभा को अपना गांव छोड़ना नहीं पड़ता ]**

विकास की सच्ची पहचान चौड़ी सड़कों या बड़े उद्योगों से नहीं, बल्कि अवसरों की समान पहुंच से होती है। जब प्रतिभा को अपने ही गांव में भविष्य गढ़ने का अवसर मिले, तभी लोकतंत्र सार्थक होता है। हरियाणा ने 'अटल ई-पुस्तकालय' अभियान से यह उदाहरण प्रस्तुत किया है। राज्य के 985 से अधिक गांवों में स्थापित आधुनिक पुस्तकालय केवल अध्ययन-कक्ष नहीं, बल्कि लाखों ग्रामीण युवाओं के सपनों के नए आधार बन चुके हैं। यहां नवीनतम पुस्तकें, डिजिटल अध्ययन-सुविधाएं, तीव्रगति इंटरनेट, शांत वातानुकूलित वातावरण और एकाग्र अध्ययन का अनुकूल परिवेश उपलब्ध है। परिणामस्वरूप गांव का युवा अब अपने ही गांव से प्रशासनिक सेवाओं, पुलिस सेवा, बैंक, कर्मचारी चयन आयोग, शिक्षक भर्ती तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पूरे आत्मविश्वास के साथ कर रहा है।

इस पहल की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल पुस्तकालयों का निर्माण नहीं, बल्कि उस धारणा को बदलना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल शहरों की पहचान है। वर्षों तक बेहतर संसाधनों की तलाश में ग्रामीण विद्यार्थियों को घर छोड़ना पड़ता था और शिक्षा परिवार पर आर्थिक बोझ बन जाती थी। हरियाणा ने यह स्थिति बदल दी है। अब गांव का विद्यार्थी अपने ही गांव में डिजिटल संसाधनों, राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन अभ्यास परीक्षाओं और नवीनतम अध्ययन सामग्री का लाभ उठाकर बिना पलायन अपने भविष्य की मजबूत नींव रख रहा है। यह केवल सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि शिक्षा के भूगोल में ऐतिहासिक परिवर्तन है। इसने सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा का भविष्य स्थान नहीं, अवसर तय करते हैं।

इन पुस्तकालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन्होंने अध्ययन को व्यक्तिगत संघर्ष से सामूहिक शक्ति में बदल दिया है। गांव के युवा यहां साथ बैठकर तैयारी करते हैं, समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं, एक-दूसरे की शंकाओं का समाधान करते हैं और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाते हैं। डिजिटल पुस्तकालय और तीव्रगति इंटरनेट उन्हें विश्वस्तरीय ज्ञान, नवीनतम अध्ययन सामग्री तथा बदलते परीक्षा-पैटर्न से निरंतर जोड़ते हैं। जिन सुविधाओं के लिए कभी बड़े शहरों की महंगी कोचिंग और किराए के कमरों पर निर्भर होना पड़ता था, वे आज गांव में ही उपलब्ध हैं। इससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है, साथ ही परिवार और समाज से जुड़ाव भी बना हुआ है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना का सबसे सशक्त और जीवंत स्वरूप आज हरियाणा के इन ग्रामीण पुस्तकालयों में दिखाई देता है।

इस व्यवस्था की सबसे बड़ी शक्ति उसकी जमीनी भागीदारी है। पुस्तकालयों का संचालन केवल सरकारी तंत्र नहीं, बल्कि ग्राम पंचायतों की सक्रिय सहभागिता से हो रहा है। इसलिए प्रत्येक पुस्तकालय स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हुआ है। जहां कृषि संबंधी प्रतियोगी परीक्षाओं की मांग है, वहां उसी अनुरूप अध्ययन सामग्री है; जहां सरकारी नौकरियों की तैयारी प्रमुख है, वहां आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। यह ऊपर से थोपा गया मॉडल नहीं, बल्कि गांव की जरूरतों से निर्मित व्यवस्था है। इसलिए युवा इन पुस्तकालयों को केवल सरकारी भवन नहीं, बल्कि अपने भविष्य और गांव की सामूहिक पूंजी मानते हैं। यही स्वामित्व-बोध किसी भी जनकल्याणकारी योजना की स्थायी सफलता का आधार बनता है।

शिक्षा विशेषज्ञ इस पहल को उचित ही 'ज्ञान का लोकतंत्रीकरण' कहते हैं। जब ज्ञान पर आर्थिक संसाधनों का एकाधिकार टूटता है, तभी सामाजिक न्याय का वास्तविक मार्ग प्रशस्त होता है। आज किसान का बेटा और मजदूर की बेटी भी उसी स्तर की तैयारी कर रहे हैं, जिसके लिए कभी महंगी कोचिंग और शहर में रहना अनिवार्य माना जाता था। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं में ग्रामीण युवाओं की भागीदारी और प्रशासनिक सेवाओं में उनका प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। मेरिट का आधार आर्थिक स्थिति नहीं, बल्कि प्रतिभा बनेगी। शिक्षा की यह समानता सामाजिक विषमताओं को भी कम करेगी। विकास तभी स्थायी होता है, जब उसकी धारा नीचे से ऊपर बहे। हरियाणा ने इस सिद्धांत को व्यवहार में उतारकर दिखाया है।

अब प्रश्न केवल हरियाणा की सफलता का नहीं, बल्कि देश की विकास-प्राथमिकताओं का है। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों में आज भी लाखों युवा बेहतर अध्ययन-संसाधनों के लिए शहरों की ओर पलायन करते हैं। यदि प्रत्येक पंचायत में आधुनिक ई-पुस्तकालय स्थापित किए जाएं, तो यह केवल शिक्षा नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सामाजिक समरसता और रोजगार के नए अवसरों का भी आधार बन सकता है। केंद्र सरकार को डिजिटल इंडिया, कौशल विकास और ग्रामीण विकास की योजनाओं से इस मॉडल को जोड़कर राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप देना चाहिए। जिस प्रकार डिजिटल भुगतान और ग्रामीण इंटरनेट ने भारत की कार्यसंस्कृति बदली है, उसी प्रकार ज्ञान तक समान पहुंच का यह अभियान शिक्षा के परिदृश्य को नई दिशा दे सकता है। अब हर पंचायत में आधुनिक पुस्तकालय का सपना कल्पना नहीं, बल्कि एक सिद्ध, व्यवहारिक और राष्ट्रीय स्तर पर अपनाए जाने योग्य मॉडल है।

हरियाणा की यह पुस्तकालय क्रांति एक गहरी सीख देती है—राष्ट्र केवल राजधानी की ऊंची इमारतों से नहीं, गांवों के अध्ययन-कक्षों से भी बनता है। किसी ग्रामीण पुस्तकालय में देर रात तक जलती रोशनी, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे युवा की आंखों का आत्मविश्वास और अपने ही गांव में भविष्य गढ़ने का संकल्प—यही लोकतांत्रिक विकास का सबसे प्रेरक दृश्य है। यह पहल केवल सरकारी नौकरियों की तैयारी का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण स्वाभिमान, सामाजिक समानता और अवसरों के विकेंद्रीकरण का सशक्त प्रतीक है। हरियाणा ने सिद्ध कर दिया है कि जब शिक्षा गांव के द्वार तक पहुंचती है, तब केवल विद्यार्थियों का भविष्य नहीं, पूरे समाज की दिशा बदल जाती है। अब समय है कि अन्य राज्य भी इस पथ पर आगे बढ़ें। क्योंकि जिस दिन भारत के हर गांव में ज्ञान का दीप समान रूप से प्रज्वलित होगा, उसी दिन विकास का वास्तविक सूर्योदय होगा। सच तो यह है कि जब गांव जागते हैं, तभी राष्ट्र आगे बढ़ता है।

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत '**

## वेलकम टु द जंगल के कलेक्शन में आया तगड़ा उछाल, तीसरे दिन हाफ सेंचुरी पार पहुंचा आंकड़ा



**लखनऊ।** अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। पेड प्रीव्यू में ही इसने शानदार कमाई कर ली थी और अब वीकेंड पर भी कमाल दिखा रही है। अहमद खान के निर्देशन में बनी 'वेलकम टू द जंगल' पॉपुलर 'वेलकम' फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म है।

**फरीदा जलाल के स्पेशल अपियरेंस**

फिल्म ने पहले दिन 15.25 करोड़ रुपये की ओपनिंग की जबकि दूसरे दिन इसके कलेक्शन में 31.1% की अच्छी बढ़ोतरी देखी गई। फिल्म को दर्शकों से पॉज़िटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। कई दर्शक खास तौर पर अनुभवी एक्ट्रेस फरीदा जलाल की बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग की तारीफ कर रहे हैं, जो इस कॉमेडी एंटरटेनर की खासियतों में से एक बनकर उभरी है।

**कितना रहा तीसरे दिन का कलेक्शन?**

दूसरे दिन फिल्म ने वीकेंड पर 20 करोड़ रुपये की ओपनिंग की। वहीं सैकनिल्क के मुताबिक तीसरे दिन की रिपोर्ट भी सामने आ गई है। वेलकम टू द जंगल ने तीसरे दिन 20.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। अभी तक इसका भारत में कुल नेट कलेक्शन 59.75 करोड़ रुपये हुआ है। इस हिसाब से इसके कलेक्शन में 40 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला। वहीं अभी ये कलेक्शन और बढ़ेगा। एक अनुमान के मुताबिक अपने पहले रविवार को वेलकम टू द जंगल 22 से 23 करोड़ रुपये का कलेक्शन आराम से कर लेगी। वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म ने 59.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

**फिल्म में कौन-कौन से कलाकार आए नजर**

फिल्म की कास्ट की बात करें तो इसमें अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला, हेमंत पांडे, बृजेंद्र काला जैसे कलाकार नजर आए।

## दैनिक राशिफल

**मेषः** आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और नए अवसर मिल सकते हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा तथा आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना लाभदायक रहेगा।

**वृषभः** कारोबार और नौकरी में प्रगति के संकेत हैं। पुराने मित्र या परिचित से मुलाकात हो सकती है, जिससे भविष्य में लाभ के अवसर बनेंगे।

**मिथुनः** रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**कर्कः** परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। कार्यस्थल पर आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, जिन्हें आप सफलता से पूरा करेंगे।

**सिंहः** आत्मविश्वास के बल पर महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखें और किसी भी निवेश से पहले अच्छी तरह विचार करें।

**कन्याः** व्यापार में लाभ के अच्छे योग हैं। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा तथा स्वास्थ्य का ध्यान रखने से दिन बेहतर रहेगा।

**तुलाः** सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नए संपर्क भविष्य में लाभदायक सिद्ध होंगे और रुके हुए कार्यों में गति आएगी।

**वृश्चिकः** आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी। किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न रहेगा और परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा।

**धनुः** करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकरः** कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति का सहयोग भविष्य के लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

**कुंभः** नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी और मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीनः** भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और रुके हुए कार्य पूरे होंगे। धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी तथा मन शांत रहेगा।

## रिमोट सेंसिंग तकनीक से फसलों का सटीक मानचित्रण से प्रदेश के किसानों का बढ़ा उत्पादन

**लखनऊ** कृषि प्रधान उत्तर प्रदेश में फसलों की सही जानकारी, उनके क्षेत्रफल का आकलन और उत्पादन की प्रभावी योजना बनाना हमेशा से एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। परंपरागत सर्वेक्षण विधियों में समय, संसाधन और मानव श्रम की अधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने इस चुनौती का समाधान प्रस्तुत किया है। उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत कार्यरत रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर (आरएसएसी) द्वारा उपग्रह आधारित तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश की विभिन्न फसलों का वैज्ञानिक मानचित्रण एवं क्षेत्रफल आकलन किया जा रहा है।

रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) तकनीकों की सहायता से प्रदेश के चयनित 20 जनपदों में केला फसल का ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर मानचित्रण तथा क्षेत्रफल आकलन किया गया है। इनमें गोरखपुर, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कुशीनगर, बहराइच, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, फतेहपुर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, कौशाम्बी, संत कबीर नगर, गोंडा, बस्ती और अम्बेडकर नगर जैसे प्रमुख जनपद शामिल हैं। इस पहल से केला उत्पादन वाले क्षेत्रों की सटीक पहचान संभव हुई है, जिससे किसानों और नीति निर्माताओं को बेहतर योजना बनाने में सहायता मिल रही है। अंतरिक्ष से किए गए मानचित्रण से किसानों को फसलोंत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है। इसी प्रकार प्रदेश के 37 जनपदों में मेंथा फसल का भी ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर मानचित्रण और क्षेत्रफल आकलन किया गया है। बाराबंकी, सीतापुर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बिजनौर, अमरोहा, संभल, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, प्रतापगढ़, झांसी, जालौन, आजमगढ़, महाराजगंज, संत कबीर नगर, लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, हरदोई, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बदायूं जैसे जनपद इस अध्ययन का हिस्सा रहे हैं। इससे प्रदेश में मेंथा उत्पादन के वास्तविक स्वरूप को समझने और उससे जुड़े उद्योगों के लिए आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने में मदद मिली है।

इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में जायद एवं रबी मौसम की सब्जी फसलों का ब्लॉक और जनपद स्तर पर मानचित्रण तथा क्षेत्रफल आकलन किया जा रहा है। यह कार्य प्रदेश की खाद्य सुरक्षा, बाजार प्रबंधन और कृषि योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। सटीक आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू कर सकती है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत उपग्रह चित्रों का पूर्व-क्षेत्रीय विश्लेषण, फसलों की पहचान और वर्गीकरण, भू-सत्यापन, गुणवत्ता परीक्षण तथा क्षेत्रफल विश्लेषण जैसे वैज्ञानिक चरणों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। वर्तमान में इन आंकड़ों के आधार पर विस्तृत मानचित्र तैयार किए जा रहे हैं, जो कृषि प्रबंधन और निर्णय निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित यह पहल दर्शाती है कि आधुनिक अंतरिक्ष तकनीक केवल अनुसंधान तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों के खेतों तक पहुँचकर कृषि विकास की नई संभावनाएँ भी खोल रही है। रिमोट सेंसिंग और जीआईएस आधारित यह कार्य उत्तर प्रदेश को तकनीक-संचालित कृषि की दिशा में आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भविष्य में कृषि योजनाओं की सटीकता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

**जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच कृषि को नई दिशा देती भू-स्थानिक तकनीक**

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य की बड़ी आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। लेकिन बदलते जलवायु परिदृश्य, अनियमित वर्षा, बढ़ते तापमान, मिट्टी की उर्वरता में कमी तथा प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव ने कृषि क्षेत्र के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। ऐसे समय में खेती को अधिक टिकाऊ, लाभकारी और वैज्ञानिक बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत कार्यरत रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर (आरएसएसी-यूपी) द्वारा 'जलवायु अनुकूलन कृषि एवं मौजूदा प्राकृतिक संसाधनों का उपग्रहीय आंकड़ों से मानचित्रण' परियोजना संचालित की गई। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कृषि और प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर किसानों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में सहायता प्रदान करना है। परियोजना के अंतर्गत रिमोट सेंसिंग, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) तथा वैश्विक स्थितिकरण प्रणाली (जीपीएस) जैसी आधुनिक भू-स्थानिक तकनीकों का उपयोग किया गया। इन तकनीकों के माध्यम से फसलों की स्थिति, मिट्टी की नमी, पोषक तत्वों की उपलब्धता तथा भूमि उपयोग में होने वाले परिवर्तनों का विस्तृत अध्ययन किया गया। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों के लिए मानचित्र तैयार किए गए, जिससे यह समझने में सहायता मिली कि कहाँ कृषि उत्पादन अधिक है और किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है।

आज कृषि क्षेत्र बढ़ती लागत और घटती उत्पादकता जैसी समस्याओं का सामना कर रहा है। ऐसे में भू-स्थानिक तकनीक किसानों को सटीक जानकारी उपलब्ध कराकर संसाधनों के बेहतर उपयोग में मदद करती है। इससे उर्वरकों, पानी और अन्य कृषि निवेशों का संतुलित उपयोग संभव होता है, जिससे लागत घटती है और उत्पादन बढ़ता है। साथ ही पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को भी कम किया जा सकता है। जलवायु अनुकूलन कृषि का लक्ष्य केवल उत्पादन बढ़ाना ही नहीं है, बल्कि कृषि प्रणाली को जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक लचीला बनाना भी है। यह तकनीक किसानों को मौसम संबंधी जोखिमों को समझने, फसल चयन में सुधार करने तथा संसाधनों के संरक्षण में सहायता प्रदान करती है। इसके माध्यम से कृषि से होने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। परियोजना के अंतर्गत वाराणसी, एटा और देवरिया जनपदों के चयनित क्षेत्रों में अध्ययन कार्य किया गया। इन क्षेत्रों में भूमि उपयोग, जल स्रोतों, भू-जल, जलग्रहण क्षेत्रों तथा कृषि फसलों का विस्तृत मानचित्रण किया गया। कई वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण कर फसलों की स्थिति और स्वास्थ्य का मूल्यांकन किया गया। इसके साथ ही मिट्टी और जल के नमूनों का संग्रहण एवं परीक्षण कर उनकी गुणवत्ता का आकलन भी किया गया।

इस अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर किसानों को वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध कराई जा रही है। विशेष रूप से धान जैसी फसलों से होने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा रही है तथा वैकल्पिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि और कृषि की दीर्घकालिक स्थिरता भी सुनिश्चित होगी।

**-अभिषेक सक्सेना, सहायक पर्यवेक्षक**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, बनकटा में दहेज प्रताड़ना केस में पति दबोचा

**देवरिया।** जिले की खामपार थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवती से दोस्ती कर उसे प्रेमजाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को नवादा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वहीं, बनकटा थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना व हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथौड़ी भी बरामद की। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई। दोनों मामलों में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**गोंडा:** बाबा बद्री दास आश्रम छपिया विकास खंड के परसा तिवारी पर कल्याण करोति लखनऊ और दीनबंधु चिकित्सालय अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में विशाल नेत्र शिक्षण शिविर का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों ने नेत्र जांच हुई निशुल्क दवा व चश्मा प्राप्त किया चिन्हित किए गए मोतियाबिंद के मरीजों को अस्पताल ले जाकर ऑपरेशन कराया जाएगा बाबा बद्रीदास जन कल्याण सेवा संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा एडवोकेट ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कराया जाता है जिस क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिलता रहता है ट्रस्ट के सचिव सूर्यमणि त्रिपाठी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक सोमवार को वृद्ध जनों और दिव्यांगजनो एवं पैरालिसिस के मरीजो को निशुल्क फिजियोथैरेपी की सुविधा प्रदान की जाती है ट्रस्ट के निश्च समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार पांडे ने बताया की ट्रस्ट पर बीपी शुगर की जांच निशुल्क की जाती है और सोमवार के दिन ही 70 वर्ष व पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाते हैं दीनबंधु चिकित्सालय की तरफ से जगत पाल यादव, डॉ शिवम श्रीवास्तव, रोशन कुमार आदि सचल वैन के साथ उपस्थित रहे और सभी को चिकित्सा का लाभ प्रदान किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विंध्याचल शर्मा, नरसिंह वर्मा, रमाकांत वर्मा, रवि कुमार वर्मा फार्मासिस्ट, जगदंबा प्रसाद शर्मा फार्मासिस्ट, डॉ श्याम नारायण फिजियो थैरेपिस्ट, मनोज कुमार, अजय प्रताप, पवन यादव, महेश यादव, नंदलाल, विनोद गुप्ता, और ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी और सदस्य गण मौजूद रहे कार्यक्रम ट्रस्ट के प्रबंधक/महंत जगदीश यादव की देखरेख में संपन्न हुआ।

## आजमगढ़ में परिषदीय स्कूल की भूमि पर बने मदरसा पर चला बुलडोजर, पांच कमरों के भवन को कराया जमींदोज

**माहुल (आजमगढ़)।** फूलपुर तहसील क्षेत्र के मोलनापुर गांव में शनिवार को नायब तहसीलदार फूलपुर राजाराम के नेतृत्व में पहुंची राजस्व और पुलिस टीम ने प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर वर्षो से हुए अवैध कब्जे को हटवा दिया। टीम ने भूमि में अवैध रूप से पांच कमरों के निर्मित मदरसे को वेकहो लोडर के माध्यम से तोड़वाकर मलबा के साथ भूमि को ग्राम प्रधान को सिपुर्द किया। ग्राम मोलनापुर में .188 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में प्राथमिक विद्यालय की भूमि है। जिस पर गांव के कुछ लोग मदरसा चला रहे थे। इसी गांव के अच्छेलाल मौर्य भाजपा के बूथ अध्यक्ष है।उन्होंने भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए डीएम, उपजिलाधिकारी फूलपुर को शिकायती पत्र दिया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी फूलपुर ने भूमि की पैमाइश कराई और कब्जा मुक्त कराने के लिए नायब तहसीलदार राजाराम के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक राम आसरे, लेखपाल शिवानी जायसवाल, विवेक यादव, मिथिलेश मौर्य और अनुराग यादव के साथ छह सदस्यीय टीम गठित की। टीम ने चौकी प्रभारी माहुल यश सिंह पटेल, उपनिरीक्षक श्यामकुमार दुबे सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और विद्यालय की भूमि में बने मदरसे के पांच कमरे को वेकहोलोडर के माध्यम से जमीदोज करा दिया और मलबा सहित खाली कराई गई भूमि को प्रधान अयूब अहमद को सिपुर्द कर दिया।प्रशासन की इस कार्रवाई से गांव में हलचल रही। इस मौके पर मुशीर अहमद, मो. खालिद, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अच्छेलाल मौर्य, अब्दुल्ला राशिद आदि रहे।

# खजनी में पल्स पोलियो अभियान का आगाज, सीएमओ डॉ. राजेश झा ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दो बूंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने की दिशा में रविवार को खजनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने नवजात एवं छोटे बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि पांच वर्ष तक की आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए।

कार्यक्रम के बाद सीएमओ ने खजनी ब्लॉक क्षेत्र का भ्रमण किया और छताई पोलियो बूथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर टीकाकरण और पल्स पोलियो अभियान में सभी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

सीएमओ ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर भी बच्चों को दवा पिलाएंगी। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि खजनी क्षेत्र के सभी निर्धारित बूथों पर पर्याप्त व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों एवं आशा कार्यकर्ताओं की टीमों को तैनात किया गया है ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक लेने से न छूटे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं।



अभियान के शुभारंभ अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जे. ओ. अहमद, आई.ओ. अशोक सिंह, ए.आर.ओ. अजीत यादव, एल.टी. वीरेन्द्र सिंह, प्रशांत दुबे सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पोलियो उन्मूलन के इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने के लिए जनसहभागिता पर जोर देते हुए लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, क्योंकि 'दो बूंद जिंदगी की' हर बच्चे के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की मजबूत गारंटी है।

# गोरखपुरः पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे से बिजली मीटर व तार चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**● बांसगांव पुलिस की बड़ी सफलता, चोरी का सामान और औजार बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** अपराध और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत बांसगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे पर लगे स्मार्ट बिजली मीटर और विद्युत तार चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान और वारदात में प्रयुक्त उपकरण बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में नई धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस के अनुसार, 27/28 जून की रात पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 14.200 पर लखनऊ जाने वाले मार्ग के नीचे लगे पोल से स्मार्ट बिजली मीटर और विद्युत तार काटकर चोरी कर लिए गए थे। घटना की सूचना मिलने पर थाना बांसगांव में मुकदमा दर्ज कर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दो अभियुक्तों दीपक यादव पुत्र ब्रह्मा यादव तथा राजेश यादव पुत्र गंगा यादव, निवासी सोनारी शंकर थाना बांसगांव, को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक स्मार्ट बिजली मीटर, एक प्लास (पिलास) उपकरण तथा लगभग साढ़े पांच-पांच फीट लंबाई के चार विद्युत तार बरामद किए गए।

पुलिस का कहना है कि बरामदगी के आधार पर पहले से दर्ज मुकदमा संख्या 286/2026 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी की गई है। आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है, वहीं यह भी जांच की जा रही है कि उनका संबंध अन्य चोरी की घटनाओं से तो नहीं है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में



उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक आशीष यादव तथा कांस्टेबल प्रदीप पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है तथा पुलिस ने अपराधियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि चोरी और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## बिना मुकदमे वाले भरत तिवारी का एनकाउंटर , 36 मुकदमे वाले अमरमणि त्रिपाठी को पुलिस संरक्षण क्यों?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नौतनवा , महराजगंज।** बिहार राज्य के भोजपुर जिले में क्रांतिकारी भरत तिवारी का बिहार पुलिस द्वारा एनकाउंटर किया जाना बेहद चिंताजनक है। सबसे गंभीर तथ्य यह है कि भरत तिवारी के खिलाफ बिहार में एक भी आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं था। बिना किसी आपराधिक पृष्ठभूमि के बिहार में एक व्यक्ति का एनकाउंटर लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। उक्त बातें हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इसके ठीक विपरीत, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में अमरमणि त्रिपाठी के ऊपर कुल 36 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में उत्तर प्रदेश की अदालत से उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी, लेकिन सजा पूरा होने से पूर्व रिमिशन पर छूट कर वह बाहर आ चुका है। यूपी के बस्ती जिले के राहुल अपहरण कांड और गैंगस्टर के मामले में वह उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा फरार घोषित अपराधी है। इसके बावजूद वह उत्तर प्रदेश में सरेआम पुलिस को साथ लेकर घूम रहा है और उसे यूपी पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। एक ही देश में यह दोहरा मापदंड जनता के सामने कई गंभीर प्रश्न खड़े करता हैः

1. बिहार में बिना मुकदमे वाले भरत तिवारी का एनकाउंटर हो सकता है, तो उत्तर प्रदेश में 36 मुकदमों वाले और मधुमिता शुक्ला हत्याकांड के सजायाफ्ता अमरमणि त्रिपाठी की गिरफ्तारी व एनकाउंटर क्यों नहीं?
2. उत्तर प्रदेश सरकार आजीवन कारावास की सजा पाए मुजरिम को रिमिशन देकर रिहा कर सकती है, तो बिहार सरकार बेकसूर का एनकाउंटर क्यों कराती है?
3. उत्तर प्रदेश में फरार घोषित अपराधी को पुलिस संरक्षण कैसे मिल रहा है? कौन से लोग उसकी मदद कर रहे हैं?
4. क्या बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए कानून अलग-अलग है? क्या ताकतवर अपराधियों के लिए नियम बदल जाते हैं?
5. भारत सरकार से मांग करते हैं कि इस मामले का तत्काल संज्ञान लिया जाएः

- उत्तर प्रदेश सरकार अमरमणि त्रिपाठी को अविलंब गिरफ्तार करे और उसकी रिमिशन रद्द कर पुनः जेल भेजे।
- यूपी में उसे मिल रहे पुलिस संरक्षण की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो।
- बिहार सरकार भरत तिवारी के एनकाउंटर की न्यायिक जांच कराए।

देश की जनता इस अन्य का जवाब मांग रही है।

## भाई की हत्या में शामिल तीसरा आरोपी गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा बरामद




**गोपीगंज।** पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर छोटे भाई की हत्या के मामले में गोपीगंज पुलिस ने एक और नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद किया है। ज्ञात हो कि 25 जून की रात पैतृक मकान के कमरों के बंटवारे को लेकर बड़े भाइयों और छोटे भाई संजय सरोज के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि मारपीट के दौरान लोहे की नुकीली राड (हिकनी) से हमला किए जाने पर संजय गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी।मृतक की पत्नी की तहरीर पर थाना गोपीगंज में हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए गोपीगंज पुलिस ने फरार चल रहे तीसरे आरोपी को मेवालाल कटरे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में दो अन्य आरोपी पति-पत्नी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# आधी रात घर से नाबालिग किशोरी को भगाया ,युवक, पिता की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर** बुदहट थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि एक युवक देर रात किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बावजूद किशोरी का कोई सुराग नहीं मिलने पर उसके पिता ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता के अनुसार, 25 जून 2026 की रात करीब तीन बजे उनकी नाबालिग बेटी घर से गायब हो गई। आरोप है कि संदीप कुमार पुत्र दिलीप राजभर, निवासी ग्राम भगवानपुर, थाना बखिरा, जिला संतकबीरनगर, उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। सुबह बेटी के कमरे में नहीं मिलने पर परिवार के लोगों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजन सीधे हरपुर बुदहट थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी संदीप कुमार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) के तहत नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने किशोरी की तलाश तेज कर दी है। संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। परिजन बेटी की सकुशल बरामदगी को लेकर बेहद चिंतित हैं और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे




हैं। पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है तथा सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम किशोरी की तलाश में लगातार जुटी हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी और किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## तीन सप्ताह बाद भी बाइक चोरी का खुलासा नहीं, गोला पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में मकान के सामने से चोरी हुई बाइक का तीन सप्ताह बाद भी पता नहीं चल सका है। घटना के खुलासे में देरी को लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, गोला थाना क्षेत्र के ग्राम रेमा निवासी राजकुमार यादव पुत्र रामानंद यादव ने बताया कि 5 जून 2026 की रात वह बर्राह चौराहे से लगभग 200 मीटर उत्तर स्थित अपने मकान पर छत का निर्माण कार्य करा रहे थे। उन्होंने अपनी बाइक (संख्या UP 52 Z 9023) मकान के सामने खड़ी कर दी थी। देर रात तक काम पूरा होने के बाद वह सो गए। अगले दिन सुबह करीब 5:30 बजे उठने पर बाइक अपने स्थान से गायब मिली।

पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने गोला थाने में तहरीर देकर वाहन बरामद करने और अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। हालांकि, घटना को तीन सप्ताह बीत जाने के बावजूद न तो चोरी गई बाइक बरामद हो सकी है और न ही पुलिस किसी आरोपी तक पहुंच पाई है। इससे पीड़ित और क्षेत्रीय लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती तो वाहन बरामद होने और चोरों की गिरफ्तारी की संभावना अधिक रहती। अब सभी की निगाहें पुलिस की आगे की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# गोला में 16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**● विरोध पर परिजनों को जातिसूचक गालियां व जान से मारने की धमकी,**

**एससी/एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी को कथित रूप से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद किशोरी की तलाश में आरोपी के घर पहुंचे परिजनों के साथ कथित तौर पर जातिसूचक गालियां देने, अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर नामजद आरोपी सहित अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं एससी/एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम मंजुरी, पोस्ट नेवादा निवासी रेनू देवी पत्नी संजीव कुमार ने आरोप लगाया है कि उनकी लगभग 16 वर्षीय पुत्री को 26 जून की शाम करीब चार बजे गोला थाना क्षेत्र के घोड़ालोटन निवासी छोटू यादव उर्फ देवानंद, पुत्र शम्भू यादव, बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों का कहना है कि बेटी के अचानक लापता होने के बाद उन्होंने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की। जब कोई जानकारी नहीं मिली तो रेनू देवी अपने पति




और ननद के साथ आरोपी के घर पहुंचीं। आरोप है कि वहां मौजूद आरोपी, उसके भाई, माता-पिता तथा अन्य लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। इतना ही नहीं, विरोध करने पर सभी ने जान-माल की धमकी देकर उन्हें वहां से भगा दिया।

मामले को गंभीरता से लेते हुए गोला पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 352 एवं 351(3) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(द) और 3(1)(ध) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। किशोरी की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच के बाद साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का यह भी कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# रामगढ़ताल पुलिस की बड़ी सफलताः चोरी की बाइक समेत शातिर चोर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर,** शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगढ़ताल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमे में नई धाराएं बढ़ाते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 0294/26 के वांछित अभियुक्त पिंटू शर्मा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) की बढ़ोतरी करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 19 मई 2026 को थाना रामगढ़ताल क्षेत्र से एक महिला की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ताल में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी पिंटू शर्मा पुत्र स्वर्गीय विजय शर्मा, निवासी टोला मदरहवां, थाना खोराबार, जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह किसी अन्य वाहन चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहा है या नहीं। इस कार्रवाई को रामगढ़ताल पुलिस



की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में महिला उपनिरीक्षक आरती यादव, कांस्टेबल उपेंद्र कुशवाहा, कांस्टेबल अरुण यादव, महिला कांस्टेबल सोनम तिवारी तथा महिला कांस्टेबल पूजा राठौर शामिल रहीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में चोरी और अन्य अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# जिला महिला अस्पताल में 0 से 5 वर्षों तक के बच्चों को दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**● जनपद में विशेष पल्स पोलियो अभियान की हुई शुरुआत**

**● शून्य से पांच वर्ष तक के 5.77 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा**

**● जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** जनपद में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला महिला अस्पताल गोंडा में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाकर जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने की शुरुआत। उन्होंने बताया है कि इस अभियान के तहत जनपद के शून्य से पांच वर्ष तक के 5.77 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र बच्चा दवा पीने से वंचित न रहे।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई थी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा था कि पोलियो उन्मूलन की उपलब्धि को बनाए



रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य, बाल विकास एवं अन्य सहयोगी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अभियान की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**सभी तैयारियां पूरी, टीमें रहेंगी सक्रिय**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई थी। बूथ संचालन, घर-घर भ्रमण, पर्यवेक्षण और निगरानी के लिए विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। अभियान की निगरानी के लिए 365 सुपरवाइजर तैनात किए गये हैं। आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीएचओ तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मुइनुद्दीन चिस्ती ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन जिले में 1977 फिक्स्ड बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद छूटे हुए बच्चों तक पहुंचने के लिए 1171 हाउस-टू-हाउस टीमें घर-घर भ्रमण करेंगी। वहीं बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर 75 ट्रांजिट टीमें तथा



दूरस्थ एवं विशेष क्षेत्रों के लिए 45 मोबाइल टीमें तैनात की गई है।

**प्रवासी और वंचित परिवारों के बच्चों पर रहेगा विशेष ध्यान**

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ईट-भट्टों, निर्माण स्थलों, घुमंतू एवं प्रवासी परिवारों के बच्चों को अभियान में विशेष प्राथमिकता दी जाए। इन स्थलों पर रहने वाले बच्चों तक पहुंचने के लिए विशेष रणनीति अपनाई जाएगी और मोबाइल व ट्रांजिट टीमें सक्रिय रूप से कार्य करेंगी, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए।उन्होंने कहा कि अभियान की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन ब्लॉक एवं जिला स्तर पर की जाएगी। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत बनाने में सहयोग करें।कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल डॉक्टर देवेंद्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा, डॉक्टर पंकज तिवारी, डॉक्टर आरपी सिंह, सहित अन्य सभी डॉक्टर्स एवं सहयोगी अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आजमगढ़ में मैजिक चलाना सीख रहे युवक ने दुकान से सामान लेकर वापस लौट रहे बालक को रौंदा, मौत

**आजमगढ़।** सिधारी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ बाजार में रविवार की सुबह मैजिक सीख रहे युवक ने किराना की दुकान से सामान लेकर घर लौट रहे सात वर्षीय ऋषू चौहान को रौंद दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीण आननफानन में उसे नजदीकी सीएचसी ले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मैजिक को लेकर जांच-पड़ताल के लिए थाना लेकर चली आई। मृतक की मां के तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

**यह है पूरी घटना**

शाहगढ़ निवासी ऋषू चौहान पास के एक विद्यालय में कक्षा दो का छात्र था। पिता प्रवेश चौहान रोजी-रोटी के सिलसिले में खाड़ी देश में काम करते है। घर पर मां ज्ञानमती देवी ऋषू चौहान समेत तीन अन्य बच्चों का किसी तरह से भरण-पोषण करती है। प्रतिदिन की तरह सुबह ऋषू अपनी मां से रुपये लेकर सामने किराना की दुकान पर कुछ सामान लेने के लिए गया था।

दुकान के पास पड़ोसी का मैजिक खड़ा था। तभी अचानक अमन चाबी लेकर आया और मैजिक सीखने के लिए चाबी लगाकर स्टार्ट कर दिया। अचानक मैजिक की रफ्तार तेज हो गई और सामान लेकर घर लौट रहे ऋषू को रौंदते हुए आगे निकल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे स्वजन उसे नजदीकी सीएचसी ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। सिधारी थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि मृतक की मां ज्ञानमती देवी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुण्य कार्यः बांके बिहारी मंदिर बरेली में खिचड़ी भोज व शीतल जल वितरण



**बरेली।** राजेंद्र नगर स्थित बांके बिहारी मंदिर में सात्विक सेवा ट्रस्ट द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक सरोकारों के तहत एक पुनीत कार्य का आयोजन किया गया। ज्येष्ठ माह के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में राहगीरों और श्रद्धालुओं को श्रद्धाभाव के साथ खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाया गया। इसके साथ ही भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए शीतल जल (प्याऊ) का वितरण भी किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मार्ग से गुजरने वाले लगभग पांच सौ से अधिक राहगीरों को सात्विक खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया और उन्हें ठंडा जल पिलाकर तृप्त किया गया। ट्रस्ट के सेवादारों ने पूरी निष्ठा और सेवा भावना के साथ इस कार्य को संपन्न कराया। इस पुनीत और सात्विक कार्य को सफल बनाने में निष्काम पाण्डेय, नीतू गुप्ता, गोपाल मोहन पाण्डेय, रामजी पाण्डेय, हार्दिक अरोड़ा, रवि जायसवाल, चेतन गुप्ता, भरत राठौर तथा समृद्धि यादव आदि का विशेष सहयोग रहा। मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं ने भी ट्रस्ट के इस सेवा कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### समाज कल्याण विभाग में एस. सी. एस . टी.पटल के बाबू पर लग रहे वसूली के आरोप

**शिकायतकर्ताओं का दावा - दलालों के बिना नहीं होता काम, विभागीय जांच की उठी मांग**

**लखीमपुर खीरी-** जिला समाज कल्याण विभाग के एस सी एस टी पटल पर तैनात एक कर्मचारी, जिन्हें शिकायतकर्ता एस एन भारती सहायक वि.अधिकारी' के नाम से पहचानते हैं, पर दलालों के माध्यम से लाभार्थियों से अवैध धन वसूली कराने के आरोप लगाए गए हैं।शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय कथित दलालों के जरिए ही लाभार्थियों की फाइलें आगे बढ़ाई जाती हैं। उनका कहना है कि बिना दलाल के आम लोगों का काम लंबित रहता है, जबकि पैसा देने वालों की फाइलों का निस्तारण अपेक्षाकृत जल्दी कर दिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक, नकहा क्षेत्र के एक लाभार्थी से कथित रूप से 15,000 लिए जाने का भी आरोप है। कुछ शिकायतकर्ताओं का कहना है कि प्रत्येक फाइल पर 2,000 से 5,000 तक की अवैध वसूली की जाती है। एक शिकायतकर्ता ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा संबंधित कर्मचारी का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। एस. एन. भारती सहायक वि. अधिकारी,के पद पर काफी समय तैनात है।मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है ।

### सीएम योगी का पीलीभीत-बरेली दौराः विकास कार्यों की व कानून व्यवस्था की करेंगे समीक्षा

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बरेली और मुरादाबाद के दो दिवसीय दौरे का कार्यक्रम जारी हो गया है। वह रविवार को सबसे पहले बरेली पहुंचेंगे। त्रिशूल एयरपोर्ट पर उतरने के बाद वह राजकीय हेलीकॉप्टर से पीलीभीत रवाना होंगे। पीलीभीत में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह मुरादाबाद जाएंगे, जहां विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 30 जून को रामपुर में कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री दोपहर में फिर बरेली पहुंचेंगे और मंडल के विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री 30 जून को दोपहर करीब 12:30 बजे मुख्यमंत्री बरेली सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां सबसे पहले बरेली मंडल के लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की समीक्षा करेंगे और नई परियोजनाओं की कार्ययोजना पर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद मंडल के चारों जिलों बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर के विकास कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा होगी। बैठक में मुख्यमंत्री शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, राजस्व और कानून व्यवस्था की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक में मंडल के सभी जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान और विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर बरेली पूरी तरह अलर्ट है। त्रिशूल एयरपोर्ट, पुलिस लाइन हेलीपैड, सर्किट हाउस और कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# बहराइच में 77 पंचायत सहायकों को हटाने की तैयारी, अनुपस्थित चल रहे कर्मियों पर कार्रवाई शुरू

**● बहराइच में लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे 77 पंचायत सहायकों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे ग्राम पंचायतों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बहराइच।** पंचायत विभाग में लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे 14 ब्लाकों के 77 पंचायत सहायकों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। विभागीय अधिकारियों ने 9 मार्च 2026 से लगातार बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले पंचायत सहायकों को पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर दी है। पंचायती राज विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ग्राम पंचायतों में अभिलेखों के रखरखाव, आनलाइन कार्यो तथा जनसेवा से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अनुपस्थित पंचायत सहायकों से निर्धारित समयावधि के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा है। संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में उनकी सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायतों में कार्यों के सुचारु संचालन के लिए नियमित उपस्थिति अनिवार्य है और लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। डीपीआरओ चंद्रभान सिंह ने बताया कि लंबे से समय से गायब पंचायत सहायकों को पद से हटाने की नोटिस भेजी गई है।

**पंचायत सहायक बोले कार्रवाई गलत, मोबाइल न नेटवर्क**

कई पंचायत सहायकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि छह हजार रुपये में ग्राम पंचायत के अलावा अन्य विभागों के कार्य कराए जाते है। जबकि छह हजार रुपये में कौन से मल्टीमीडिया फाइव जी फोन मिलता है। जिनके पास मोबाइल है भी तो गांव में खराब नेटवर्क की समस्या से जुझना पड़ता है। ऐसे में मोबाइल एप से हाजिरी कैसे लगे। जबकि सभी पंचायत सहायक समय से उपस्थित रहते हैं।

### स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का वास होता है - दीपिका बिन्द

**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर रविवार को भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा विशाल साइकिल यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़ा चौराहा से क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं साइकिल मैन भदोही अताउल मुस्तफा अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर किया। साइकिल यात्रा फूलबाग, जोगिनाका, हरदेवपुर, नथईपुर, बैरी परवा, बीरमपुर होते हुए बिन्द नगर बवई पहुंची, जहां बिहार में नवनियुक्त उप जिलाधिकारी (एसडीएम) दीपिका बिन्द ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग और व्यायाम के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए। इसके बाद दीपिका बिन्द ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को आगे रवाना किया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने 'साइकिल चलाएं, ईंधन बचाएं वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ और करो योग, रहो निरोग जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। यात्रा का समापन लोकमनपुर में हुआ। इस अवसर पर प्रवीण श्रीवास्तव, मनोज बिंद, दिनेश बिंद, विजय लक्ष्मी, दिग्विजय, आदर्श कुमार सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## हैदराबाद थाने की महिला हेल्प डेस्क बनी दलाली का अड्डा, सुविधा शुल्क बिना नहीं होती कार्रवाई

**● फरियादियों का आरोप- सिविल ड्रेस में महिला आरक्षी वसूलती है रकम, चौकीदार कराता है सेटिंग**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मुख्यमंत्री की बहुकल्याणकारी योजना के तहत महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए गठित महिला हेल्प डेस्क ही हैदराबाद थाने में भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई है। फरियादियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यहां बिना 'सुविधा शुल्क' दिए कोई सुनवाई नहीं होती।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षी सिविल ड्रेस में बैठकर फरियादियों की शिकायतें सुनती है। पीड़ितों का आरोप है कि वह हर मामले में पैसों की मांग करती है और रकम मिलने पर ही कार्रवाई आगे बढ़ाती है। फरियादियों ने बताया कि थाने का चौकीदार हाफ वर्दी में रोजाना पीड़ितों की 'सेटिंग' कराता है। वहीं फरियादियों पर दबाव बनाने के लिए कुछ पुरुष आरक्षियों की मदद भी ली जाती है। आरोप है कि महिला आरक्षी थानाध्यक्ष सुनील मलिक को गुमराह करके फरियादियों से मनमानी रकम वसूलती है। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को त्वरित व सुलभ न्याय दिलाने के लिए हर थाने में महिला हेल्प डेस्क का गठन किया था। लेकिन हैदराबाद थाने में यह व्यवस्था दलाली का केंद्र बनकर रह गई है, जिससे पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलने की बजाय आर्थिक शोषण झेलना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, कल के अंक में संबंधित महिला आरक्षी, पुरुष आरक्षी व चौकीदार के नाम भी सार्वजनिक किए जाएंगे।

## डीएम ने जनपद में 30 जून को मुख्यमंत्री अन्य वीवीआईपी को लेकर भ्रमण की समीक्षा बैठक की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/**जनपद में वीवीआईपी के भ्रमण कार्यक्रम की तैयारी के दृष्टिगत जिला अधिकारी ने सर्किट हाउस सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विस्तृत जानकारी बैठक में जिला अधिकारी अविनाश सिंह ने अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया। की प्रस्तावित कार्यक्रम से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता पूर्वक ढंग से सुनिश्चित की जाएं उन्होंने कार्यक्रम स्थल सुरक्षा व्यवस्था यातायात प्रबंधन सुरक्षा पेयजल विद्युत आपूर्ति चिकित्सा व्यवस्था एवं पार्किंग के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को निर्धारित समय से पूर्व में ही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया सभी विभाग आपसी समन्वयी स्थापित करते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ गंभीरता पूर्वक निभाएं उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया की कार्यक्रम से संबंधित सभी कार्यों की निगरानी की जाए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग नगर निगम पुलिस प्रशासन विद्युत विभाग जल निगम तथा अन्य संबंधित विभागों को अपने-आपने कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया जिला अधिकारी ने कहा कि बीआईपी प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम जनपद के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है । सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें भ्रमण कार्यक्रम को सफल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कारण इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर आयोग उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण अपर जिलाधिकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्रज क्षेत्र भाजपा अध्यक्ष पूरन लाल लोधी का तिलहर में जोरदार स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**● बोले- बूथ से लेकर संगठन के हर स्तर को करेंगे और मजबूत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**तिलहर (शाहजहांपुर।)** भारतीय जनता पार्टी के ब्रज क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी के पहली बार तिलहर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। किसान इंटर कॉलेज में आयोजित अभिनंदन समारोह में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और आगामी चुनावों की तैयारियों पर जोर दिया गया। समारोह में एमएलसी सुधीर गुप्ता, विधायक हरिप्रकाश वर्मा, क्षेत्रीय मंत्री राकेश अनावा, जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अरुण यादव 'चैनू', ब्लॉक प्रमुख कविता यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने माल्यार्पण कर क्षेत्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने पूरन लाल लोधी को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपकर एक अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में ब्रज क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल और मजबूत होगा। अपने संबोधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीढ़ बूथ स्तर का कार्यकर्ता है और प्रत्येक बूथ को सक्रिय एवं सशक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने, सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने और संगठन की विचारधारा को घर-घर तक ले जाने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष अरुण यादव 'चैनू' ने विश्वास व्यक्त किया कि पूरन लाल लोधी के नेतृत्व में ब्रज क्षेत्र में संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और बेहतर समन्वय मिलेगा, जिसका लाभ पार्टी को आगामी चुनावों में अवश्य मिलेगा। कार्यक्रम के उपरांत क्षेत्रीय अध्यक्ष का काफिला नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता के आवास पहुंचा, जहां उनका फूल-मालाओं से स्वागत कर अभिनंदन किया गया।

### बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**लखीमपुर खीरीः** नगर पालिका परिषद लखीमपुर से बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार को रवाना हुआ। इस वर्ष विजय गुप्ता अपनी 28वीं, अंशुमान माथुर 21वीं, सुमित कुमार सिंह 9वीं तथा मोहित शुक्ला, दुर्गेश अविरल, एडवोकेट मुनींद्र त्रिपाठी सहित कुल 33 श्रद्धालुओं का दल इस अमरनाथ यात्रा में शामिल है। यात्रा प्रस्थान से भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, कृष्ण कुमार पांडेय, अशोक पटवा, सुशील तिवारी, शिव सागर और मनीषा माथुर ने सभी यात्रियों का भव्य स्वागत कर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।

## आर्य समाज परिसर में बारात के दौरान बवाल, मारपीट और पथराव

**● विद्यालय पर कब्जे के विवाद ने लिया हिंसक रूप, कई घायल, तीन रेफर**

**एक पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज, दूसरे पक्ष ने भी निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** नगर के अस्पताल रोड स्थित महर्षि दयानंद शिक्षा सदन एवं आर्य समाज मंदिर में शनिवार सुबह बारात के दौरान वर्षो पुराने विद्यालय के कब्जे के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे तथा पथराव शुरू हो गया। घटना में बारातियों सहित कई लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आर्य समाज महर्षि दयानंद शिक्षा सदन के मंत्री लोकेश आर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि संस्था से कई वर्ष पूर्व गांव सिमरिया रायपुर निवासी शिवराम सिंह और उनके सहयोगी विजयपाल सिंह यादव को विधिक प्रक्रिया के तहत निष्कासित किया गया था। तभी से विद्यालय और आर्य समाज की संपत्ति को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चला आ रहा है। बताया गया कि मोहल्ला हिंदूपट्टी निवासी रमेश सिंह की पुत्री की बारात बदायूं जनपद से आकर आर्य समाज परिसर में रुकी थी। शनिवार सुबह करीब सात बजे शिवराम सिंह, उनके परिजन और विजयपाल सिंह यादव अपने समर्थकों के साथ परिसर में पहुंचे। आरोप है कि इसके बाद विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट व पथराव शुरू हो गया, जिससे बारात में अफरा-तफरी मच गई। घटना में अनुज कुमार सिंह तोमर, मालती तोमर, नन्हे सिंह और सोनी सिंह समेत कई लोग घायल हुए। अनुज कुमार, मालती तोमर और नन्हे सिंह की हालत गंभीर होने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि महिलाओं के साथ अभद्रता की गई तथा उनके सोने के आभूषण भी गायब हो गए। पूरी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद होने का दावा किया गया है। लोकेश आर्य का कहना है कि उन्होंने 15 जून को ही क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक और एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर 28 जून को बारात रुकने की सूचना देते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, लेकिन पर्याप्त पुलिस बल नहीं लगाया गया। उनका आरोप है कि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था होती तो घटना रोकी जा सकती थी। उधर, शिवराम सिंह ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि मारपीट की शुरुआत दूसरे पक्ष ने की थी, जिसमें उनके पक्ष के लोग भी घायल हुए हैं। उन्होंने भी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह ने बताया कि लोकेश आर्य की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### असम में तैनात सेना के जवान नरेंद्र यादव का निधन, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**भदोही।** औराई तहसील के बासुआ पट्टी गांव निवासी भारतीय सेना के जवान नरेंद्र यादव का उपचार के दौरान निधन हो गया। रविवार को उनका पार्थिव शरीर सेना के जवानों द्वारा पैतृक गांव लाया गया, जहां पूरे सैन्य एवं राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम विदाई के दौरान गांव में शोक का माहौल रहा। जवान नरेंद्र यादव वर्ष 2010 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में असम में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने पर जांच में ब्रेन ट्यूमर का पता चला। इसके बाद उनका कोलकाता के अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने नम आंखों से वीर जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। सेना के जवानों ने सैन्य परंपरा के अनुरूप उन्हें अंतिम सलामी दी और पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। नरेंद्र यादव के निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव ने अपना एक वीर सपूत खो दिया, जिसकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी।

## एलआरपी चौकी क्षेत्र के चंदपुरा गांव में लाखों की चोरी

**● पुलिस की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर के अंतर्गत एलआरपी पुलिस चौकी क्षेत्र के चंदपुरा गांव में बीती रात बेखौफ चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने आलोक पुत्र स्वर्गीय प्यारेलाल के घर को निशाना बनाते हुए नगदी समेत लगभग दो से ढाई लाख रुपये के कीमती जेवरात पार कर दिए। इस घटना से पीड़ित परिवार सदमे में है और स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।हैरानी की बात यह है कि पीड़ित का गांव एलआरपी पुलिस चौकी से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है। इतनी पास वारदात होने से पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस रात में ठीक से चेकिंग नहीं करती है, जिसका फायदा उठाकर चोर आसानी से अपने मंसूबों को अंजाम दे रहे हैं।चोरी की इस घटना के बाद पीड़ित और ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर तीखे सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में खुलेआम जुए और अवैध नशे का काला कारोबार फल-फूल रहा है। बार-बार ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद एलआरपी चौकी पुलिस इन गतिविधियों पर लगाम लगाने के बजाय लापरवाही बरत रही है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश में अपराध और अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ एलआरपी चौकी क्षेत्र में लगातार हो रही आपराधिक घटनाएं और पुलिस की ढुलमुल कार्यशैली शासन के इन दावों पर बड़े सवालिया निशान खड़े कर रही है। फिलहाल क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से आम जनता बेहद डरी और परेशान है।

### मृतक के घर पहुंचे विधायक रोमी साहनी दी 15,000 की आर्थिक सहायता



**लखीमपुर खीरीः** पलिया तहसील क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर कुरैया लोहरना निवासी ऋषिकुमार और उनकी पत्नी नंदरानी ईंट-भट्ठे पर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। हाल ही में सड़क हादसे में ऋषिकुमार की मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी मृतक के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। विधायक ने मृतक की पत्नी नंदरानी को तत्काल 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर बिना संकोच उन्हें याद करें, वह हरसंभव मदद के लिए हमेशा परिवार के साथ खड़े रहेंगे।

## भूलनपुर में प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 135 वे एपिसोड को सुना गया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** कस्ता विधानसभा क्षेत्र के बेहजम मंडल अंतर्गत ग्राम भूलनपुर स्थित बूथ संख्या 53 एवं 55 पर रविवार को भारत के प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का आयोजन जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद गुप्ता के निर्देशानुसार किया गया। इस दौरान मंडल प्रभारी रामनरेश सिंह, मंडल महामंत्री अभिषेक पाण्डेय, कोषाध्यक्ष रोशन यादव, शक्ति केंद्र संयोजक रामपाल शाह, बूथ अध्यक्ष सुशील गुप्ता, अनुज श्रीवास्तव, संतोष कुमार एवं राकेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सरोकार, जनभागीदारी, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।'मन की बात' कार्यक्रम के समापन के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उनके राष्ट्रवादी विचारों, देशहित में किए गए योगदान तथा संगठन निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।इसके साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत विचार-विमर्श भी किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक पाण्डेय (मंडल महामंत्री), रामपाल (शक्ति केंद्र संयोजक), राकेश कुमार विश्वकर्मा (बूथ अध्यक्ष, भूलनपुर), अनुज कुमार श्रीवास्तव (बूथ अध्यक्ष, मानपुर), रोशन यादव (कोषाध्यक्ष), संतोष कुमार, सूरज कुमार, सुशील गुप्ता, विनीत तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## घटना 6 दिन बाद भी एफआईआर नहीं दर्ज कर रहीं अजान चौकी पुलिस

**● एक ही रात में 04 भैंस खोल ले गए चोर,पुलिस गस्त की खुली पोल**

**ग्रामीणों में आक्रोश, 4 लाख के पशुधन की चोरी से टूटी किसानों की कमर**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र की अज़ान पुलिस चौकी से महज डेढ़ किलोमीटर दूर पशु चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल दी है। दुस्साहस दिखाते हुए चोरों ने एक ही रात में दो गांवों से 5 दुधारू भैंस चोरी कर लीं। घटना को 6 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस न तो किसी आरोपी तक पहुंच पाई है और न ही पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की इस कार्यशैली से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार-बुधवार की रात चोरों ने पहले ग्राम बगहा में धावा बोला। पीड़ित किसान अजय कुमार वर्मा ने बताया कि रात करीब 11 बजे उनका परिवार छत पर सोने चला गया था। रात 12 बजे पत्नी रजनी देवी को पशुबाड़े से आहट सुनाई दी। नीचे जाकर देखा तो वहां बंधी तीनों दुधारू भैंस गायब थीं। शोर मचाने पर परिजनों व ग्रामीणों ने नहर पटरी समेत आसपास काफी तलाश की, लेकिन भैंसों का सुराग नहीं लगा। अजय के अनुसार चोरी गई भैंसों की कीमत लगभग 2.5 लाख रुपये है।चोर यहीं नहीं रुके। बगहा में वारदात के करीब 2 घंटे बाद, रात लगभग 2 बजे चोरों ने चमरपुरवा गांव में धावा बोल दिया। ग्रामीण प्रेमचंद पुत्र शंकर लाल ने बताया कि 'चोर-चोर' का शोर सुनकर उनकी नींद खुली। पशुबाड़े में पहुंचे तो वहां बंधी दोनों दुधारू भैंस गायब मिलीं। इन भैंसों की कीमत करीब 1.5 लाख रुपये आंकी गई है। इस तरह एक ही रात में दोनों किसान परिवारों का लगभग 4 लाख रुपये का पशुधन चोरी हो गया।चमरपुरवा के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एक किशोर को मौके से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस उस किशोर से कोई ठोस सुराग नहीं निकाल पाई है। पीड़ित अजय वर्मा और प्रेमचंद का कहना है कि उन्होंने घटना के बाद सुबह हैदराबाद थाने में तहरीर दे दी थी। इसके बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस सिर्फ तहरीर के आधार पर खानापूर्ति कर रही है। संदिग्धों को थाने लाकर पूछताछ के नाम पर छोड़ दिया जाता है।घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब अज़ान पुलिस चौकी के नाक के नीचे, डेढ़ किमी के दायरे में ही किसान सुरक्षित नहीं हैं, तो दूरदराज के गांवों में सुरक्षा की क्या गारंटी है। ग्रामीणों ने रात में पुलिस गश्त न होने का भी आरोप लगाया। पीड़ितों ने अखबार में माध्यम से उच्चाधिकारियों से मामले में कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# संक्षिप्त खबरें

## ऑटो की टक्कर से महिला गंभीर घायल, मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** कोइरौना थाना क्षेत्र के छेछुआ गांव निवासी अंशु सिंह की माता रेनू देवी 17 जून को गोपीगंज से दवा लेकर ऑटो रिक्शा से घर लौट रही थीं। आरोप है कि छतमी के पास एक तेज रफ्तार ऑटो (UP66 AT 1441) ने उनके ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी गोपीगंज पहुंचाया गया, जहां से जिला अस्पताल ज्ञानपुर और बाद में गंभीर हालत को देखते हुए स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आरएसएस का तीन दिवसीय प्रारम्भिक शिक्षा वर्ग संपन्न



**चुनार, मीरजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चुनार नगर खंड का प्रारम्भिक शिक्षा वर्ग रविवार शाम संपन्न हो गया। नगर के सुरभि शोध संस्थान रामबाग में शुक्रवार से आयोजित वर्ग में कुल 44 शिक्षार्थियों ने शिक्षा ग्रहण किया। वर्ग कार्यवाह गोविंद लाल, नगर विस्तारक अजय कुमार, नगर कार्यवाह विवेक सिंह, सह नगर कार्यवाह धीरज जायसवाल तथा व्यवस्था में कार्यकर्ता अमित, हिमांशु, अंश, सत्येंद्र, राकेश श्रीवास्तव आदि रहे।

## वारंटी अभियुक्त को जखौरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एसपी के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत कार्रवाई, न्यायालय में किया पेश**



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जखौरा पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना जखौरा के ग्राम चकलालौन निवासी नातीराजा पुत्र नोनेराजा को न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को नियमानुसार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (त्वरित न्यायालय) के समक्ष पेश किया गया। यह गिरफ्तारी 28 जून 2026 को की गई। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस के नेतृत्व में थाना जखौरा पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जनपद पुलिस ने बताया कि वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार जारी है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी निरंतर की जाएगी।

## तेज रफ्तार लोडिंग टैक्सी की टक्कर से युवक की मौत

**ससुराल से घर लौट रहे 19 वर्षीय बाइक सवार ने इलाज के दौरान तोड़ा दम**

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र में तेज रफ्तार लोडिंग टैक्सी की टक्कर से बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम हंसारकलां निवासी रघुराज सिंह ठाकुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका पुत्र राज क्षत्रिय 24 जून 2026 को ग्राम सारसैड स्थित अपनी बहन के घर गया था। शाम करीब छह बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहा था। आरोप है कि पूराकलां-सारसैड मार्ग पर लक्ष्मी गुप्ता के खेत के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार लोडिंग टैक्सी (वाहन संख्या यूपी-94 एटी-0955) के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान 25 जून को उसकी मौत हो गई। युवक की असमय मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

# अज्ञात चोरों ने घर को बनाया निशाना, 40 लाख के जेवर व ढाई लाख नकद पर किया हाथ साफ

**● सीसीटीवी में कैद हुए दो संदिग्ध युवक, पुलिस जांच में जुटी; वारदात से क्षेत्र में दहशत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज।** नगर के वार्ड नंबर-3 शिवनगर कॉलोनी में दिनदहाड़े बंद मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने सनसनीखेज चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर करीब 40 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात तथा ढाई लाख रुपये नकद समेत अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार शिवनगर कॉलोनी निवासी विजय कुमार गुप्ता, जो रक्षा मंत्रालय से इंजीनियर पद से सेवानिवृत्त हैं, 25 जून को अपने परिवार के साथ वाराणसी में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रविवार सुबह करीब 11 बजे एक रिश्तेदार ने फोन कर घर का मुख्य ताला टूटा होने की सूचना दी। सूचना पर जब वह घर पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला कटा मिला तथा खिड़की की लोहे की ग्रिल काटकर चोरों के घर में घुसने के साक्ष्य मिले।

बताया जाता है कि चोरों ने घर के प्रार्थना कक्ष, पुत्र-बहू के कमरे, स्टोर, किचन एवं गेस्ट रूम सहित सभी कमरों के ताले तोड़कर पूरे मकान को खंगाल डाला। इसके बाद बेडरूम में रखी लोहे की अलमारी को घसीटकर लॉबी में ले गए और उसे तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात, जिनमें मंगलसूत्र, हार, सिकड़ी, कड़ा, चूड़ी, अंगूठियां, मांगटीका, करधनी, पायल आदि शामिल हैं, के साथ करीब ढाई लाख रुपये नकद भी चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार चोरी गए जेवरों की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है। घटना की सूचना मिलते ही मंडी चौकी प्रभारी वीरेंद्र नाथ यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं, जिनके आधार पर पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। नगर के बीचों-बीच हुई इस बड़ी चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र चोरों की गिरफ्तारी एवं चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

## ब्लाक मुख्यालय पर संचारी नियंत्रण अभियान की एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया



**सीखड़ संवाद,** सरकार द्वारा संचालित संचारी नियंत्रण अभियान को सम्पन्न कराने हेतु विकास खण्ड के समस्त ग्राम पंचायतों में कार्यरत सफाई कर्मी को विकास खण्ड मुख्यालय पर 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाली संचारी नियंत्रण अभियान के बारे में एडीओ पंचायत अरूण कुमार मिश्रा की उपस्थिति में आने वाले दिनों में वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायतों में साफ सफाई समय से दवा की छीडकाव, किट पतंगों जैसे किड़ो से फैलने वाले रोगो से बचाव कैसे होगा उसके बारे में विन्दुवार प्रशिक्षण दिया गया। उक्त अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र अधीक्षक डॉ भरत चन्द्र यादव, एडीओ आईएसबी मुरली श्याम, एडीओ समाज कल्याण विनोद कुमार शुक्ला, सहित समस्त सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# अवैध शराब व मादक पदार्थों के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान तेज, ईंट भट्ठों पर छापेमारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर जनपद में अवैध मदिरा एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत रविवार को आबकारी विभाग ने विभिन्न स्थानों पर सघन छापेमारी और निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान ईंट भट्ठों सहित संदिग्ध स्थलों की जांच की गई तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। आबकारी निरीक्षक रोहित कुमार (भदोही) एवं अनिल कुमार सूर्यभान (औराई) ने अपनी टीम के साथ कस्तूरीपुर स्थित ईंट भट्ठों पर पहुंचकर व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान भट्ठा संचालकों एवं वहां मौजूद लोगों को अवैध शराब और मादक पदार्थों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री एवं सेवन से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई।

इसी क्रम में नेवादाकला स्थित मन्ना पासी की गुमटी पर अवैध शराब बिक्री की शिकायत के आधार पर छापेमारी कर जांच की गई। जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति को भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में शामिल न होने की कड़ी चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दोबारा शिकायत मिलने पर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि जनपद में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के कारोबार के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी अवैध शराब या मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री, परिवहन अथवा भंडारण की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन या संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की जिला इकाई की मासिक बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही: रविवार** 28 जून को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद जिला इकाई भदोही की एक आवश्यक बैठक नगर के आलमपुर मोहल्ले में स्थित इम्तियाज़ खान के मकान पर संगठन के जिलाध्यक्ष गंगाधर पत्रकार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पत्रकारों की समस्याओं और उनकी जरूरतों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन में साफ-सुथरी छवि वाले पत्रकारों को जोड़ने पर बल दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गंगाधर पत्रकार ने कहा कि जनपद का हर पत्रकार चाहे वह हमारे संगठन से जुड़ा हो या ना हो, किसी भी प्रकार की समस्या आने पर हमसे संपर्क कर सकता है। संगठन की तरफ से उस पत्रकार की यथासंभव सहायता की जायेगी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गंगाधर पत्रकार ने राजेश जायसवाल को जिला उपाध्यक्ष, शाहिद सिद्दीकी को जिला संगठन महामंत्री, उमेश दुबे को जिला कोषाध्यक्ष, एजाज अहमद को जिला सचिव और इम्तियाज खान को जिला संगठन मंत्री का परिचय पत्र सौंपते हुए उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आप सभी के सहयोग और सार्थक प्रयास से हम राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद को भदोही जनपद में सबसे बड़े पत्रकार संगठन के रूप में स्थापित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष गंगाधर पत्रकार, शाहिद सिद्दीकी, उमेश दुबे, राजेश जायसवाल, एजाज अहमद, इम्तियाज़ खान, शाहनवाज खान, पंकज कुमार बिंद, असगर अली, और जुमई शेख सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहें।

## शादी में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल, युवक पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक के खिलाफ बीएनएस एवं शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच के साथ-साथ शस्त्र लाइसेंस संबंधी कार्रवाई भी कर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक समाचार चैनल के पत्रकार द्वारा 38 सेकंड का वीडियो साझा किया गया था, जिसमें एक युवक शादी समारोह के दौरान हाथ में दुनाली बंदूक लेकर हवाई फायरिंग करता दिखाई दे रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद थाना मड़ावरा पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि वायरल वीडियो 19 जून 2026 को मड़ावरा थाना क्षेत्र के ग्राम रनगांव में आयोजित एक विवाह समारोह का है। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की पहचान ग्राम डोंगरा खुर्द निवासी लक्ष्मीनारायण पुत्र बंधु कुशवाहा के रूप में की। आरोप है कि उसने समारोह के दौरान सार्वजनिक रूप से एसबीबीएल (दुनाली) बंदूक से हवाई फायर किए।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 29 जून से 3 जुलाई तक घर-घर पिलाई जाएगी दवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ज्ञानपुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के विशेष बूथ दिवस पर रविवार को महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय, ज्ञानपुर में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 0 से 5 वर्ष आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि भारत वर्ष 2014 से पोलियो मुक्त है और इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए प्रत्येक अभियान में सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि जनपद में इस अभियान के तहत करीब 2.82 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विशेष बूथ दिवस पर जनपद के 618 पोलियो बूथों पर 1,50,252 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। अभियान की निगरानी के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य कर्मियों के साथ 450 सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि 29 जून से 3 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सके। इसके अलावा 6 जुलाई को विशेष बी-टीम अभियान चलाकर छूटे हुए बच्चों को भी दवा पिलाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे समाज का जनआंदोलन है। जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आमजन के सहयोग से ही अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित रह जाए तो इसकी सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग को दें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार में सम्मिलित हैं सचिव के ऊपर विभागीय अधिकारी कार्रवाई न करके उनको संरक्षक देने का कर रहे हैं काम अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलन बरौधा मे। सरकार की योजनाओं के साथ किया गया है खिलवाड़ धरातल पर नहीं दिख रही है सरकार की योजनाएं सिर्फ कागजों पर दिखाई दे रही है योजनाएं ग्राम पंचायत मे मौजूद सचिव आशीष यादव के द्वारा 4 ग्राम पंचायत का कार्य संभाले हैं जिसमें से किसी भी ग्राम पंचायत में धरातल पर सरकार की योजनाएं आधा अधूरा दिखाई दे रही हैं किसी भी सरकारी योजनाओं को पूर्ण नहीं किया गया है सिर्फ कागज पर किया गया है।

कोरम पूरा फर्जी वाउचर लगाकर किया गया है भुगतान राज वित्त में किया गया है भारी भरकम घोटाला ग्रामीणों ने इसकी कई बार शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर अधिकारियों तक किया लेकिन अधिकारियों के द्वारा सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार में सम्मिलित सचिव को बचाने का प्रयास किया जा रहा है कहीं ना कहीं इसमें सक्षम अधिकारियों का भी सम्मिलित्ता नजर आ रही है।

वहीं कई एक बार अख़बारों में भी समाचार फोटो सहित भ्रष्टाचार का छापा गया लेकिन अधिकारी कार्रवाई के बजाय सिर्फ सचिव से साठ गांठ करके अपना पल्ला झाड़ने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वही बेलन बरौधा के ग्रामीणों ने बेलन बरौधा मे हुए कार्यों का निरीक्षण करने के लिए तैयार हो रहे हैं की एक बार गांव का पूरा काम देख लिया जाए एक-एक बिंदु का बारिकी से जांच कराया जाएगा कहां क्या काम हुआ है कितना बजट कहां खर्च हुआ था महिला प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर लगाकर जो ?12 लाख सेक्रेटरी ने निकालकर एडीयो पंचायत और वीडियो के साथ मिलकर बाट कर हजम कर लिया उसकी शिकायत का क्या हुआ सब देखा जाएगा और इस संबंध में जिला प्रशासन से जांच की मांग किया जाएगा कि जिला प्रशासन टीम गठित करके एक-एक बिंदु पर बारीकी से जांच करें ताकि ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार का खुलासा हो सके और ग्रामीणों को भ्रष्टाचार की जानकारी मिल सके।

# नगरपालिका परिषद पडरौना में सुना गया प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' का 135 वां एपिसोड

**● विकसित भारत के संकल्प पर दिया गया जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड का रविवार को नगरपालिका परिषद पडरौना में उत्साह और अनुशासन के साथ सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन एवं नेतृत्व में बूथ संख्या 298 पर किया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी युद्धपोतों के निर्माण, सरकारी बीमा योजनाओं, भारतीयों की एकजुटता तथा देश की विभिन्न उपलब्धियों सहित कई समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति भारत का भविष्य है और उनकी ऊर्जा, नवाचार तथा सामाजिक जागरूकता राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही भीषण गर्मी और लू से बचाव के प्रति सतर्क रहने तथा नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम के उपरांत नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कृषि, रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, खेल और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में भारत लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

उन्होंने पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता और मूल्य नियंत्रण को केंद्र सरकार की सफल विदेश नीति का परिणाम बताते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल सहित बृजेश पाल, विनोद गुप्ता, विशाल कुमार, राहुल कुमार, अखिलेश सिंह, अमन मोदनवाल, संतोष गुप्ता, गौरव रौनियर, अभय मारोदिया, आकाश वर्मा, सचिन साहा, मृत्युंजय दीक्षित, गुलाबी शाह, संतोष चौहान, राजेश कुशवाहा, सागर जायसवाल, गोपी मद्धेशिया, विनोद साह, रविंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अभियान बन चुका है रन फॉर राम, जल्द होगा सप्ताहभर का खेल महोत्सव: प्रांत प्रचारक कौशल जी

**● विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा विजेताओं ने जीते नगद पुरस्कार**

**● खराब मौसम के बावजूद खिलाड़ियों में रहा जबरदस्त उत्साह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी ने कहा कि 'शरीर माध्यम सर्व धर्म साधनम्' तथा 'सच्चा सुख निरोगी काया' केवल कहावतें नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं सशक्त समाज निर्माण का मूल मंत्र हैं। उन्होंने युवाओं से नियमित व्यायाम, खेल एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। वे रविवार को क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित 'रन फॉर राम' दौड़ प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद में क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा है। इसके लिए क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रताप सिंह एवं उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया।

कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि पाँच वर्ष पूर्व अयोध्या से प्रारंभ हुआ 'रन फॉर राम' आज एक विशाल स्वरूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीराम के चरण पड़े हैं, वहां-वहां यह आयोजन किया जाएगा। इतना ही नहीं, भविष्य में विदेशों में भी इस प्रतियोगिता का आयोजन होगा, ताकि विश्वभर के युवा प्रभु श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि आगामी फरवरी माह में अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'रन फॉर राम' का आयोजन प्रस्तावित है। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम में एनटीपीसी द्वारा खिलाड़ियों को टीशर्ट उपलब्ध कराया गया इस दौरान मौजूद एनटीपीसी के एक्जीक्यूटिव सीएसआर निष्ठा सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग प्रचारक शैलेंद्र जी, सह संघ चालक उदय प्रताप सिंह, जिला कार्यवाह हेमंत जी, कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा, अयोध्या प्रभारी मिथलेश त्रिपाठी, ज्ञानसागर सिंह, रजनीश सिंह , तथा क्रीड़ा भारती से अवधेश वर्मा प्रान्त उपाध्यक्ष, शिवांक रमन भदौरिया प्रांत मंत्री, अनुज कुमार सिंह प्रांत सहमंत्री, सत्यम सिंह कनौजिया प्रांत युवा प्रमुख, जिला मंत्री आशाराम वर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह, उपेंद्र प्रताप, डा जेके वर्मा, आलोक त्रिपाठी, प्रधानाचार्य तारा वर्मा, विनय कुमार, राकेश कुमार मिश्र एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।ब

**शीघ्र आयोजित होगा सप्ताहभर का खेल महोत्सव**

प्रांत प्रचारक कौशल जी ने कार्यक्रम स्थल पर घोषणा करते हुए कहा कि जनपद में शीघ्र ही एक सप्ताह का भव्य खेल महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का



अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां की क्रीड़ा भारती की टीम ने जिस उत्कृष्ट ढंग से इस विशाल आयोजन को सफल बनाया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है।

**विभिन्न जनपदों के धावकों ने दिखाई प्रतिभा**

रन फॉर राम प्रतियोगिता में अम्बेडकरनगर के अलावा प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, आजमगढ़, देवरिया, हरदोई सहित अनेक जनपदों से आए धावकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की भागीदारी ने कार्यक्रम को प्रदेश स्तरीय स्वरूप प्रदान किया।

**जिला प्रशासन का मिला जबरदस्त सहयोग**

जिलाधिकारी ईशा प्रिया को जब इस बात की जानकारी दी गई कि जनपद में रन फॉर राम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रह है तो उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों





को इसके सफलता के लिए लगाया,पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया कोतवाली ,चौकी और ट्रैफिक की टीम लगी रही जिला क्रीड़ा अधिकारी। मंजूर अहमद अपनी पूरी टीम के साथ जूते रहे प्रतियोगिता सफल बनने में महती भूमिका निभाई ,जिला विद्यालय निरीक्षक की पूरी टीम विद्यालयों के बच्चे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए बीएसए की टीम भी लगी रही ,युवा कल्याण विभाग के कर्मचारी भी रहे। तथा अन्य विभाग की टीम भी लगी रही।

## मायके आई विवाहिता, पति और सास पर हमला, पिता समेत आठ पर मुकदमा

**मड़ावरा कस्बे में पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप**

**लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट का आरोप**

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक विवाहिता, उसके पति और सास के साथ सरेबाजार मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मायके आई महिला को उसके पिता, तीन भाइयों, भाभियों और एक अन्य व्यक्ति ने घेरकर लाठी-डंडों, लात-घूंसों एवं लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ थाना बड़ागांव अंतर्गत ग्राम ककरवाहा निवासी दीक्षा सोनी पत्नी आकाश सोनी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 27 जून 2026 को दोपहर करीब 1.30 बजे अपने पति आकाश सोनी और सास के साथ मड़ावरा स्थित अपने मायके आई थीं। जब वे कस्बे में स्थित अर्हन फैशन गारमेंट्स के पास पहुंचे, तभी वहां पहले से मौजूद उनके पिता कन्हैयालाल सोनी, भाई संजय सोनी, राहुल सोनी और गौरव सोनी, भाभियां आशा, वर्षा और प्रिन्सी, तथा रनगांव निवासी कल्लू पुत्र चूड़ी लोधी ने उन्हें घेर लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मुट्ठीगंज पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ आरोपी को दबोचा

**बारादरी घाट के पास मुखबिर की सूचना पर हुई गिरफ्तारी, चोरी का मोटोरोला 5जी मोबाइल बरामद**



**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में एक और धारा बढ़ाते हुए आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, थाना मुट्ठीगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 55/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज चोरी के मामले की विवेचना की जा रही थी। इसी दौरान रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की घटना में शामिल युवक बारादरी घाट से शनि मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर मौजूद है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. इरफान (21 वर्ष) पुत्र मो. मुस्ताक, निवासी वार्ड संख्या-4, थाना गढ़, जिला रीवा (मध्य प्रदेश) तथा वर्तमान पता तंबाकू वाली गली, थाना कीडगंज, प्रयागराज के रूप में हुई है।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार



**प्रयागराज।** उतरांव थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को थाना क्षेत्र के खोदायपुर स्थित कसिया का पूरा जाने वाले अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, थाना उतरांव में दर्ज मुकदमा संख्या 137/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) एवं 87 में दर्ज मामले की विवेचना की जा रही थी। इस मामले में आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर इमरान (30 वर्ष) पुत्र मुसाफिर अहमद, निवासी ग्राम कसेरूआ कलां, सहसों, थाना सरायइनायत, कमिश्नरेट प्रयागराज को खोदायपुर स्थित कसिया का पूरा जाने वाले अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव का काले झंडों से विरोध

**दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री**



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के प्रयागराज आगमन पर रविवार को विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर शहर पहुंचे सपा प्रमुख को कुछ लोगों ने काले झंडे दिखाकर अपना विरोध दर्ज कराया। हालांकि पुलिस की सतर्कता के चलते स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, अखिलेश यादव शहर के सर्किट हाउस के समीप स्थित रुद्राक्ष होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान प्रेस वार्ता स्थल तक पहुंचने से पहले कुछ प्रदर्शनकारी वहां पहुंच गए और काले झंडे दिखाते हुए नारेबाजी की। अचानक हुए विरोध प्रदर्शन से कुछ देर के लिए मौके पर हलचल मच गई।

सपा प्रमुख का यह प्रयागराज दौरा दो दिनों का है। इस दौरान उनके पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात करने के साथ-साथ कई संगठनात्मक कार्यक्रमों में शामिल होने की भी संभावना है।

## प्रयागराज : आम तोड़ने के विवाद में किशोर को किया अधमरा, फिर पेट्रोल छिड़ककर जलाया; हालत गंभीर

**● प्रयागराज में आम तोड़ने के विवाद में एक 15 वर्षीय किशोर को पीटकर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपित पिता-पुत्र दिलीप और पप्पू को गिरफ्तार कर लिया है और किशोर अस्पताल में भर्ती है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** आम तोड़ने के विवाद को लेकर पिता-पुत्र ने मिलकर पहले एक किशोर को पीटकर अधमरा किया और फिर पेट्रोल छिड़ककर उसे आग के हवाले कर दिया। उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर है। पुलिस ने आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पन्नालाल और दिलीप के बीच शुक्रवार शाम आम तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। दिलीप और उसके बेटे पप्पू ने पन्नालाल को जान से मारने की धमकी दी थी। शनिवार दोपहर करीब एक बजे पन्नालाल का 15 वर्षीय पुत्र सूरज कहीं जाने के लिए निकला। गांव के पास स्थित भट्ठे के पास दिलीप ने अपने पुत्र पप्पू के साथ उसे पकड़ लिया। दोनों ने मिलकर सूरज की जमकर पिटाई की।

**शोर सुनकर दौड़े लोग**

वह अधमरा होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उसके ऊपर पेट्रोल छिड़क आग लगा दी। शोर सुनकर लोग दौड़ पड़े। किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सूरज गंभीर रूप से झुलस चुका था। आननफानन उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसीपी अतेंद्र यादव ने बताया कि पन्नालाल की तहरीर पर दिलीप व पप्पू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## शूलटांकेश्वर मंदिर में स्वच्छता एवं जनजागरण अभियान

**● नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी,प्रयागराज।** ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी के बीच सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान, अरैल के तत्वावधान में रविवार को अरैल स्थित शूलटांकेश्वर मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं जनजागरण अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी एवं सरकारी अध्यापक नीरज पांडेय ने किया।इस अवसर पर नीरज पांडेय ने कहा कि मंदिरों एवं गंगा तटों की स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी केवल किसी एक संस्था की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों से आह्वान किया कि वे आस्था के पवित्र स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अपना सक्रिय सहयोग दें। संस्थान के पदाधिकारी सुनील मिश्रा ने कहा कि मंदिर वह पवित्र स्थान है, जहां व्यक्ति अपने मन की व्यथाओं और समस्याओं के समाधान की आशा लेकर आता है। यहां उसे मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे पवित्र स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक दर्शनार्थी, पुजारी और आमजन का नैतिक दायित्व है।अभियान के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया।कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सुनील कुशवाहा, ऋषि दीक्षित, विकास मिश्रा, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, शशिकांत पांडेय, डॉ. सुनीता विश्वकर्मा, संदीप केसरवानी, इंदु प्रकाश सिंह, धीरज राजवानी, दीपक दीक्षित, निर्मल कुशवाहा एवं तुलसी तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गंगा स्नान के लिए आए श्रद्धालु की सड़क हादसे में मौत

**रोडवेज वोल्वो बस की चपेट में आने से महिला ने तोड़ा दम**

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में गंगा स्नान के लिए आए तेलियरगंज स्थित मेहदौरी पुलिस चौकी के पास रोडवेज की एक वोल्वो बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार कमलेश कुमारी (58 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हड़कंप मच गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, प्रतापगढ़-अमेठी क्षेत्र के निवासी सुधीर मौर्य अपनी परिजन कमलेश कुमारी के साथ मोटरसाइकिल से गंगा स्नान करने प्रयागराज आए थे। गंगा स्नान के बाद जब वे वापस लौट रहे थे, तभी तेलियरगंज स्थित मेहदौरी पुलिस चौकी के समीप रोडवेज की वोल्वो बस (नंबर-UP70 AT6622) से उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कमलेश कुमारी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मेहदौरी पुलिस चौकी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद कुछ देर तक सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने व्यवस्थित कराया।

## प्रयागराज में बड़ी घटना : करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

**● प्रयागराज के बारा थाना क्षेत्र में खेत की सिंचाई करते समय कटे बिजली के तार की चपेट में आने से पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई।**

**हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बारा (प्रयागराज)।** यमुनापार के बारा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। हरदी गांव में खेत की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल चलाते समय करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरदी गांव निवासी 61 वर्षीय विनोद कुमार बिंद पुत्र स्व. बिहारी लाल रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे खेत में ट्यूबवेल से सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान कटे हुए बिजली के तार की चपेट में आ गए। पिता को करंट की चपेट में तड़पता देख बड़ा बेटा 35 वर्षीय धनु कुमार बिंद उन्हें बचाने के लिए दौड़ा तो वह भी करंट की चपेट में आ गया। कुछ ही देर में पिता-पुत्र अचेत होकर गिर पड़े। कुछ दूरी पर दूसरे खेत में मौजूद परिवार के लोग उनकी चीख सुनकर वहां पहुंचे। उन्होंने बांस की मदद से किसी तरह दोनों को करंट से अलग किया और आनन-फानन जसरा के निजी चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। विनोद कुमार बिंद के छोटे पुत्र रवि कुमार बिंद ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया कटे बिजली तार की चपेट में आने से हादसा होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



विनोद कुमार बिंद और उनके बड़े पुत्र धनु कुमार बिंद ही परिवार की आर्थिक रीढ़ थे। छोटे बेटे रवि सहित एक बहन की शादी अभी बाकी है। एक तरफ अब जहां रवि पर पारिवारिक जिम्मेदारी आ गई है, वहीं धनु कुमार बिंद की पत्नी पुष्पांजलि, उसके दो बेटे विवेक और आयुष, पुत्री अनुप्रिया की रो-रो कर हालत खराब है। परिवार के सामने बच्चों की शिक्षा, भरण-पोषण और भविष्य की चिंता सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता, सरकारी योजनाओं का लाभ और बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था कराने की मांग की है।

## अखिलेश यादव के स्वागत में जा रहे सपा नेता सड़क हादसे में घायल



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के दो दिवसीय प्रयागराज दौरे के दौरान स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे समाजवादी युवजन सभा के पूर्व गंगापार जिलाध्यक्ष प्रिंस सिंह बागी रविवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा चौफटका क्षेत्र में हुआ, जिसमें उनके पैर की हड्डी दो स्थानों से टूट गई। चौफटका के पास अचानक हुए सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं और राहगीरों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों की जांच में उनके पैर की हड्डी दो स्थानों से फ्रैक्चर होने की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल उपचार शुरू करते हुए कुछ समय तक पूर्ण आराम करने की सलाह दी है। हादसे की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और शुभचिंतक अस्पताल पहुंच गए तथा उनका हालचाल जाना।

## प्रयागराज में कोचिंगों के साथ होटल, रेस्टोरेंट और अस्पतालों पर भी सख्ती, मानचित्रों की जांच करेगा पीडीए




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर में आवासीय भवनों में संचालित हो रही कोचिंग ही नहीं होटल, रेस्टोरेंट और नर्सिंग होमों पर भी कार्रवाई की जाएगी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) अब मानचित्र के आधार पर भवनों का सर्वे कराने की तैयारी कर रहा है। जोन के अनुसार आठ टीम बनाकर शहर में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच शुरू कराई जाएगी। 29 जून से भवनों का सर्वे शुरू कराया जा सकता है। लखनऊ के अलीगंज में हुए अग्निकांड के बाद से शहर में कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी पर पीडीए की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई से बचने के लिए कई लाइब्रेरी और कोचिंग सेंटरों में ताला लगा दिए गए हैं। पीडीए अब कार्रवाई और तेज करेगा। पिछले चार दिनों में सात कोचिंग सेंटर सील कर चुका है और 20 कोचिंग संचालकों को नोटिस दिया जा चुका है। 15 दिनों में मानचित्र नहीं उपलब्ध होने पर पीडीए इन सभी को सील करेगा। नियम के विपरीत अगर भवन का निर्माण किया गय है तो ध्वस्तीकरण का आदेश भी पारित किया जा सकता है। सिविल लाइंस, राजापुर, अशोकनगर, दारागंज, महर्षि भरद्वाजपुरम, बाघंबरी हाउसिंग, बैरहना, मलाकराज, मधवापुर, चौक, घंटाघर, चकिया, करेली, कल्याणी देवी, कीडगंज, मुट्ठीगंज, लोकनाथ, मालवीय नगर आदि क्षेत्रों में अवैध कोचिंग, होटल, रेस्टोरेंट, नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं।आवासीय भवनों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जोन के अनुसार ऐसे भवनों का निरीक्षण करके मानचित्र की जांच की जाएगी। नियमों पूरा न करने पर भवन स्वामी को पहले नोटिस भेजकर भवन सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

## जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

**भदोही।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत औराई पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 10 के तहत विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना औराई पुलिस को सूचना मिली कि जिला बदर घोषित अपराधी अपने क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया और मुक्तापुर नहर पुलिया के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ज्ञानदीप उर्फ सोनू पुत्र रमेश कुमार दूबे, निवासी भगवानपुर कनेहरी, थाना औराई, जनपद भदोही के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, जिला मजिस्ट्रेट भदोही द्वारा 18 मार्च 2026 को जारी आदेश के तहत आरोपी को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3(1) के अंतर्गत छह माह के लिए जनपद की सीमा से बाहर रहने का आदेश दिया गया था। यह आदेश 29 मार्च 2026 को उसे विधिवत तामील भी करा दिया गया था। इसके बावजूद आरोपी बिना अनुमति जनपद में घूमता पाया गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक शेतान्शु शेखर पंकज सहित थाना औराई के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय में कई वर्ष बाद पटरी पर लौटेगा सत्र, जुलाई में शुरू होंगे यूजी-पीजी के दाखिले

**● सीयूईटी-यूजी और पीजीएटी के समय पर परिणाम आने से अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने और कक्षाएं समय पर शुरू होने की संभावना है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** लगातार कई वर्षों से प्रवेश प्रक्रिया में देरी, परीक्षाओं के बदले कार्यक्रम और देर से शुरू होने वाली कक्षाओं की समस्या से जूझ रहे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के लिए इस बार राहत के संकेत दिखाई दे रहे हैं। परास्नातक प्रवेश परीक्षा (पीजीएटी) के तहत पीजीएटी-2 का परिणाम जारी होने और पीजीएटी-1 व विधि पाठ्यक्रमों के परिणाम जल्द घोषित होने की संभावना से विश्वविद्यालय परास्नातक की प्रवेश प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करने की कोशिश में जुटा है। सीयूईटी का परिणाम भी समय से जारी होने के कारण स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया भी अगस्त तक पूरी होने की उम्मीद है। पिछले वर्ष 12 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय कटआफ जारी करता रहा था।महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इस बार स्नातक और परास्नातक दोनों स्तरों पर प्रवेश प्रक्रिया लगभग साथ-साथ आगे बढ़ेगी। सीयूईटी-यूजी के परिणाम आने के बाद जुलाई के पहले सप्ताह में पंजीकरण और जुलाई के अंतिम सप्ताह से दाखिले शुरू होने की संभावना है। यदि ऐसा होता है तो अगस्त तक अधिकांश प्रवेश पूरे हो सकते हैं और कक्षाएं भी समय से शुरू हो जाएंगी। पिछले वर्ष की तस्वीर बिल्कुल अलग थी। बीए में प्रवेश अक्टूबर तक चलते रहे, जबकि विज्ञान, वाणिज्य और विधि संकायों में भी सितंबर तक दाखिले जारी रहे। इसका सीधा असर पढ़ाई पर पड़ा। नए छात्रों को पूरा शैक्षणिक वातावरण मिलने में देर हुई और शिक्षकों को भी पाठ्यक्रम पूरा कराने के लिए अतिरिक्त दबाव झेलना पड़ा। इस बार विश्वविद्यालय के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल प्रवेश शुरू करने के साथ उन्हें निर्धारित समय में पूरा करना है। यदि मेरिट सूची, दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा करने की प्रक्रिया बिना किसी तकनीकी बाधा के पूरी होती है, तो विश्वविद्यालय वर्षों बाद अपने अकादमिक कैलेंडर को सामान्य स्थिति में ला सकता है। विश्वविद्यालय अब राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश प्रणाली सीयूईटी के अनुरूप अपनी प्रक्रिया को व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहा है। इससे छात्रों को भी स्पष्ट समय-सारिणी मिलेगी और दूसरे विश्वविद्यालयों की तरह प्रवेश प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज हो सकेगी। हालांकि इवि प्रशासन का कहना है कि कुछ चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं।

## बंद मकान में 70 वर्षीय बुजुर्ग का सड़ा-गला शव मिला

**● दुर्गंध उठने पर खुला मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के महेवा स्थित करामत चौराहे के पास शनिवार सुबह एक बंद मकान से 70 वर्षीय बुजुर्ग का सड़ा-गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घर से दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीढ़ी के सहारे घर में प्रवेश किया और अंदर बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। पुलिस ने तत्काल फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद परिजनों की मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।मृतक की पहचान महमूद अली (70), पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद ईशा, निवासी महेवा करामत चौराहा, नैनी के रूप में हुई है। बताया गया कि वह अपने मकान में अकेले रहते थे। पत्नी से विवाद के चलते वह उनसे अलग रहती थीं। उनकी कोई संतान नहीं थी, जबकि अन्य भाई अलग-अलग रहते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार महमूद अली मानसिक रूप से अस्वस्थ थे।

पड़ोसियों ने बताया कि महमूद अली पिछले करीब एक सप्ताह से घर से बाहर नहीं निकले थे। शनिवार सुबह मकान से तेज दुर्गंध आने पर लोगों को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों मोहर्रम के चलते पास के इमामबाड़े में प्रतिदिन अगरबत्ती और लोबान जलाया जा रहा था। इसी कारण शुरुआती दिनों में शव से उठ रही दुर्गंध का पता नहीं चल सका। शनिवार को दुर्गंध अधिक तेज होने पर लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। फोरेंसिक टीम के प्रारंभिक निरीक्षण के अनुसार शव करीब चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव पूरी तरह सड़-गल चुका था। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

## नैनी स्टेशन रोड पर जलनिकासी व्यवस्था ध्वस्त



**● पार्षद ने अधिकारियों पर लापरवाही का लगाया आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** वार्ड संख्या-20, चक रघुनाथ के पार्षद राकेश जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर नैनी स्टेशन रोड पर जलनिकासी की गंभीर समस्या को लेकर नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महाकुंभ के दौरान पीडीए द्वारा नाली निर्माण का कार्य कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद भी जलनिकासी की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। पार्षद ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर आयुक्त को पत्र लिखकर शिकायत की गई। इसके अलावा चीफ इंजीनियर को भी अवगत कराया गया तथा अपर नगर आयुक्त ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। बावजूद इसके अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि महापौर द्वारा भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण नालियों का पानी अब सड़कों पर बहने लगा है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## धोखाधड़ी के मामले में फरार वारंटी गिरफ्तार



**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी एक्ट से जुड़े एक पुराने मामले में फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी की गिरफ्तारी माननीय न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के अनुपालन में की गई। पुलिस के अनुसार, माननीय एसीजेएम कक्ष संख्या-10, प्रयागराज द्वारा मुकदमा संख्या 1400/15 में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 419 (प्रतिरूपण), 420 (धोखाधड़ी), 467, 468, 471 (जालसाजी एवं कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग) तथा 66-डी आईटी एक्ट के तहत आरोपी के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके बाद जार्जटाउन थाना पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

## प्रदेश उपाध्यक्ष व मध्यांचल अध्यक्ष सहित 29 पदाधिकारी-कार्यकर्ता संगठन से निष्कासित

**● भाकियू (टिकैत गुट) ने संगठन विरोधी गतिविधियों के चलते यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष व मध्यांचल अध्यक्ष सहित 29 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निष्कासित कर दिया है।**

**अनुशासनहीनता को लेकर कार्रवाई की गई है। निष्कासितों का कहना है कि वे पहले ही इस्तीफा दे चुके थे।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन यानी भाकियू (टिकैत गुट) ने यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह और मध्यांचल अध्यक्ष सालिकराम यादव सहित 29 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। संगठन विरोधी नीतियों व क्रियाकलापों को देखते हुए यूनियन की प्रदेश समन्वय समिति ने यह कार्रवाई की है। हालांकि निकाले गए पदाधिकारियों का कहना है कि वह पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। दरअसल प्रदेश में पिछले कई महीने से भाकियू अंदरखाने में चल रहे आपसी संघर्ष व विरोध से जूझ रही थी। यूनियन की यह रार बीते मार्च के महीने में तब सार्वजनिक हुई थी, जब एक साथ करीब 1800 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने इस्तीफे का ऐलान किया था। प्रयागराज के नैनी क्षेत्र में हुई एक सभा के दौरान मध्यांचल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने इसकी घोषणा की थी। इसके बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत खुद प्रयागराज आए थे। नाराज पदाधिकारियों से मुलाकात करके मामले को सुलझाने का प्रयास किया था, लेकिन बात नहीं बनी। आखिर रविवार यानी 28 जून को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित 29 लोगों को यूनियन से निकाल दिया गया। यूनियन के राष्ट्रीय कार्यालय मुजफ्फरनगर के प्रभारी अर्जुन बालियान ने बताया कि यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंह, मध्यांचल अध्यक्ष सालिकराम यादव, लखनऊ के मंडल अध्यक्ष केके सिंह, लखनऊ मंडल कार्यकारिणी के सदस्य दिलराज सिंह, मध्यांचल उपाध्यक्ष सूरज पाल, प्रयागराज के जिला उपाध्यक्ष रामजतन पाल सहित 29 पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को यूनियन से निष्कासित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश की प्रदेश समन्वय समिति ने इनकी संगठन विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता को देखते हुए यह कार्रवाई की है। भाकियू से निकाले गए मध्यांचल अध्यक्ष सालिकराम यादव का कहना है कि इस निष्कासन का कोई मतलब ही नहीं है, जब वह पहले ही त्यागपत्र दे चुके हैं। इस्तीफा देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सहित 1800 पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे। यह सब अब भी यूनियन से अलग हैं। उन्होंने कहा कि जिस संगठन में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सुनी न जाए, उसमें रहने का कोई फायदा ही नहीं।



# संक्षिप्त खबरें

## प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 28 जून को 0 से 5 वर्ष के बालक-बालिकाओं को पिलाई गई 'दो बूंद' पोलियो ड्रॉप

29 व 30 जून को डोर-टू-डोर पिलाई जाएगी पोलियो की दवा



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत उपायुक्त पाकुड़ मेघा भारद्वाज के निर्देशन में प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया सहित प्रखण्ड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में 28 जून को सभी पोलियो केंद्रों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को पोलियो की 'दो बूंद' दवा पिलाई गई। पोलियो ड्रॉप से कोई भी बालक-बालिका वंचित न रहे, इसके लिए 29 व 30 जून को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 139 पोलियो बूथ तथा पाकुड़िया अस्थायी बस स्टैंड, तालवा सिदो-कान्हू चौक और ग्रामीण क्षेत्रों के हाट में कुल 3 ट्रांजिट बूथ बनाए गए हैं। इनमें आंगनबाड़ी सेविकाओं और मेडिकल स्टाफ सहित कुल 329 कर्मियों की सेवाएं ली जा रही हैं। कार्यक्रम के सघन निरीक्षण के लिए 32 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं, जबकि 13 सब-डिपो भी बनाए गए हैं। यह जानकारी देते हुए प्रभात दास ने बताया कि पाकुड़िया प्रखण्ड में कुल 18,065 बालक-बालिकाओं को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## संकट मोचन धाम पाथरोल में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भजन संध्या व महाआरती आज



**पाथरोल, करों, देवघर, झारखंडः-** ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज सोमवार को संकट मोचन धाम, पाथरोल में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संध्या 8:30 बजे से भजन-कीर्तन का शुभारंभ होगा, जिसके पश्चात रात्रि 9:30 बजे बाबा की भव्य महाआरती संपन्न होगी। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद सहित अन्य प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा को श्रद्धालुओं के सहयोग से भजन संध्या, बाबा की महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंदिर समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## 5 जून को होने वाली पार्टी का स्थापना दिवस को लेकर राजद के जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया ने मंत्री संजय प्रसाद यादव से विशेष चर्चा की



**पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़ राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया ने कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य संजय प्रसाद के गोड्डा निजी आवास में मुलाकात किया! आगामी 5 जून को होने वाली पार्टी का स्थापना दिवस को लेकर बिषेस चर्चाएं एवं विचार विमर्श किया, एवं पाकुड़ जिला में सरकार द्वारा चलाए जा रही हर योजना को घर-घर तक ले जाने की बात भी कहीं साथ ही एक भी वोटर ना छूटे को लेकर एस आई आर के विषय पर भी चर्चा किया गया!मंत्री संजय प्रसाद यादव के द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ! 5 जून को पार्टी का स्थापना दिवस के सफल आयोजन का दिशा- निर्देश के आलोक में पाकुड़ किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लाल मरांडी और लिट्टी पाड़ा प्रखंड के अध्यक्ष मनोज मड़ैया साथी झारखंड प्रदेश के महासचिव जयप्रकाश यादव, गोड्डा के जिला युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मदन शाह उपस्थित थे !

# पत्नी की विदाई के लिए हाईटेंशन टावर पर चढ़ा युवक, 4 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने उतारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव में रविवार सुबह एक युवक अपनी पत्नी की विदाई कराने की मांग को लेकर हाईटेंशन ट्रांसमिशन टावर पर चढ़ गया। करीब चार घंटे तक चले हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने उसकी पत्नी को मौके पर बुलाया और समझाने-बुझाने के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। बाद में दोनों पक्षों के बीच थाने में आपसी सहमति से समझौता कराया गया। गोंडा जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के विरतीयन पुरवा गांव निवासी आकाश शुक्ला (20) ने बताया कि चार महीने पहले उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से बलिया निवासी राजमुनि (19) से हुई थी। दो महीने तक बातचीत के बाद दोनों एक-दूसरे के करीब आए और गोंडा के एक मंदिर में शादी करने का दावा करते हुए अहमदाबाद चले गए, जहां दोनों करीब 25 दिनों तक साथ रहे। आकाश फैक्ट्री में नौकरी करता था। आकाश के अनुसार 16 जून को पत्नी से मामूली विवाद के दौरान उसने गुस्से में थप्पड़ मार दिया। इसके बाद राजमुनि ने अपने पिता को बुला लिया। 19 जून को जब वह ड्यूटी से लौटा तो पत्नी अपने पिता के साथ जा चुकी थी। उसने काफी तलाश की और अहमदाबाद-वाराणसी ट्रेन में पत्नी और उसके पिता को देखा, लेकिन ससुर ने कहा कि अब बातचीत बलिया में होगी। आकाश का आरोप है कि जब वह बलिया पहुंचा तो ससुराल पक्ष ने उसे पत्नी के साथ भेजने से मना कर दिया और पुलिस बुलाकर उसे डराने-धमकाने की कोशिश की। इससे परेशान होकर वह रविवार सुबह करीब सात बजे हरिपुर गांव स्थित हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया और पत्नी को बुलाने की मांग करने लगा। उसने चेतावनी दी कि यदि पत्नी की विदाई नहीं कराई गई तो वह टावर से कूद जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। काफी देर तक समझाने के बावजूद युवक नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। अंततः पुलिस ने युवती और उसके परिजनों को मौके पर बुलाया। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक सुरक्षित नीचे उतर आया, जिसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई। वहीं, राजमुनि ने बताया कि उसकी आकाश से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी और वह करीब 25 दिन उसके साथ अहमदाबाद में रही। उसने कहा कि उनकी शादी नहीं हुई है और फिलहाल वह आकाश के साथ नहीं जाना चाहती। थाने में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता कराया गया। समझौते के अनुसार, आकाश अगले चार महीने तक नौकरी कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करेगा। इसके बाद यदि राजमुनि अपनी इच्छा से उसके साथ रहने को तैयार होगी, तभी दोनों विवाह कर साथ रहेंगे। इस अवधि में आकाश किसी भी प्रकार का दबाव या जबरदस्ती नहीं करेगा, जबकि युवती के परिजन भी चार महीने तक उसकी शादी कहीं और नहीं करेंगे। साथ ही तय किया गया कि आकाश सप्ताह या पखवाड़े में एक बार राजमुनि से उसके पिता के मोबाइल के माध्यम से कुछ मिनट बात कर सकेगा। यह घटना पूरे दिन क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। लोगों ने इसे सोशल मीडिया पर शुरू हुए प्रेम संबंध, पारिवारिक विवाद और भावनात्मक तनाव का एक गंभीर उदाहरण बताया।

## नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा द्वारा प्राधिकार के अध्यक्ष एवं सचिव के निर्देश पर नारायणपुर प्रखंड के रघुनाथपुर गांव में पीएलवी मोहम्मद महफूज आलम की देखरेख में 90 दिवसीय अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में ग्रामीणों को झारखंड सरकार के द्वारा प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए कैंप के आयोजन की जानकारी दी गई। यह कैंप आगामी नौ जुलाई एवं 10 जुलाई को लगेगी। कैंप में पहुंचकर अपना अपना आवेदन करने के लिए ग्रामीणों को आवश्यक दस्तावेज एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने से संबंधित जानकारी दी गई, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग ज्यादा से ज्यादा लाइसेंस के लिए आवेदन कर पाए। इस अवसर पर राजेंद्र हांसदा, सरजू माला, गोपाल, सोरेन, बुधन हांसदा, सर्जन हेंब्रम आदि उपस्थित थे। वहीं एक अन्य सामाचार के अनुसार नारायणपुर प्रखंड के बुधुडीह गांव में भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। प्राधिकार मित्र शहादत अली ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति, बाल विवाह रोकथाम, महिला अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण, निश्शुल्क विधिक सहायता, नालसा टोल-फ्री हेल्पलाइन 15100 तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर निर्मल दास, करन दास, करमातु सिंह, बीरू दास, नूनासारी देवी, मुनकी देवी, अमित दास, अभिषेक दास आदि उपस्थित थे।

## पल्स पोलियो अभियान के दौरान आंगनबाड़ी सेविका की तबीयत बिगड़ी

**हिरणपुर, पाकुड़, झारखण्डः-** हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत घाघरजानी पंचायत के घाघरजानी गांव में पल्स पोलियो अभियान के दौरान आंगनबाड़ी सेविका ललिता मुर्मू की अचानक तबीयत बिगड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका टुसू एवं निर्मला दीदी ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल हिरणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के साथ सलाइन चढ़ाया गया। कई घंटे के उपचार के बाद उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार देखा गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुनील कुमार सिंह एवं डॉ. प्रेम मुर्मू ने बताया कि कमजोरी, मानसिक तनाव और चक्कर आने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी थी। फिलहाल उनकी स्थिति में सुधार है और वे खतरे से बाहर हैं। चिकित्सकों ने उम्मीद जताई है कि उचित उपचार एवं आराम से वे शीघ्र पूरी तरह स्वस्थ हो जाएंगी।

## खेल युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास का कर रहे हैं संचारः डाक्टर राजेश्वर सिंह

**●सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग में आयोजित इंटर स्कूल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत खेले जा रहे इंटर स्कूल एवं इंटर स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट मुकाबले लगातार क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का संचार कर रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे मुकाबले में कृष्णा पब्लिक स्कूल ने रेड रोज इंटर कॉलेज को 7 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए रेड रोज इंटर कॉलेज की टीम मात्र 38 रन पर ऑल आउट हो गई और कृष्णा पब्लिक स्कूल को 39 रनों का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए कृष्णा पब्लिक स्कूल ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन कर आसानी से जीत दर्ज की। इस मैच में अंशुल ने 4 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मुकाबले में पीजेंट डे एकेडमी इंटर कॉलेज और यूनिवर्सल सिटी कॉन्वेंट, मौंदा के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर यूनिवर्सल सिटी कॉन्वेंट ने पहले गेंदबाज़ी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पीजेंट डे एकेडमी इंटर कॉलेज ने 105 रन बनाए और विपक्षी टीम को 106 रनों का लक्ष्य दिया। शानदार गेंदबाज़ी के दम पर पीजेंट डे एकेडमी ने यूनिवर्सल सिटी कॉन्वेंट को 62 रनों से पराजित कर प्रभावशाली जीत दर्ज की। कृष्ण पाल ने 4 विकेट और 16 रन बनाकर ऑलराउंड प्रदर्शन किया तथा मैन ऑफ द मैच बने। चौथे मुकाबले में के.डी. पब्लिक स्कूल की अनुपस्थिति के कारण मैच आयोजित नहीं हो सका। प्रतियोगिता नियमों के अनुसार अंबेडकर विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल को वॉकओवर प्रदान कर अगले चरण में प्रवेश दिया गया। इंटर स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए मुकाबलों में भी खिलाड़ियों और क्लबों का उत्साह देखने योग्य रहा। खिलाड़ी सत्यापन प्रक्रिया के दौरान अयोग्य खिलाड़ियों की सहभागिता पाए जाने पर लखनऊ लायंस क्रिकेट क्लब को अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप रणीपुर क्रिकेट क्लब को मैच प्रदान करते हुए दूसरे चरण में प्रवेश दिया गया। इसी क्रम में पात्रता मानकों पर खरा न उतरने के कारण लायंस 11 क्रिकेट क्लब को भी अयोग्य घोषित किया गया। प्रतियोगिता नियमों के अनुसार वेस्ट 11 क्रिकेट क्लब को वॉकओवर प्रदान कर दूसरे चरण में प्रवेश दिया गया। सातवें मुकाबले में लखनऊ नाइट राइडर्स क्रिकेट क्लब और देशी दबंग क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर लखनऊ नाइट राइडर्स ने पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए देशी दबंग क्रिकेट क्लब ने 63 रन बनाए और 64 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ नाइट राइडर्स क्रिकेट क्लब ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए 9 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की। आर्यन यादव के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग आज युवाओं के लिए केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि उनके सपनों, संघर्ष और प्रतिभा को नई दिशा देने का सशक्त मंच बन चुकी है। खेल मैदानों में उमड़ता उत्साह इस बात का प्रमाण है कि सरोजनीनगर का युवा खेलों के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रहा है।

## मोहर्रम के अवसर पर भीषण गर्मी के चलते शरबत वितरण का लगाया गया कैंप

**लहरपुर सीतापुर-** मोहर्रम के मुबारक मोके पर भीषण गर्मी को देखते हुए शुक्रवार को जुमा के दिन शरबत वितरण कैंप लगाया गया। इस दौरान राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत प्रदान की गई। लोगों ने बढ़-चढ़कर इस सेवा कार्य में भाग लिया और मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाह मोहम्मद आरिफ खान सलीमी, अली खान, शाहीद खान, अलफेज, अदहम खान, डाक्टर अफजल सज्जादा नशीन मुस्तफा शाह, आमीर खान, मेराज अहमद, मोहम्मद इनतियाज, अनस बेग, मुस्तफा मोबिन वारशी, आरेयब हरीम माहा, मीर आमान खान, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक एवं जनसेवा के कार्य समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

## वृक्ष ही जीव -जगत के अस्तित्व का आधार है - मुकुंद साव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चौपारण हजारीबाग झारखंडः-** वृक्ष दिवस हर वर्ष 28 जून को पूरी दुनिया में मनाया जाता है।क्योंकि लोगों को पेड़ों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और वनों की कटाई रोकने के बारे में जागरूक करना है।क्योंकि वृक्ष एक अनमोल संपदा है उक्त बातें आज विश्व वृक्ष दिवस के अवसर पर *भारतीय जनता पार्टी के बरही विधान विधान के नेता और सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव* ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है,उन्होने कहा कि पेड़ हमारे ग्रह के फेफड़े हैं। ये कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और तापमान को नियंत्रित करते हैं।वृक्ष दिवस की शुरुआत प्रकृति से लोगों को जोड़ने और धरती को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ की गई थी, *मुकुंद साव* ने कहा है कि वन ही जीव जगत के अस्तित्व का आधार है,आज के दिन हम सबको संकल्प लेने की जरूरत है कि पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए वृक्ष लगाना अनिवार्य है,वृक्ष एक अनमोल संपदा है,यह पृथ्वी का गहना है,वृक्ष है तो जल है,जल से जीवन है,वृक्षों का संरक्षण ही हमारा कर्तव्य है,विश्व वृक्ष दिवस के अवसर पर श्री साव ने कहा है कि पर्यावरण है हम सबकी जान।इसलिए करें इसका सम्मान।।पर्यावरण को बचाना है,।पेड़ो से धरती सजाना है।

## भरत तिवारी एनकाउंटर पर पूर्व DGP अभयानंद ने उठाए सवाल

**पटना।** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले पर बिहार के पूर्व DGP अभयानंद का बयान सामने आया है। उन्होंने एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं और कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि SDM वहां क्या कर रहे थे। अभयानंद बिहार का जाना-माना नाम है, उन्होंने नीतीश सरकार के दौरान कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने का काम किया था। उनके कार्यकाल को काफी सराहना मिलती है। उन्होंने भरत तिवारी एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस की कार्रवाई दो तरह की होती है। एक तब होती है, जब भीड़ हो, लोगों का जमावड़ा हो या कानून-व्यवस्था की स्थिति हो। ऐसी स्थितियों में मजिस्ट्रेट और पुलिस, दोनों को तैनात किया जाता है। इस मामले में SDM भी वहां मौजूद थे। मुझे समझ नहीं आ रहा कि SDM वहां क्या कर रहे थे। अभयानंद ने कहा कि ये मजमा वाली दिक्कत नहीं थी, क्योंकि पुलिस एक व्यक्ति को पकड़ने गई थी। इसलिए यह प्योर क्राइम से संबंधित दिक्कत थी। ऐसे मामले में SDM का कोई संबंध नहीं होता है। जिलाधिकारी का हस्ताक्षेप होता है, लेकिन वो ऑफिस तक सीमित होता है। यह एक मुद्दा है, जो मेरे दिमाग में परेशानी पैदा कर रहा है। 17 जून को बिलौटी गांव में छापेमारी के दौरान पुलिस और भरत तिवारी के बीच मुठभेड़ हुई थी। पुलिस के अनुसार, उनकी ओर से पांच राउंड तथा आरोपित की ओर से 10 से 15 राउंड फायरिंग की गई थी। इस मुठभेड़ में पुलिस का कोई जवान घायल नहीं हुआ था।

## 'हर टेंडर पर कमीशन फिक्स, सिंडिकेट के जरिए मची लूट'; तेजस्वी यादव का सम्राट सरकार पर बड़ा हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को प्रेस-वार्ता कर वित्तीय कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और सरकारी टेंडर में धांधली के आरोपों के साथ कहा कि बिहार कंगाली के कगार तक पहुंच चुका है और सरकार के संरक्षण में अफसरों का सिंडिकेट लूट मचाए हुए है। भ्रष्टाचार और रिशुश्री प्रकरण में उन्होंने सरकार से 20 प्रश्न पूछे तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति कटु टिप्पणियां कीं। सृजन घोटाला, प्रश्नपत्र लीक और एस्टीमेट घोटाले की तरह टेंडर घोटाले पर भी लीपापोती किए जाने की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि वित्तीय अराजकता ऐसी है कि सरकार को सामान्य खर्च के लिए आकस्मिकता निधि से 3660 करोड़ रुपये लेने पड़ रहे। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त प्रभावशाली लोगों को बचा रही है। कार्रवाई केवल अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारियों तक सीमित रहती है, जबकि बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार करने वालों को संरक्षण मिलता है। प्रश्न यह कि रिशुश्री से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान बिहार सरकार का वकील न्यायालय में उपस्थित क्यों नहीं हुआ? क्या रिशुश्री की कंपनियों को मिले टेंडरों की न्यायिक जांच होगी? जिन विभागों में घोटालों के आरोप लगे, उनके मंत्रियों ने नैतिक आधार पर त्यागपत्र क्यों नहीं दिया? तेजस्वी ने कहा कि सरकारी टेंडर और बिल पास करने हेतु दो से 3.5 प्रतिशत तक कमीशन तय है, जबकि ग्लोबल टेंडरिंग में यह कमीशन 30 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। बिहार में ऐसा सिंडिकेट सक्रिय है, जो ई-टेंडरिंग प्रक्रिया तक को प्रभावित कर रहा। कुछ अधिकारियों का नेटवर्क पूरे सिस्टम पर हावी है और उनके स्वजनों की कंपनियां तथा कंसल्टेंसी फर्म को सरकारी टेंडर मिल रहे। कोसी बेसिन परियोजना का टेंडर गुजरात की कंपनी को दिए जाने पर भी उन्होंने आपत्ति जताई।

## प्रतिभाओं का हुआ भव्य सम्मान, अर्कवंशी युवा एकता मंच ने तीसरी बार सजाया मेधावी सम्मान समारोह

**● 29 होनहार छात्र-छात्राओं को शील्ड व सम्मान-पत्र से किया गया सम्मानित**

**शिक्षा, तकनीकी जागरूकता और सामाजिक एकता का दिया गया संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** सामाजिक संगठन अर्कवंशी युवा एकता मंच द्वारा लगातार तीसरे वर्ष आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह-2026 का भव्य आयोजन लखनऊ रोड स्थित वृंदा रिज़ॉर्ट एंड वॉटर पार्क, बिनौरा में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2026 में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अर्कवंशी समाज के 29 मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिवदेवी अर्कवंशी एवं विशिष्ट अतिथि राकेश सिंह अर्कवंशी (पूर्व ब्लॉक प्रमुख) ने कुल गौरव महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समारोह में शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता का अनूठा संगम देखने को मिला। सम्मानित विद्यार्थियों में प्रिया सिंह अर्कवंशी (91.83%), अनिकेत अर्कवंशी (91.00%), दिव्या दिनकर (90.85%), देवकी अर्कवंशी (89.66%) तथा अबी सिंह अर्कवंशी (88.00%) प्रमुख रहे। वहीं युवा संसद भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देवव्रत अर्कवंशी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, संडीला सहित विभिन्न जनपदों से आए छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. अर्कवंशी श्रीराम शास्त्री, सतीश सिंह अर्कवंशी (यूपीएससी शिक्षक), देवेंद्र सिंह अर्कवंशी, पत्रकार रामनरेश आर्य, समाजसेवी आनंद सिंह अर्कवंशी, डॉ. मनोज सिंह अर्कवंशी एवं कवि मदन पाल अर्कवंशी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा, अनुशासन और समाज सेवा को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में एचसीएल टेक के सॉफ्टवेयर इंजीनियर मृत्युंजय सिंह अर्कवंशी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया। समारोह का प्रभावी संचालन धनंजय सिंह अर्कवंशी ने किया। इस दौरान समाज के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विशिष्ट अतिथियों को श्रीमद्भगवद्गीता, अंगवस्त्र एवं सम्मान-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी एडवोकेट आनंद कुमार अर्कवंशी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में शिक्षा का प्रसार, प्रतिभाओं का सम्मान और युवाओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि अर्कवंशी युवा एकता मंच भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष कैप्टन संदीप बाबू अर्कवंशी, प्रमुख महासचिव कुलदीप सिंह अर्कवंशी, पूर्व अध्यक्ष विमल सिंह अर्कवंशी, मीडिया प्रभारी ललित सिंह अर्कवंशी, जिलाध्यक्ष अमित कुमार अर्कवंशी, जिला उपाध्यक्ष भारत सिंह अर्कवंशी, व वीर सिंह अर्कवंशी सहित संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा में चीटिंग का भंडाफोड़, 12 मुन्नाभाई गिरफ्तार; सबसे ज्यादा दरभंगा में केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** बिहार पुलिस रेडियो में सिपाही (ऑपरेटर) के 993 पदों पर भर्ती के लिए रविवार को राज्यभर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लिखित परीक्षा आयोजित की गई। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने परीक्षा को पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित बताया है। हालांकि, परीक्षा के दौरान कदाचार और फर्जी अभ्यर्थियों के जरिए परीक्षा में शामिल होने की कोशिश करने वाले 17 मुन्नाभाई के खिलाफ विभिन्न जिलों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इनमें 12 आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्रीय चयन पर्षद से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सबसे अधिक छह मामले दरभंगा जिले में दर्ज किए गए हैं। वहीं कैमूर (भभुआ) में तीन तथा नवादा में दो अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी हुई है। इसके अलावा पटना, मुजफ्फरपुर, खगड़िया के अलावा पश्चिमी चंपारण, कटिहार, मुंगेर में एक-एक फर्जी अभ्यर्थी या कदाचार से जुड़े मामले सामने आए हैं। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और उनके नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। राज्यभर के सभी 38 जिलों में परीक्षा के लिए 544 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा एक ही पाली में दोपहर 12 बजे से दो बजे तक आयोजित हुई। केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच, बायोमेट्रिक सत्यापन और पहचान पत्रों का मिलान कराया गया। संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ निगरानी के विशेष इंतजाम किए गए थे। केंद्रीय चयन पर्षद ने कहा कि अधिकांश केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कदाचार करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पटना में भीषण गर्मी के बीच छात्रों को राहत, 8वीं तक के सभी स्कूलों की छुट्टी

**पटना।** जिले में भीषण गर्मी व लू को देखते हुए जिला प्रशासन ने 8वीं तक के सभी स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी है। कलेक्टर के आदेश में बताया गया है कि जिले में बढ़ते तापमान से छात्रों के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिसके चलते जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में कक्षा 8 तक छात्रों की छुट्टी रहेगी। यह आदेश 29 जून से 30 जून तक लागू रहेगा। पटना समेत पूरे बिहार में भारी गर्मी पड़ रही है। पटना का तापमान रविवार को 39.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, 40.8 डिग्री सेल्सियस के साथ कैमूर प्रदेश में सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग के अनुसार 30 जून के बाद मौसम में बदलाव की संभावना है। इसके कारण पटना समेत प्रदेश के अलग-अलग भागों में वर्षा में तेजी आने के आसार है। मौसम में बदलाव आने के कारण मौसम विज्ञानी भी हैरान है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी मौसम पूर्वानुमान गलत साबित हो रहा है।

## '24 घंटे में सैकड़ों बार बिजली कटौती - क्या यही है डबल इंजन विकास?'

**● BJSP की चेतावनीः सरोजनी नगर की जनता को अंधेरे में रखना बंद करो**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ-** राजधानी लखनऊ में 'बिल पूरा लो, बिजली पूरी दो - यही इंसाफ है' - BJSP भारतीय जन समाज पार्टी ने लखनऊ के सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के पारा, हंसखेड़ा, रामदास खेड़ा सहित पूरे इलाके में भीषण गर्मी के बीच हो रही अघोषित बिजली कटौती पर गहरा रोष व्यक्त किया है। स्थानीय निवासियों ने BJSP कार्यकर्ताओं को बताया कि पिछले कई दिनों से 24 घंटे में सैकड़ों बार बिजली आती-जाती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने कहाः 'पारा-हंसखेड़ा-रामदास खेड़ा के बच्चे, बुजुर्ग और घरेलू महिलाएं नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। शरीर पसीने से तर है, बिना पानी के नहाना पड़ रहा है, रात में नींद नहीं आती। भीषण गर्मी में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। विधायक-मंत्री मंच से बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और विकास के नाम पर झूठे शिलान्यास के पत्थर लगवाते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि गरीब-किसान-मजदूर अंधेरे और गर्मी में तड़प रहा है। जनता का सीधा सवाल है - जब हम समय पर पूरा बिजली बिल देते हैं, तो बिजली विभाग हमें पूरी बिजली क्यों नहीं देता? ये कैसा इंसाफ है कि नेताओं और पूंजीपतियों के बंगलों-फैक्ट्रियों में 24 घंटे,ष्ट चलता है, और गरीब के घर का पंखा भी नहीं चलता? समस्याओं का कोई समाधान नहीं है, सिर्फ हवाहवाई वादे हैं। 'डबल इंजन' की सरकार में गरीब का इंजन तो बिना बिजली के बंद पड़ा है।

**BJSP की 4 सूत्रीय तत्काल मांगः**

1. 24 घंटे निर्बाध बिजली गारंटीः सरोजनी नगर क्षेत्र को 'जीरो कटौती जोन' घोषित कर तत्काल रोस्टर मुक्त किया जाए। हर कटौती की जिम्मेदारी संबंधित JE/SDO पर तय हो।
2. 'बिल के बदले बिजली' नीतिः जिस दिन 2 घंटे से ज्यादा कटौती हो, उस दिन का बिजली बिल माफ किया जाए। जनता बिल दे तो सरकार बिजली दे।
3. आपात जल-चिकित्सा व्यवस्थाः गर्मी को देखते हुए हर मोहल्ले में पानी के टैंकर और मोबाइल मेडिकल वैन तैनात की जाए ताकि डिहाइड्रेशन व लू से बचाव हो।
4. श्वेत पत्र जारी होः पिछले 5 साल में सरोजनी नगर में बिजली सुधार के नाम पर खर्च हुए बजट और लगाए गए ट्रांसफार्मर-तार का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए।

BJSP चेतावनी देती है कि यदि 48 घंटे में बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो पार्टी क्षेत्र की माताओं-बहनों और बच्चों के साथ बिजली विभाग कार्यालय पर 'लालटेन-हाथपंखा आंदोलन' करेगी। 'क्योंकि रघुकुल रीत सदा चली आई - प्रजा दुखी तो राजा का सिंहासन डोल जाता है।' लखनऊ जिलाध्यक्ष, [illegible] राष्ट्र प्रथम। जनता प्रथम। बिजली प्रथम। बिजली दो, वरना गद्दी छोड़ दो।

## संक्षिप्त खबरें

### भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर भाई को किया घायल

**कोंच (जालौन)**- सगे भाई द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर देने और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथी निवासी राजेश पुत्र शोभालाल ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार को 3 बजे उसके सगे भाई सतीश ने उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से उसे घायल कर दिया, साथ ही गाली गलौच कर उसे जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में पुलिस ने घायल राजेश का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए आरोपी सतीश के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्राचीन रामकुंड का 16 लाख रुपए से सौंदर्यीकरण हेतु पालिकाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन



**कोंच (जालौन)**- नगर में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक रामकुंड तालाब का जीर्णोद्धार होने जा रहा है। इसके सौंदर्यीकरण के लिए रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमिपूजन किया है। नगर पालिका 16 लाख की लागत से इस प्राचीन तालाब की तस्वीर बदलने जा रही है। नगर के एक छोर पर स्थापित नगर के प्राचीन तालाबों में शामिल रामकुंड तालाब वर्षो से जीर्णशीर्ण हालत में पहुंच गया था जबकि नगर में होने वाली श्रीमद्भागवत कथा पुराण के आयोजित होने वाली कलश यात्राओं का शुभारंभ रामकुंड से ही होता है, इसके अलावा भी कई धर्मिक कार्यक्रम इसी तालाब के जल से अभिसिंचित के उपरांत ही आयोजित होते हैं। नगर के लोगों की मांग पर नगर पालिका इस प्राचीन रामकुंड तालाब का 16 लाख रुपए की लागत से जीर्णोद्धार कराने जा रही है। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में रामकुंड तालाब की हालत जर्जर हो गई है, नगर के लोगों की मांग पर इस तालाब का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 16 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य के तहत तालाब के तीनों ओर बाउंड्रीबाल, लोहे की ग्रिल तथा सीढ़ियों पर टाइल्स लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान अथवा बाद में भी जरूरत के हिसाब से कुछ और निर्माणकार्य भी कराया जाना संभव है।

### ओबरा में 29 जून को शाम 6 बजे होगा क्रिकेट प्रतियोगिता का महामुकाबला

**अंडर 14 और अंडर 18 वर्ग के फाइनल मैचों को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह**



**ओबरा/सोनभद्र** - ओबरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद अब फाइनल की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है।अंडर 14 वर्ग का फाइनल ओबरा नाइट राइडर्स और इंडियन लायंस के बीच खेला जाएगा, जबकि अंडर 18 वर्ग का फाइनल 11 हंटर और थंडर टाइटन के बीच होगा। दोनों फाइनल मुकाबले 29 जून 2026 को शाम 6:00 बजे आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को क्रांतिकारी विचारधाराओं को जन जन तक पहुंचाने तथा भारत के अमर वीर सपूतों के आदर्शों को अपनाने का संकल्प भी दिलाया जाएगा। साथ ही यह मांग दोहराई जाएगी कि क्रांतिकारियों की जीवनियां और उनकी प्रेरणादायक पुस्तकें देश के प्रत्येक पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल की जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी राष्ट्रभक्ति और उत्कृष्ट चरित्र के साथ आगे बढ़ सके। इस प्रतियोगिता के आयोजक श्री विकास कुमार गौड़, समिति अध्यक्ष श्री आदर्श पटेल एवं आयोजन समिति के सभी सदस्य प्रतियोगिता को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# मेधावी प्रतिभाओं सहित बेटे के बाद बेटी को जन्म देने वाले युवा दंपत्तियों को किया गया सम्मानित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)**- बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति जालौन द्वारा छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं तकनीकी शिक्षा में मेधावी प्रतिभाओं सहित एक बेटे के बाद भी बेटी को जन्म देने वाले युवा दंपत्तियों को अतिथियों द्वारा मंच से प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल यूपी/सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर अद्वैत सिंह, वेदांत टीहर, यजत सिंह, शास्वत पटेल, आर्यन पटेल, दक्षराज सिंह, सक्षम सिंह, दृष्टि पटेल, रुद्रांश पटेल, ओम पटेल, आयुष पटेल, नैतिक पटेल, रामजी, नैतिक नयन, माही पटेल, रिया पटेल, कार्तिक पटेल, स्वरित पटेल, वैशाली, शिवी पटेल को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा में यक्षराज, श्रेयांश, सौम्या, उत्सव, परिधि, चहल, आकृति, ऋतुराज, काव्यांश, महक को सम्मानित किया गया। स्नातक और परास्नातक परीक्षा में श्वेता सिंह, वैशाली पटेल, यशवेंद्र प्रताप को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया।

तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में विजेता निरंजन, उत्सव पटेल, प्रतीक पटेल, संस्कार पटेल को सम्मानित किया गया। उच्च सेवा में चयन होने पर अमरेंद्र प्रताप सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, पारुल पटेल, देवांश पटेल को सम्मानित किया गया।

ड्रोन उड़ाने में महारथ हासिल करने वाले मेधावी प्रतिभाओं में शामिल पार्थ निरंजन एवं आयुष निरंजन को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।इसके अलावा एक बेटे के बाद भी बेटी को जन्म देने वाले युवा दंपतियों में रूपाली-राजकिशोर पड़री, आकांक्षा-शैलेन्द्र निरंजन नरी, शिवा देवी-अभिषेक निरंजन बोहरा, शिवांगी-अनिल पटेल अकोढी, रजनी-जयनारायण पटेल अकोढी, पूनम-अवधेश निरंजन सिमिरिया, दीपिका-नीतेश पटेल अंडा, सोनम-रविकांत निरंजन भेंड, शिल्पी-राजीव पटेल इमलौरी, पूजा-कबीर निरंजन भिटारा, सोनम-आदर्श पटेल रवा, वर्षा-सूर्यकुमार पटेल बजीदा, दीपिका-राघवेंद्र सिंह दिरावटी और रूबी-शोभित पटेल महतवानी को सम्मानित किया गया।

### लालानगर टोल प्लाजा पर चला विशेष चेकिंग अभियान, यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**भदोही।** जनपद में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए यातायात पुलिस ने रविवार को लालानगर टोल प्लाजा पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाए गए अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गई। इसके अलावा मानक के अनुरूप नंबर प्लेट न लगाने, नंबर प्लेट अस्पष्ट होने, बुलेट एवं अन्य मोटरसाइकिलों में संशोधित साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने तथा प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना तथा ध्वनि प्रदूषण को कम करना है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# नाबालिग किशोरी संग सामूहिक दुष्कर्म मामले में एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)**- नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने और फिर कोंच कस्बा सहित मध्यप्रदेश के दबोह कस्बे में उक्त किशोरी को बंद कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों नरेंद्र यादव निवासी कस्बा नदीगांव एवं सुनील निवासी ग्राम धर्मपुरा थाना पंडोखर जिला भिंड के विरुद्ध किशोरी के पिता की तहरीर पर थाना नदीगांव पुलिस ने संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस पीड़ित किशोरी के बयान दर्ज करने की कार्यवाही और फरार दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है।

गौरतलब हो कि, नदीगांव थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने शनिवार को सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया था कि बीती 14 जून को उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को कस्बे का ही युवक नरेंद्र पंडोखर मध्यप्रदेश क्षेत्र निवासी अपने साथी सुनील के साथ मिलकर बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया था। मामले को लेकर उसने थाना नदीगांव पुलिस को शिकायती पत्र दिया था लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। पीड़ित व्यक्ति ने सीओ को बताया था कि किसी प्रकार से उसकी बेटी उक्त दोनों युवकों के चंगुल से छूटकर मध्यप्रदेश के थाना दबोह पहुंच गई थी जिसकी सूचना दबोह थाने से उसे मिली थी। दबोह थाने में बेटी ने उसे बताया था कि उक्त दोनों व्यक्तियों सहित दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने उसे दबोह स्थित एक कमरे में बंद कर उसके साथ सामूहिक रूप से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया, साथ ही बेटी ने बताया था कि इससे पहले भी 21 मई को उक्त दोनों युवक उसे अपने साथ कोंच कस्बा लेकर गए थे जहां आधार कार्ड में उसकी उम्र बढ़वाने के लिए उससे हस्ताक्षर करवा कर कोंच में भी एक स्थान पर उक्त दोनों ने जबरन दुष्कर्म किया था। साथ ही दोनों ने उसे धमकी भी दी थी कि इस बाबत किसी को कुछ भी बताया तो जान से मार देंगे जिससे डर के मारे वह कोंच कस्बे में अपने साथ घटित दुष्कर्म की घटना पर चुप रही थी। पीड़ित व्यक्ति ने सीओ को बताया था कि उक्त व्यक्ति अब उसके मोबाइल पर कॉल कर उसे धमका रहे हैं। वहीं सीओ द्वारा पीड़ित व्यक्ति को कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिए जाने के उपरांत थाना नदीगांव पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय में नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाकर किया सघन पल्स पोलियो महाअभियान का शुभारंभ

● 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को हर हाल में पिलाएं पोलियो की दो बूंदें : जिलाधिकारी

1092 पोलियो बूथों पर आज चलेगा विशेष अभियान, कोई भी बच्चा न छूटे



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**- सघन पल्स पोलियो महाअभियान दिनांक 28 जून, 2026 से प्रारम्भ हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने आज प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी के आंगनबाड़ी केंद्र में नवजात शिशु को पोलियो की दो बूंदें पिलाकर सघन पल्स पोलियो महाअभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर दी गई पोलियो की दो बूंदें बच्चों को आजीवन सुरक्षा प्रदान करती हैं। उन्होंने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील की कि 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, चाहे उसे पहले कितनी भी बार पोलियो की दवा दी जा चुकी हो। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशा बहनों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग करने की अपील की।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रमेश कुमार मिश्रा ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य जनपद के प्रत्येक 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुँचाना है। इसके लिए जनपद में पोलियो बूथ, ट्रांजिट बूथ एवं घर-घर भ्रमण की व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं तथा यदि किसी कारणवश बूथ तक न पहुँच सकें तो घर आने वाली स्वास्थ्य टीम से बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलवाएं। जनपद में कुल 3,07,095 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 1092 पोलियो बूथ, 36 ट्रांजिट टीमें एवं 7 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। बूथ दिवस पर प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रमेश कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत कुमार सिंह गिरधारी लाल, सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनपरा मंडल भाजपा के सभी बूथों पर सुना गया प्रधानमंत्री के मन की बात' का 135 वां संस्करण



**अनपरा/ सोनभद्र**- भारतीय जनता पार्टी अनपरा मंडल के सभी बूथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 135वां संस्करण सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए विभिन्न समसामयिक एवं प्रेरणादायी विषयों पर अपने विचार साझा किए। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को गंभीरता से सुना और प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही कार्यक्रम की उपस्थिति एवं गतिविधियों को सरल ऐप पर अपलोड कर संगठनात्मक प्रक्रिया भी पूरी की गई। भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि 'मन की बात' कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने का माध्यम बन चुका है। कार्यक्रम के समापन पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## कुर्मी कल्याण समिति ने मनाई कोल्हापुर के राजा छत्रपति शाहूजी महाराज की 152 वीं जयंती

● समाज की प्रगति शिक्षा और एक दूसरे का सहयोग किए जाने पर ही है संभव- मूलचंद्र





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)**- कोल्हापुर रियासत के राजा और मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज छत्रपति शाहूजी महाराज की 152वीं जन्म जयंती के अवसर पर बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति जालौन द्वारा आयोजित किए गए समारोह में मेधावी प्रतिभाओं सहित सांस्कृतिक प्रतिनिधियों एवं युवा दंपत्तियों को पुरस्कृत/सम्मानित किया गया। गल्ला मंडी परिसर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज में रविवार को आयोजित किए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के जिलाध्यक्ष अशोक पटेल सदूपुरा ने की जबकि समिति के संस्थापक केंद्रीय अध्यक्ष शिवशंकर पटेल मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथियों में माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, सामाजिक किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश निरंजन भैयाजी, भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम सिंह लंबरदार, भाजपा की प्रदेशीय नेत्री समाजसेविका भावना सिंह आदि मंचस्थ रहे। अतिथियों ने शाहूजी सहित अन्य महापुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की, तदोपरांत कार्यक्रम संयोजक त्रिभुवन सिंह और सह संयोजक अभिषेक पटेल सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण, बैज अलंकरण और पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। मनोहर पटेल किशुनपुरा ने मां वीणादायिनी स्तुति एवं बालिका परिधि और शिवी पटेल ने ध्वज गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच समिति के केंद्रीय अध्यक्ष शिवशंकर पटेल ने कहा कि शाहूजी महाराज को सामाजिक न्याय का जनक और पिछड़े शोषित समाज के उद्धारक के रूप में जाना जाता है।

हम सभी को उनके बताए गए रास्तों पर चलकर दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, त्रियोदशी भोज, नशा, फिजूलखर्ची जैसी सामाजिक कुरीतियों को छोड़कर शिक्षा के क्षेत्र और समाजसेवा में आगे आना होगा तभी शाहूजी महाराज के सपनों को साकार किया जा सकेगा। विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने संबोधन में कहा कि समाज की प्रगति शिक्षा और एक दूसरे का सहयोग किए जाने पर ही संभव है, बुंदेलखंड कुर्मी कल्याण समिति समाज को जागृत करने का जो कार्य कर रही है वह प्रशंसनीय और सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन मनोहर पटेल ने किया। कार्यक्रम में समिति के जिला महामंत्री शैलेन्द्र निरंजन भदवां, महिला शाखा की जिलाध्यक्ष विटोली देवी, महामंत्री कुसुम निरंजन, सर्वोदय इंटर कॉलेज उरई के प्रबंधक भगवान सिंह संटे, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आनंद पटेल बोहरा, सभासद अरविंद निरंजन बसोव, प्रो वीरेंद्र सिंह, शिवराम निरंजन कैंथी, शारदा प्रसाद, शिवप्रसाद निरंजन, रामप्रकाश पड़री, लाखन सिंह चांदनी, नीमा अध्यक्ष डॉ आलोक निरंजन, संतकुमार, बब्बूराजा नरी, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक नदीगांव अध्यक्ष अभिषेक निरंजन, उपवन सिंह, प्रदीप धनौरा, हिमांशु निरंजन बिरगुवां, लक्ष्मी नारायण, महेंद्र भाटिया, नरेश निरंजन, प्रदीप दिरावटी, गौरी चबोर, विकास पटेल धनौरा, धर्मजीत सिंह, लालजी पटेल चांदनी, रामबाबू नरी, प्रेमचंद्र, सुधीर कुमार, अतुल कुमार, संदीप निरंजन सैरा, शिक्षक गौरव निरंजन, संजय निरंजन, पदम सिंह, संगीता पटेल किशुनपुरा, अरुणा निरंजन, सुप्रिया पटेल सहित सैंकड़ों की संख्या में कुर्मी समाज के लोग मौजूद रहे।

# पुलिस की बड़ी कार्यवाही, शादी का झांसा सहित दुष्कर्म, गर्भपात कराने एवं एससी/एसटी एक्ट के प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा/सोनभद्र**- पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक ओबरा सदानन्द राय के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। ओबरा पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गर्भपात कराने एवं एससी/एसटी एक्ट से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।वादिनी द्वारा थाना ओबरा पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान अभियुक्त सुनील कुमार मौर्या से हुई। अभियुक्त ने विवाह का झांसा देकर कई वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए। गर्भधारण होने पर अभियुक्त उसे नोएडा ले गया, जहां विवाह का आश्वासन देकर गर्भपात कराने हेतु दबाव बनाया तथा उसकी जानकारी के बिना गर्भपात संबंधी दवा देकर दिनांक 27.05.2026 को एक निजी अस्पताल में गर्भपात कराया। बाद में विवाह की बात करने पर अभियुक्त एवं उसके परिजनों द्वारा मारपीट, अभद्रता एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0-132/2026, धारा 69, 89, 115(2), 352 बीएनएस तथा धारा 3(2)(1), 3(1)(द), 3(1)(ध) एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

थाना ओबरा पुलिस द्वारा अभियुक्त की तलाश हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर दिनांक 28.06.2026 को समय करीब 06:10 बजे शारदा मंदिर, ओबरा के पास से अभियुक्त सुनील कुमार मौर्या, पुत्र राजेश




मौर्या, उम्र - लगभग 24 वर्ष **निवासी:** ग्राम परही (मधुपुर), थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय भेजा गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, थाना ओबरा, आरक्षी प्रवीण कुमार राय, रिक्रूट आरक्षी सुल्तान शामिल रहे। सोनभद्र पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सतत जारी है।

## अनपरा तापीय परियोजना में चला वृहद स्वच्छता अभियान

» अधिकारियों, कर्मचारियों ने हाथी पार्क में किया श्रमदान
स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण ही सच्ची उन्नति का आधार- सीजीएम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा/ सोनभद्र**- अनपरा तापीय परियोजना प्रबंधन द्वारा भारत सरकार के स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत कॉलोनी परिसर में प्रत्येक रविवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को कॉलोनी स्थित हाथी पार्क में सुबह सात बजे से परियोजना प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक इ. अजय कुमार कटियार के नेतृत्व में वृहद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।अभियान में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक इं. अजय कुमार कटियार ने स्वयं श्रमदान कर कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्लांट एवं कॉलोनी परिसर को स्वच्छ,सुंदर एवं रोगमुक्त बनाना तथा नागरिकों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना है।उन्होंने ने अधिक से अधिक लोगों से अभियान में सहभागिता करने की अपील की है। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता इं इं ज्ञानेंद्र सिंह, इं रामज्ञान सिंह, इं वेदप्रकाश विश्वकर्मा, सहायक अभियंता इं अजय सिंह, इं पंकज पांडेय, इं त्रियुगी नारायण, संगठनों के पदाधिकारियों में वीके आनंद, अभिषेक सिंह, मुकेश जायसवाल, राजकुमार सिंह, सीलियम मसीह, जितेंद्र जायसवाल, राजकुमार, प्रभाकर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उसका बाजार में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत



**सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह का रविवार को उसका कस्बा में प्रथम आगमन पर भाजपाइयों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया है। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा की रमेश सिंह के नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं संगठन के प्रति समर्पण से कार्यकर्ताओं को निरंतर नई ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त होती है। प्रदेश उपाधक्ष के आगमन से सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह का संचार हुआ है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश आर्या, पवन पाण्डेय, राकेश आर्या, महेंद्र सिंह, छोटू , रजत जायसवाल, सूरज मोदनवाल , विनोद वर्मा, सिद्धार्थ सिंह आदि रहे।

## सीएसआर रेनुसागर द्वारा विशेष नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

● शिविर में चिकित्सकों ने 153 लाभार्थियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**- हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी. सिंह के मार्गदर्शन एवं हेड एचआर आशीष पांडेय के दिशा निर्देशन में ग्रामीण विकास विभाग, रेनुसागर द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (ष्टस्क्र) के अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल कन्या विद्यालय में विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर निःशुल्क पंजीकरण कराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर में रेनुसागर चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इसमें फिजीशियन डॉ. मनोज कुमार, एवं दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सिंह द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों से संबंधित समस्याओं के आधार पर मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान किया।

शिविर में कुल 153 लाभार्थियों से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं दंत चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सिंह दंत परीक्षण कर उन्हें टूथपेस्ट एवं ब्रश वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित मरीजों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए विशेष चिकित्सा शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर द्वारा सीएसआर के तहत दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु समय-समय पर ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।इस अवसर पर सभासद अनपरा नगर पंचायत अंगद सिंह,अजित सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी राजनाथ यादव,रमेश गुप्ता, आशा तिवारी एवं रेखा का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

### आजमगढ़ में ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर में एक की मौत, 5 लोग घायल



**आजमगढ़।** अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल-पवई रोड स्थित यूनियन बैंक के सामने रविवार की सुबह ट्रक और स्कॉर्पियों में आमने-सामने भिडंत हो गई। हादसे में स्कार्पियो सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद मची चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल के लिए थाना ले गई। माहुल के वार्ड नंबर आठ निवासी बज्मी तीन भाईयों में सबसे छोटा था। माहुल रोड पर हार्डवेयर की दुकान चलाते थे। शनिवार की शाम को बज्मी अपने चचेरे भाई खुमैनी, महताब, हसन रजा, लकी और मो. अब्बास के साथ मोहर्रम की सब्बेदारी में शामिल होने के लिए सभी पवई थाना क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर गांव गए थे।

# बभनी पुलिस की साइबर टीम द्वारा साइबर ठगी के रुपये कराए वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बभनी/ सोनभद्र**- पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना बभनी के नेतृत्व में थाना बभनी की साइबर टीम द्वारा साइबर ठगी के शिकार एक पीड़ित की धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई। आवेदिका प्रतिमा पत्नी शिवनाथ, निवासी ग्राम बेहराडोल, धरती, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र के बैंक खाते से बिना ओटीपी के 7,000/- की अवैध कटौती हो गई थी। घटना के उपरांत आवेदिका द्वारा तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होने पर थाना बभनी की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक एवं भुगतान माध्यम से समन्वय स्थापित किया गया तथा आवश्यक पत्राचार एवं तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण कराई गई।थाना बभनी की साइबर टीम द्वारा एमआरएम (MRM) पोर्टल के माध्यम से प्रभावी पैरवी करते हुए आवेदिका के खाते में 7,000/- (सात हजार रुपये) की संपूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर आवेदिका द्वारा पुलिस+ अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी दुद्धी तथा थाना बभनी पुलिस एवं साइबर टीम के अधिकारियों/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दिन्नू प्रसाद यादव, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र, उ0नि0 मक्खन लाल, हे0 का0 मो0 सलीम, का0 आ0 धनश्याम पाल, का0 रघुवीर कुमार यादव शामिल रहे। यदि आप साइबर अपराध का शिकार होते हैं, तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें अथवा [www.cybercrime.gov.in](httpÑ//www.cybercrime.gov.in) पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के होटल में पुलिस की गुंडागर्दी, महिलाओं से मारपीट के आरोप में एसआई पर गिरी गाज

**दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में स्थित एक होटल में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें थप्पड़ मारे गए। इस घटना की वीडियो प्रसारित होने के बाद सब इंस्पेक्टर हिमांशु को लाइन हाजिर कर दिया गया है और उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि आदर्श नगर इलाके में स्थित होटल क्लाउड इन होटल, पंचवटी से पुलिस कार्रवाई का एक वीडियो प्रसारित हुआ। यह घटना तीन दिन पुरानी है और वीडियो में एक सब इंस्पेक्टर पुलिस कार्रवाई के दौरान दो महिलाओं को थप्पड़ मारता हुआ दिखाई दे रहा है। देर रात होटल में दो पक्षों के बीच हुए विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। आरोप है कि कार्रवाई के दौरान आरोपित पुलिसकर्मी ने एक महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी में दो महिलाओं को थप्पड़ मारे। वहीं, मामले में दूसरा पक्ष भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगा रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दूसरे पक्ष की एक महिला भी झड़प में घायल हुई है। फिलहाल आदर्श नगर थाना पुलिस पूरे मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि फुटेज और दोनों पक्षों के आरोपों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना में मौके पर मौजूद महिला पुलिस के भी बयान लिए गए हैं हालांकि उनके खिलाफ अभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस फुटेज के आधार पर डीसीपी आकांक्षा यादव ने एसआई को लाइन हाजिर कर मामले की जांच जिले की सतर्कता शाखा को सौंप दी है। उनका कहना है कि बृहस्पतिवार देर रात करीब डेढ़ बजे महिलाओं के दो समूहों में झगड़े की सूचना मिली थी। इस जानकारी के बाद आदर्श नगर थाने से एसआई हिमांशु पुलिसकर्मियों के साथ होटल में पहुंचे। इनमें एक महिला के पैर से खून निकल रहा था। जांच में मालूम हुआ कि यह महिला तीन साथियों के साथ इस होटल में ठहरी थी। इसी होटल में बुराड़ी निवासी एक और महिला भी रुकी थी। बताया जाता है कि दोनों समूहों में रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। घायल महिला का बीजेआरएम अस्पताल में मेडिकल कराया गया।अब पुलिस इस मामले से जुड़े सभी पक्षों को जांच में शामिल करने के लिए नोटिस दिया है।

# पुणे मंगेतर मर्डर केस: सिया-चेतन ने अपने 3 साल के प्लान के लिए ले ली केतन अग्रवाल की जान!

● सिया-चेतन की खौफनाक प्रेम कहानी ने लोगों के रौंगटे खड़े कर दिए हैं. दोनों पर मिलकर केतन अग्रवाल की हत्या का आरोप है. केतन अग्रवाल की सिया से मंगनी हो चुकी थी. दोनों की शादी होने वाली थी, मगर इससे पहले ही उसकी मौत हो गई. अब दावा है कि 3 साल के प्लान के लिए चेतन और सिया ने केतन की हत्या कर दी.



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड में खुलासों ने पूरे भारत को हैरान कर रखा है. मंगेतर की हत्या अपने प्रेमी के साथ मिलकर करने वाली सिया के कारनामे सभी को चौंका रहे हैं. सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में यह बात सामने आई है कि सिया गोयल के प्रेमी चेतन चौधरी ने उससे शादी करने के लिए कम से कम तीन साल का समय मांगा था. फिलहाल सिया की उम्र 20 साल और चेतन की उम्र 22 साल है।

**क्या था 3 साल वाला प्लान**

साजिश के तहत, अगर केतन की हत्या हो जाती, तो परिवार में मातम के चलते अगले कुछ साल तक सिया की शादी की शायद बात नहीं उठती. इन तीन सालों में चेतन अपने करियर में सेटल होना चाहता था. वहीं, सिया को भी अगले तीन साल तक अपनी मर्जी से आजाद जिंदगी जीने का मौका मिल जाता. इसके बाद दोनों शादी करने वाले थे. इसी मंसूबे के चलते दोनों ने केतन को रास्ते से हटाने का फैसला किया. आरोपियों की गूगल सर्च हिस्ट्री से पता चला है कि उन्होंने हत्या किन-किन तरीकों से की जा सकती है, इससे जुड़े कई वीडियो देखे थे. जांच में यह भी साफ हुआ है कि सिया गोयल और चेतन चौधरी ने इसी साल फरवरी महीने से ही केतन की हत्या की साजिश रचना शुरू कर दिया था।

**सिया की मां ने बेटी पर क्या कहा**

सिया की मां पूजा गोयल ने घटना पर हैरानी जताते हुए कहा, 'जब मैंने इस घटना के बारे में सुना, तो हैरान रह गई. मैं सोचती रही कि ऐसा कैसे हो सकता है. केतन का परिवार आज जो दुख झेल रहा है, वह बहुत बड़ा है, लेकिन मुझे और भी ज़्यादा दुख हो रहा है क्योंकि दो परिवार बर्बाद हो गए हैं.'' उन्होंने कहा कि केतन बहुत अच्छा इंसान था. अगर इस मामले में कोई भी दोषी पाया जाता है, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, भले ही वह मेरी बेटी ही क्यों न हो.' उन्होंने कहा, 'अगर मेरी बेटी दोषी पाई जाती है, तो उसे भी उसी जगह से नीचे फेंक दिया जाना चाहिए, जहां से केतन गिरा था। '

**सिया के पापा ने बेटी पर क्या कहा**

वहीं, सिया के पापा प्रवीण गोयल ने केतन की मौत पर दुख जताया और कहा कि केतन के परिवार के लिए यह नुकसान बहुत बड़ा है. प्रवीण गोयल ने कहा, 'जो हुआ वह बहुत दुखद घटना है. मुझे अभी भी यकीन नहीं हो रहा है. उन्होंने अपना बेटा खो दिया है. मैं उससे बहुत प्यार करता था. मैं उससे इतना जुड़ा हुआ था कि मानो उसको अपना बेटा ही मानने लगा था. इतना प्यारा, होनहार और अच्छा लड़का आज हमने उसे खो दिया. एक पिता के तौर पर मैं कहूंगा, उन्होंने अपना बेटा खो दिया, इससे बड़ा दुख और कोई नहीं हो सकता. कुछ दिन पहले ही उन्होंने सिया का जन्मदिन मनाया था और आगे एक बेहतर जिंदगी के सपने देखे थे। '

## सुनील शेट्टी ने बताई 15 महीने की नातिन इवाराह की सुबह की आदत, कहा- 'वह पीएम मोदी की तस्वीर को लड्डू खिलाती है'

● सुनील शेट्टी ने नातिन के बारे में कहा, वह मोदी जी मोदी जी कहती है और पीएम मोदी को लड्डू खिलाती है।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली:** वेलकम टू द जंगल एक्टर सुनील शेट्टी अक्सर अपनी नातिन इवाराह के बारे में बात करते हैं और उसकी आदतों का जिक्र इंटरव्यू में करते रहते हैं. हाल ही में उन्होंने टाइम्स नाओ के साथ बातचीत में खुलासा किया कि इवाराह की सुबह की दिनचर्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को लड्डू चढ़ाना शामिल है. उन्होंने याद करते हुए कहा कि पीएम मोदी से इवाराह को एयरपोर्ट पर उनकी नैनी ने मिलवाया और तब से वह उनकी तरफ आकर्षित हुई. उन्होंने कहा, मैं हमेशा से उनका (पीएम मोदी) का फैन रहा हूं. मैं पार्टी के बारे में बात नहीं कर रहा. मैं एक लीडर के बारे में बता रहा हूं. अगर कोई लीडर मुझे खुश करता है तो करता है।

**पीएम मोदी को खिलाती है इवाराह लड्डू**

आगे उन्होंने कहा, मैं अपने देश से जितना प्यार करता हूं, उतना ही अपने मैन से भी करता हूं. उनमें कुछ तो खास बात है. मेरी नातिन 15 महीने की है. एक बार एयरपोर्ट पर उसकी नैनी ने उसे मोदी जी के बारे में बताया था. अब, वह हर सुबह साईं बाबा की किताब खोलती है, जिसमें मोदी जी की भी तस्वीर है. वह फोटो खोलकर कहती है मोदी जी. वो गणपति जी की मूर्ति से लड्डू लेके आती है और उनको खिलाती है. मैंने उसे ऐसा करने के लिए नहीं कहा. ना ही उसके पेरेंट्स ने. यह उनके बारे में है. बहुत मैजिकल है। इवाराह के बारे में एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और क्रिकेटर केएल राहुल ने 24 मार्च 2025 में पहले बच्चे का स्वागत किया. वहीं बेटी का नाम केएल राहुल के बर्थडे पर इवाराह का खुलासा किया. इसका मतलब भगवान का तोहफा. हालांकि जन्म के बाद से ही लाइमलाइट से दूर रही हैं. वहीं खास मौकों पर उन्होंने बेटी की झलक तो दिखाई. लेकिन चेहरा नहीं. हालांकि सुनील शेट्टी ने बताया कि इवाराह अथिया 2.0 है।

## चिराग राजू थापर ने 'खत्री अरोड़ा वेलफेयर बोर्ड', लुधियाना के चेयरमैन का संभाला पदभार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** कुछ रोज़ पहले पंजाब सरकार ने चिराग राजू थापर को खत्री अरोड़ा वेलफेयर बोर्ड, लुधियाना का चेयरमैन बनाया था और आज उनके सम्मान में एक प्रोग्राम रखा गया जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रधान जतिंदर खंगूडा, लोकसभा लुधियाना इंचार्ज शरण पाल मक्कड़, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, पंजाब इंफोटेक के वाइस चेयरमैन प्रदीप खालसा, ब्राह्मण बोर्ड के चेयरमैन पंकज शारदा, पार्षद मनी राम भगत जी पहुंचे। जतिंदर खंगूडॉ ने कहा कि चिराग थापर लंबे समय से आम आदमी पार्टी की सेवा कर रहे हैं। उन्हें पहले भी अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं और उसमें उनकी मेहनत को देखते हुए पार्टी ने उन्हें चेयरमैन के पद से सम्मानित किया है और हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में वह पार्टी को और मजबूत करेंगे।लोकसभा इंचार्ज शरणपाल मक्कड़ ने कहा कि चिराग थापर युवाओं के साथ मिलकर काम करेंगे और खत्री अरोड़ा समाज की भलाई के लिए भी बेहतर काम करेंगे।

चिराग थापर ने इस ज़िम्मेदारी के लिए आम आदमी पार्टी की पूरी लीडरशिप को धन्यवाद दिया और कहा कि वह इस ज़िम्मेदारी को पूरी लगन से निभाएंगे और पार्टी के लिए पूरी लगन से काम करेंगे। इस मौके पर पूर्व पार्षद बलजिंदर संधू, सुनील थापर, अमरजीत सिंह गोल्डी, राजेश महान, अनिल थापर, प्रभात शुक्ला, दीपक थापर, बंटी सहगल, अमित ग्रोवर, रॉबिन गोगना, विकास गोयल, गगनदीप ओबेरॉय, अशोक बिट्टू, हरदीप विक्की, राहुल शर्मा आदि मौजूद थे।

## 45 दिनों का काम चार वर्षों से अधूरा: 1.34 करोड़ की डीप सीवर परियोजना बनी मधु विहार के हजारों लोगों के लिए खतरा

● 30 फीट गहरा खुला गड्ढा, घंटों का जाम और स्कूली बच्चों सहित हजारों लोगों की जान पर बना जोखिम; रणबीर सिंह सोलंकी ने उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली-** द्वारका सेक्टर-3 स्थित मधु विहार में दिल्ली जल बोर्ड की डीप सीवर परियोजना लगभग चार वर्षों से अधूरी पड़ी होने के कारण स्थानीय निवासियों में गहरी चिंता और रोष व्याप्त है। परियोजना के तहत खोदा गया लगभग 30 फीट गहरा गड्ढा आज भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं किया गया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार इससे प्रतिदिन राहगीरों, स्कूली बच्चों महिलाओं वरिष्ठ नागरिकों तथा वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना हुआ है।जानकारी के अनुसार, मधु विहार में वर्षों से चली आ रही सीवर निकासी समस्या के स्थायी समाधान के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने डीप सीवर सिस्टम निर्माण का टेंडर स्वीकृत किया था। 27 अप्रैल 2022 को लगभग 1.34 करोड़ की लागत से कार्यादेश जारी किया गया। अनुबंध के अनुसार यह कार्य 45 दिनों में पूरा किया जाना था लेकिन निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के लगभग चार वर्ष बाद भी परियोजना अधूरी पड़ी है। परियोजना के तहत मधु विहार सी-ब्लॉक स्थित महाराणा प्रताप द्वार के निकट सर्विस रोड पर लगभग 30 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया।यह सर्विस रोड केवल एक सामान्य सड़क नहीं बल्कि मधु विहार के हजारों निवासियों की जीवनरेखा है। यही मार्ग मधु विहार को द्वारका सेक्टर-2 तथा आसपास के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों स्वास्थ्य सेवाओं, सामुदायिक सुविधाओं एवं मुख्य यातायात नेटवर्क से जोड़ता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र द्वारका सेक्टर-2 स्थित सरकारी विद्यालय एमसीडी प्राथमिक विद्यालय क्षेत्र में संचालित महिला सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र सामुदायिक भवन तथा भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज़ तक इसी मार्ग से पहुँचते हैं। इसके अतिरिक्त महिलाएँ, वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य स्थानीय निवासी आरोग्य मंदिर डिस्पेंसरी पार्क तथा द्वारका गुरुग्राम पालम एवं आईजीआई पालम एयरपोर्ट सहित विभिन्न स्थानों तक आने-जाने के लिए भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले चार वर्षों के दौरान इस खुले गड्ढे के कारण कई दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हुए हैं। 31 अक्टूबर 2023 को एक इको कार भी इस गड्ढे में गिर गई थी, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हुआ था वर्तमान में मार्ग के एक हिस्से को बंद कर दिया गया है। सड़क निर्माण अधूरा होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिन घंटों लंबा जाम लगा रहता है। दूसरी ओर की सर्विस लेन भी लगभग अनुपयोगी हो चुकी है, जिसके चलते अनेक दोपहिया वाहन चालकों को मजबूरी में गलत दिशा से वाहन चलाना पड़ता है। इससे दुर्घटना की आशंका और अधिक बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति प्रतिदिन हजारों लोगों के लिए परेशानी और जोखिम का कारण बनी हुई है फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन एवं समाजसेवी रणबीर सिंह सोलंकी ने कहा कि पिछले लगभग चार वर्षों से वे और क्षेत्रवासी लगातार दिल्ली जल बोर्ड तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतें एवं अनुरोध भेजते रहे हैं, लेकिन आज तक परियोजना पूरी नहीं हो सकी सोलंकी ने कहा यह केवल अधूरी निर्माण परियोजना का मामला नहीं है, बल्कि हजारों नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा और जीवन से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। यह सर्विस रोड मधु विहार की जीवनरेखा है जहाँ से प्रतिदिन स्कूली बच्चे महिलाएँ, वरिष्ठ नागरिक नौकरीपेशा लोग और हजारों नागरिक आवागमन करते हैं। जिस परियोजना को मात्र 45 दिनों में पूरा होना था वह लगभग चार वर्ष बाद भी अधूरी है। नई सरकार को कार्यभार संभाले भी एक वर्ष से अधिक समय हो चुका है। जनता को उम्मीद थी कि वर्षों से लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। कुछ माह पूर्व जनकपुरी की दुखद घटना के बाद सुरक्षा के नाम पर केवल बैरिकेडिंग कर औपचारिकता पूरी कर दी गई



जबकि स्थायी समाधान आज तक नहीं किया गया। यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हमारा उद्देश्य किसी पर आरोप लगाना नहीं बल्कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराना है ताकि किसी भी परिवार को टाली जा सकने वाली दुर्घटना का सामना न करना पड़े।सोलंकी ने माननीय उपराज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री, दिल्ली से मांग की है कि– डीप सीवर परियोजना को युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए।लगभग 30 फीट गहरे खुले गड्ढे को तत्काल सुरक्षित कर आमजन के लिए मार्ग पूरी तरह बहाल किया जाए। परियोजना में हुई लगभग चार वर्षों की देरी की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों, संबंधित एजेंसी तथा ठेकेदार की जवाबदेही तय की जाए। स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थायी एवं प्रभावी वैकल्पिक यातायात व्यवस्था तत्काल लागू की जाए।उन्होंने कहा कि समय रहते आवश्यक कदम उठाकर किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सकता है। जनहित से जुड़े इस विषय में प्रशासन से शीघ्र संवेदनशील और ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी दिल्ली के फुटपाथों पर अतिक्रमण जारी, जोखिम में राहगीरों की जान




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 19 जून को फुटपाथ पर चलने के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित किया था। कोर्ट ने अपने आदेश में यह स्पष्ट किया था कि यह अधिकार मोटर वाहनों के विशेषाधिकार से ऊपर है। इसके बाद यह उम्मीद जगी थी कि संबंधित एजेंसियां अब इसके क्रियान्वयन में लग जाएंगी, लेकिन चार दिन बाद भी दिल्ली में कहीं भी फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए कोई बड़ा अभियान नहीं शुरू किया गया है। अब भी विभिन्न इलाकों में फुटपाथ पर अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग हो रही है, रेहड़ियां लगी हैं और दुकानदार अब भी अपनी दुकान का सामान फुटपाथ पर लगा रहे हैं। फुटपाथ पर अतिक्रमण का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। उनको सड़क पर जाना पड़ता है, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ जाती है। दिल्ली में हर साल 600 से अधिक राहगीरों की सड़क हादसों में मौत हो जाती है। वर्ष 2022 में फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से सड़क पर चलने वाले 629 राहगीरों की सड़क हादसों में मौत हो गई थी। इसी तरह 2023 में 622, 2024 में 624 और 2025 में 649 राहगीरों की सड़क हादसों में मौत हो गई। इसके बावजूद एनडीएमसी, एमसीडी, पुलिस-प्रशासन अब तक कोई सख्ती नहीं दिखाई जा रही है। निगमबोध घाट के सामने रिंग रोड के एक तरफ फुटपाथ पर दुकानदारों ने न केवल अपनी दुकानों का सामान फैला रखा है, बल्कि तिरपाल टांग कर रहने के लिए आशियाने भी बना लिए हैं। फुटपाथ पूरी तरह ब्लाक होने के कारण राहगीरों को मजबूरी में तेज रफ्तार गाड़ियों के बीच मुख्य मार्ग या सर्विस लेन पर चलना पड़ रहा है। यही चिंताजनक स्थिति पुरानी दिल्ली और उसके आसपास के प्रमुख ऐतिहासिक बाजारों में भी है। चांदनी चौक स्थित टाउन हाल के समीप गांधी पार्क की दीवार के पास साइकिल और फुटपाथ पर मोटरसाइकिल खड़ी की जाती हैं। इससे राहगीरों को आवाजाही करने के लिए जगह नहीं बजती। इसी तरह श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग के फुटपाथ को अब पूरी तरह से रिक्शा स्टैंड बना दिया गया है।

## चित्तरंजन पार्क थाना पुलिस ने वाहन चोरी के दो मामलों का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस के चित्तरंजन पार्क थाना पुलिस ने वाहन चोरी के दो मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जो गोविंदपुरी थाना क्षेत्र से चोरी हुई थीं।पुलिस के अनुसार, 26 जून 2026 को हेड कांस्टेबल सज्जन और हेड कांस्टेबल सिरमोहर नियमित गश्त के दौरान अलकनंदा स्थित मंदाकिनी एन्क्लेव, गेट नंबर-6 के सामने पेट्रोल पंप के पास वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर उसकी जांच की गई।मोटरसाइकिल के चेसिस नंबर का सत्यापन करने पर पता चला कि यह वाहन गोविंदपुरी थाना के ई-एमवीटी नंबर 002103/2026 में चोरी दर्ज था।पूछताछ के दौरान मोटरसाइकिल चला रहे सुमित कुमार सिंह ने बताया कि उसने यह बाइक सूरज सरकार से प्राप्त की थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सूरज सरकार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई, जो गोविंदपुरी थाना के ई-एफआईआर नंबर 032103/2023 में चोरी की दर्ज थी।पुलिस ने दोनों चोरी की मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई को हेड कांस्टेबल सज्जन और हेड कांस्टेबल सिरमोहर की टीम ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनीश शर्मा के नेतृत्व तथा एसीपी सी.आर. पार्क के समग्र पर्यवेक्षण में अंजाम दिया।गिरफ्तार




आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय सूरज सरकार, निवासी टी.के.डी. गांव, नई दिल्ली तथा 18 वर्षीय सुमित कुमार सिंह, निवासी तुगलकाबाद, नई दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।

### नाबालिग से कराई जा रही थी हेरोइन की सप्लाई, 20 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया

**दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे नशे पर लगाम, देश को सलाम अभियान के तहत एक नाबालिग को 20 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा है। पुलिस ने नशीले पदार्थ की सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही टीवीएस एन-टार्क स्कूटी भी जब्त की है। उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल लगातार नशा तस्करों पर नजर रख रही थी। जांच के दौरान पता चला कि पुलिस की सख्ती के चलते हेरोइन सप्लायर संदेह से बचने के लिए नाबालिगों का इस्तेमाल कर रहे हैं और मोबाइल फोन के माध्यम से हेरोइन की सप्लाई करा रहे हैं। सूचना के आधार पर शुक्रवार की रात विकासपुरी-उत्तम नगर नाला रोड स्थित फल मंडी के पास घेराबंदी की गई। वहां स्कूटी से हेरोइन की खेप पहुंचाने आए एक नाबालिग को पुलिस ने पकड़ लिया। उसकी तलाशी में 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध में उत्तम नगर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में नाबालिग ने पुलिस को बताया है कि वह रणहौला क्षेत्र में रहने वाले एक कथित ड्रग तस्कर के निर्देश पर हेरोइन की सप्लाई करता था। उसे किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के समक्ष पेश किया गया।

## बराक घाटी में हाईकोर्ट की स्थायी पीठ की मांग तेज, हाइलाकांडी में जिला समिति का गठन

● विधायक डॉ. मिलन दास ने स्थायी हाईकोर्ट बेंच की मांग का किया समर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** असम के बराक घाटी में गौहाटी हाईकोर्ट की स्थायी पीठ स्थापित करने की मांग को लेकर 28 जून रविवार को हाइलाकांडी के मैत्री भवन में एक महत्वपूर्ण नागरिक सभा आयोजित की गई। सभा में अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न वर्गों के 100 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हाइलाकांडी के विधायक डॉ. मिलन दास ने बराक घाटी में स्थायी हाईकोर्ट बेंच की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से लंबित और न्यायोचित मांग है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मांग को पूरा कराने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। साथ ही आंदोलन से जुड़े संगठनों द्वारा जनजागरूकता और जनसमर्थन जुटाने की पहल की सराहना भी की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में बराक घाटी के लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए गुवाहाटी तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय, धन और संसाधनों की भारी हानि होती है। उनका




कहना था कि स्थायी हाईकोर्ट पीठ की स्थापना से क्षेत्र के लोगों को न्याय तक आसान और समान पहुंच सुनिश्चित होगी। बैठक में सर्वसम्मति से हाईकोर्ट बेंच डिमांड इम्प्लीमेंटेशन कमेटी, हाइलाकांडी जिला का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष के रूप में मानव चक्रवर्ती को चुना गया, जबकि विभिन्न पदों पर अधिवक्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। निर्णय लिया गया कि समिति के तीन प्रतिनिधि 16 जुलाई को गौहाटी हाईकोर्ट में प्रस्तावित कार्यक्रम में भाग लेंगे। सभा के अंत में स्थायी हाईकोर्ट पीठ की मांग के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें करीब 300 नागरिकों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन जताया। वक्ताओं ने कहा कि यह किसी क्षेत्रीय या राजनीतिक हित का मुद्दा नहीं, बल्कि संविधान के तहत सभी नागरिकों को न्याय तक समान और सुलभ पहुंच दिलाने की मांग है। उन्होंने सरकार से इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

## घाघरा ओर डीमोउ नदी की बाढ़ में 20 से अधिक गांव प्रभावित





● जलमग्न कृषिभूमि , पशुधनों को लेकर चिंतित किसान सरकार से मदद की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**असम धेमाजी।** धेमाजी जिले की असम ओर अरुणाचल प्रदेश के सीमांत इलाके में हो रही तेज बारिश के वेज से अरुणाचल से धेमाजी जिला होकर बहती कई नदी उफान पर है। मुख्यरूप में सीमेन, डिमो, गगरा ओर गाई नदी सुबह भयंकर रूप में वेहे रही है। गगरा ओर डेमो नदी की बड़ती पानी में मुक्तियार , चिमनमुख और नामनी सिलासुती ग्राम पंचायत के अधीन 20 से अधिक गांव को प्रभावित किया। इनमेस दोनों नदियों ने अधिक नामनी सीलासुंती गाँव पंचायत के उत्तर सीलाबाली गाँव, पूर्व सीलाबाली गाँव, गौरांगपुर, भैयाम बेलगुड़ी, महारानी पुर और मुक्तियार गाँव पंचायत के भैरबपुर, काकबारी, सोनालीपुर, करेंगबस्ती, आशीघर-दसघर गांव को ज्यादा प्रभावित किया। सीमेननमुख, मुक्तियार और नामनी सीलासुती ग्राम पंचायतों के निवासियों के मुख सड़क जलमग्न होने की वजे से यातायात की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखित पंचायत के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं सरकार से मदद की मांग की है।

### उफनती चिमेन नदी के बाढ़ ने उठा दिया रेलवे का पुल

पमुरकोंग सेलेक रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले सभी सभी रेल रद्द





**असम धेमाजी।** असम और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से धेमाजी जिले में भयंकर बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। शाम को करीब तीन बजे से चिमन नदी में पानी ओर ज्यादा बढ़ने लगी उफनती पानी ने नदी के उपर बनी रेलवे पुल के पश्चिम तट के एक खंभे से हटा दिया। पुल रेल लाइन के पट्री के वेज के लटके हुए हैं। इसी दौरान रंगिया, डेकार गांव से सिलापथार होकर मुरकोंग सेलेक रेलवे स्टेशन तक जाने ओर आने वाले सभी रेलों के आवागम रद्द कर दी गई है।

## ड्रग्स तस्कर को बहन की शादी के लिए नहीं मिली अंतरिम जमानत

● दिल्ली हाई कोर्ट ने एक ड्रग्स तस्कर को बहन की शादी में शामिल होने के लिए 20 दिन की अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने आरोपों की गंभीरता, आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड और एनडीपीएस अधिनियम के सख्त प्रावधानों का हवाला दिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** बिहार में अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए मानवीय आधार पर 20 दिन की अंतरिम जमानत की आरोपित की मांग को दिल्ली हाई कोर्ट ने ठुकरा दिया। ड्रग्स की तस्करी और 40 किलो से ज्यादा मात्रा में गांजा रखने के आरोपित की याचिका को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति तेजस करिया की अवकाश पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता पर लगे आरोप की गंभीर हैं और उसके पूर्व के आपराधिक रिकॉर्ड व भारी मात्रा में बरामद किए गए ड्रग्स को देखते हुए उसे अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आधार नहीं बनता है। अदालत ने रिकॉर्ड पर लिया कि पुलिस ने अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया और तर्क दिया कि याचिकाकर्ता को वर्ष 2024 में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत हुई प्राथमिकी में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अदालत को बताया कि आरोपित एक आदतन अपराधी है और उसे 40 किलो से ज्यादा गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरोपित के अन्य भाई भी हैं जो बहन की शादी में धार्मिक रस्में निभा सकते हैं। अदालत ने कहा कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत जमानत के नियम बहुत सख्त हैं और अंतरिम जमानत देने की शक्ति का इस्तेमाल अदालत विशेष स्थिति में ही



कर सकती है। अदालत ने कहा कि एनडीपीएस अधिनियम की धारा-37 के तहत पाबंदियां अनिवार्य हैं और ये जमानत देने से जुड़े सामान्य नियमों से ऊपर हैं। ऐसे में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामलों में अंतरिम या नियमित जमानत केवल बहुत विशेष और असाधारण हालात में ही दी जा सकती है। अदालत ने माना कि याचिकाकर्ता इस मामले में कोई असाधारण या ठोस वजह नहीं दिखा पाया और वह इस स्तर पर अंतरिम जमानत पर रिहा होने का हकदार नहीं है।